वर्ष 72 अंक 241 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 30 मई, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

ऐसे सपने देखो जैसे तुम्हें हमेशा जीना है। ऐसे जियो जैसे आज ही आखिरी दिन है।
- जेम्स डीन







# ट्रंप को झटकाः टैरिफ पर कोर्ट की रोक

## अदालत बोली- विदेशी व्यापार से जुड़ा फैसला लेने का अधिकार संसद को है, राष्ट्रपति को नहीं

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। मैनहट्टन स्थित संघीय अदालत ने ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा-राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया और ऐसा कदम उठाया जो अमेरिकी संविधान के खिलाफ है।

ट्रंप ने व्यापार घाटा कम करने के नाम पर दो अप्रैल को जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसे लिबरेशन डे टैरिफ कहा गया था। इस फैसले को अमेरिका के व्यापारियों ने कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने कहा कि विदेशों के साथ व्यापार संबंधी कोई भी फैसला लेने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस यानी संसद के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। कोर्ट ने साफ किया कि यह मामला राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों के अंतर्गत नहीं आता। ट्रंप ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए टैरिफ लगाया है, जो गलत है। जजों ने अपने आदेश में लिखा, केवल असाधारण आपात स्थिति में ही राष्ट्रपति को सीमित अधिकार मिलते हैं, लेकिन इस समय कोई आपातकाल नहीं है।



### ट्रंप प्रशासन की दलील खारिज

ट्रंप प्रशासन ने दलील दी कि 1971 में तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भी आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल कर टैरिफ लगाया था और तब कोर्ट ने उसे मंजूरी दी थी। राष्ट्रपति द्वारा किस स्थिति में आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया जा सकता है, किस स्थिति में नहीं, यह तय करना अदालत का काम नहीं है। यह काम संसद का है। लेकिन अदालत ने इस तर्क को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निक्सन ने टैरिफ लगाने का फैसला करने के बाद उस पर कांग्रेस की इजाजत ले ली थी, इसीलिए अदालत ने भी मामले में दखल नहीं दिया था। ट्रंप प्रशासन का व्यवहार तो तानाशाह जैसा है। उसने कांग्रेस से मंजूरी क्यों नहीं ली?

### अपील में राहत नहीं मिली तो वापस करना होगा पैसा

फेडरल कोर्ट के फैसले के बाद अब व्हाइट हाउस के पास सभी टैरिफ रोकने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए केवल 10 दिन का समय है। हालांकि, टैरिफ 90 दिन के लिए सस्पेंड किया जा चुका है लेकिन शुरुआत में कुछ देशों से टैरिफ वसूल भी लिया गया था। व्हाइट हाउस के पूर्व अधिकारी जॉन लियोनॉर्ड ने कहा, अब यह मामला एक अपील प्रक्रिया से होकर गुजरेगा। अगर व्हाइट हाउस अपील में हारता है तो अमेरिका को वसूला गया टैरिफ वापस करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह भी हो सकता है कि ऊपरी अदालतें ट्रंप के पक्ष में अधिक सहानुभूति रखती हैं। अतः फैसला भी उनकी पक्ष में आए। गौरतलब है कि यह फैसला दो मामलों पर दिया गया है। एक मामला व्यापारियों के समूह द्वारा दायर किया गया था। दूसरा मामला 12 डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल्स द्वारा दायर किया गया था। इनका कहना था कि ट्रंप ने जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें दुनियाभर में एक साथ टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता और न ही ट्रंप को व्यापार घाटे को आपातकाल बताने का अधिकार है। अदालत ने दोनों मामलों को मिलाकर सुनवाई की और टैरिफ खत्म कर दिया।

### ऊंची अदालत में चुनौती देंगे ट्रंप

ट्रंप प्रशासन इस फैसले को अमेरिकी कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट में चुनौती दे सकता है और वहां अगर अपील खारिज हो जाए तो सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि वह कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड के फैसले को चुनौती देगा।

### मस्क ने छोड़ा ट्रंप का साथ डीओजीई से दिया इस्तीफा

एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन छोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5.30 बजे सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। मस्क ने कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लॉई के तौर पर मेरा समय पूरा हुआ। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। ट्रंप ने मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का जिम्मा दिया था। जिसका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था। जानकारी के मुताबिक ट्रंप ने डीओजीई प्रमुख के तौर पर मस्क की नियुक्ति 30 मई 2025 तक के लिए ही की थी। यानी जब मस्क ने इस्तीफा दिया, उसके एक दिन बाद ही उनका कार्यकाल खत्म हो रहा था। मस्क के इस्तीफे की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, लेकिन वे उस बिल का विरोध कर रहे थे जिसे ट्रंप ने बिग ब्यूटीफुल बताया था।



### 16 राज्यों ने किया केस

डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित अमेरिका के 16 राज्यों ने ट्रंप पर वैज्ञानिक शोधों को हतोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मुकदमा दायर कर दिया है। दरअसल, ट्रंप ने नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) को अनावश्यक शोधों को रोकने और शोध खर्चों में कटौती करने का जिम्मा दिया है। यह संस्था अब तक एक हजार से ज्यादा शोध बंद करा चुकी है। डेमोक्रेटिक राज्यों के अटॉर्नी जनरल द्वारा संघीय अदालत में दायर किए गए मुकदमे में एनएसएफ के शोध रोकने के प्रयास को अवैध बताया गया है और इसकी नीतियों पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## सात साल की बेटी के रेपिस्ट को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि शराब पीने के बाद इंसान जानवर बन जाता है। अदालत ने एक हृदय रोग विशेषज्ञ की उस याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया, जिसमें उसने अपनी सात वर्षीय बेटी के साथ किए यौन उत्पीड़न के लिए मिली सजा को निलंबित करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि डॉक्टर को निचली अदालत ने दोषी ठहराया है और वह उसे कोई राहत देने के पक्ष में नहीं है।



पीठ ने कहा, उसने उस बच्ची के साथ किस तरह की हरकतें की हैं। वह किसी राहत का हकदार नहीं हैं। वह एक विकृत व्यक्ति है। कोई अपनी बेटी के साथ ऐसा नहीं कर सकता। बच्ची ने पिता के खिलाफ गवाही दी है। वह एक छोटी बच्ची है, जिसने जिरह झेली है। बता दें कि डॉक्टर की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि बेटी की गवाही को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया था। वकील ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 12 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और दोषी के खिलाफ अपील पर निकट भविष्य में सुनवाई नहीं होगी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हम कुछ नहीं कर सकते।

### ऑफ बीट

## कंपनी ने कुत्ते को बनाया चीफ हैप्पीनेस ऑफिसर

*हैदराबाद की हार्वेस्टिंग रोबोटिक्स नाम की कंपनी ने डेनवर नाम के गोल्डन रिट्रीवर कुत्ते को चीफ हैप्पीनेस ऑफिसर (सीएचओ) बनाया है। यह जानकारी कंपनी के सह-संस्थापक राहुल अरेपाका ने लिंक्डइन पर पोस्ट कर दी। उन्होंने लिखा कि डेनवर कोडिंग नहीं करता, लेकिन सबका दिल जीत लेता है और ऑफिस का माहौल खुशनुमा बना देता है। उन्होंने साथ ही बताया कि अब उनका ऑफिस ऐसा हो गया है जहां पालतू जानवरों को भी साथ लाने की इजाजत है। डेनवर की नौकरी को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने कई मजेदार टिप्पणियां कीं।*

### IPL 2025 आईपीएल में आज

**एलिमिनेटर**
**गुजरात बनाम मुंबई**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## 9 साल बाद बेंगलुरु आईपीएल फाइनल में



**मुल्लांपुर, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को आईपीएल 2025 के पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया। आरसीबी नौ साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 101 रन बनाए। इसके जवाब में आरसीबी ने 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। पंजाब के पास अब भी फाइनल में पहुंचने का मौका है, पंजाब दूसरा क्वालिफायर भी खेलेगी, जहां उसका सामना मुंबई और गुजरात के बीच एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम से होगा।

**भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन कल**

## सिंदूरी साड़ी पहनी महिलाएं करेंगी पीएम का स्वागत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की राजधानी धीरे-धीरे सिंदूरी होने लगी है। जम्बूरी मैदान से लेकर शहर भर में लगाए जा रहे पोस्टर, होर्डिंग में सिंदूरी रंग दिखाई दे रहा है। महिला महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत भी सिंदूरी साड़ी पहनी महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

दरअसल, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के जरिए संदेश देना चाहती है। 31 मई को 18वीं सदी में मालवा साम्राज्य की शासक लोक माता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री भाग लेंगे। इसमें सिंदूरी रंग की साड़ियों में 15000 महिलाएं पीएम मोदी का स्वागत करेंगी। कहा जा रहा है कि यह एक संकेत है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को दिए गए मुंह तोड़ जवाब में भारत की सीधी सैन्य प्रतिक्रिया के तौर पर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान के लिए दिया जाएगा। इस मामले में सरकार की स्वतंत्र प्रभार की राज्यमंत्री कृष्णा गौर का कहना है कि सिंदूरी साड़ियां प्रधानमंत्री और हमारे सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि हैं, जिन्होंने पहलगाम की घटना के बाद आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। पार्टी की ओर से महिलाओं को साड़ियां मुहैया कराई जाएंगी।

### महिला अधिकारी संभालेंगी सुरक्षा व्यवस्था

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के लिए बनाए गए हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर यातायात प्रबंधन सहित सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से महिला अधिकारी संभालेंगी। आईपीएस सोनाली मिश्रा सुरक्षा अभियान का नेतृत्व करेंगी। महिला पुलिसकर्मी हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ रहेंगी और यातायात, मंच और भीड़ का प्रबंधन करेंगी। पहली बार 47 महिला अधिकारी वीआईपी सुरक्षा का नेतृत्व करेंगी।

### स्व-सहायता समूह की महिलाएं रहेंगी मौजूद

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का कहना है कि महासम्मेलन के दौरान भोजन और पानी की व्यवस्था भी स्व-सहायता समूह की 600 से अधिक महिलाएं संभालेंगी। पीएम के स्वागत और सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं नारी शक्ति द्वारा की जाएंगी।

### वापसी में दी जाएंगी साड़ियां

ऐसा कहा जा रहा कि महासम्मेलन में शामिल होने वाली आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सिंदूरी रंग की साड़ियां भेंट की जाएंगी। इसके लिए भाजपा द्वारा 20 हजार साड़ियां मंगाई गई हैं। इनके अलावा दूसरी महिला कार्यकर्ताओं को भी अलग से साड़ियां दी जाएंगी। आयोजन स्थल पर देवी अहिल्याबाई होल्कर, कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की भी तस्वीरें नजर आएंगी।

### बसों व वाहनों पर भी सिंदूरी पोस्टर

इसी तरह जिन बसों व वाहनों से महिलाएं महासम्मेलन में भाग लेने भोपाल आएंगी, उनमें भी सिंदूरी रंग के पोस्टर लगाए जाएंगे। इसी दिन प्रदेश के दूसरे अंचलों से भोपाल पहुंचने वाली रेलगाड़ियों में भी सिंदूरी पोस्टर लगाए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई है, जिससे न्यायपालिका की शक्ति बढ़ गई है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने घोषणा की कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर तीन उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां न्यायमूर्ति एनवी अंजारीया, विजय बिश्नोई, और एएस चंदुरकर की हुई हैं। कॉलेजियम ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारीया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई और बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त करने की सिफारिश की थी।

## एयर चीफ मार्शल ने दिखाया आईना, एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में देरी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ है।



यह पहली बार है जब किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी ने इतनी स्पष्टता से देश की रक्षा उत्पादन प्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। एयर चीफ मार्शल ने यह टिप्पणी सीआईआई (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) की वार्षिक समिट के दौरान की। उन्होंने कहा कि समयबद्धता अब डिफेंस प्रोजेक्ट्स का हिस्सा नहीं रही। अक्सर कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही साफ हो जाता है कि प्रोजेक्ट तय समय पर पूरा नहीं होगा, इसके बावजूद साइन कर दिया जाता है। यह पूरे सिस्टम के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा-डिफेंस प्रोजेक्ट्स की देरी सैन्य तैयारियों पर असर डालती है, जो सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने बताया, फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड से 48,000 करोड़ के तेजस एमके-1ए फाइटर जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से होनी थी। लेकिन आज तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है।

### आज की जरूरत आज ही पूरी हो

एयर चीफ मार्शल ने कहा कि हमें आज की जरूरत आज ही पूरी करनी होगी। भविष्य की तैयारियां जरूरी हैं, लेकिन अगर आज की जरूरतें अधूरी हैं तो भविष्य की योजना भी अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत को सिर्फ डिफेंस इक्विपमेंट की मैन्युफैक्चरिंग पर नहीं टिके रहना चाहिए, बल्कि डिजाइनिंग क्षमताओं को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए सेना और इंडस्ट्री के बीच विश्वास और पारदर्शिता की आवश्यकता है। एक बार जब कोई प्रोजेक्ट तय हो जाता है तो उसे हर हाल में तय समयसीमा में पूरा किया जाना चाहिए, ताकि हमारी सेनाएं समय रहते सशक्त हो सकें।

## लव जिहाद करने वालों की आंखें फोड़कर हाथ काट दिए जाने चाहिएः उषा ठाकुर

**जागरण, भोपाल।** भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि लव जिहाद में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन करने वाले अपराधियों की आंखें फोड़कर उनके हाथ काट दिए जाने चाहिए, ताकि उन्हें सबक मिले। उषा ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान दावा किया कि शरीयत में ऐसे अपराधियों के लिए इस तरह की सख्त सजा का प्रावधान है। हमारी मांग यही है कि लव जिहाद करने वालों को शरीयत के अनुसार सजा मिले।



बता दें कि लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल दक्षिणपंथी संगठन यह दावा करने के लिए करते हैं कि मुस्लिम पुरुष अन्य धर्मों की महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरित करने के लिए प्रेम के जाल में फंसाते हैं। इस शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले केरल में हुआ था।

इंदौर और भोपाल में लव जिहाद के कथित मामलों के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने दावा किया कि इन प्रकरणों में शामिल लोग बड़ी ही दुष्टता के साथ कहते हैं कि वे सवाब (पुण्य) का काम कर रहे हैं। इंदौर जिले के महू क्षेत्र की भाजपा विधायक ने कहा कि मानवता और नैतिकता के विरुद्ध आचरण करने वाले इन अपराधियों की सजा शरीयत कानून के मुताबिक तय होनी चाहिए। प्रदेश की पूर्व संस्कृति मंत्री ने कहा, अगर ये लोग इस प्रकार की हिमाकत करते हुए लव जिहाद निरोधक कानून का सरेआम उल्लंघन कर रहे हैं, तो शरीयत के मुताबिक उनकी आंखें फोड़कर उनके हाथ काट दिए जाने चाहिए। मुझे लगता है कि चोरों, चरित्रहीनों और लोगों का जीवन बिगाड़ने वाले अपराधियों के लिए शरीयत में ऐसी ही सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहाद के खिलाफ केंद्र और प्रदेश सरकार के कानून काफी सख्त हैं। ठाकुर ने कहा, अगर ऐसे दुष्ट लोग (पुलिस की) पकड़ में आते हैं, तो वे छूटने वाले नहीं हैं। उनका घर, संपत्ति सब कुछ राजसात होगा और वे सड़क पर भिखारी बनकर घूमेंगे, तभी वे इस प्रकार की नरपिशाची हरकतों से बाज आएंगे।

## 'हासन माफी मांगें वरना फिल्म नहीं होगी रिलीज'

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने कहा कि कमल हासन अगर 30 मई तक कन्नड़ भाषा पर दिए गए विवादास्पद बयान के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तो उनकी फिल्म ठग लाइफ की रिलीज को अनुमति नहीं दी जाएगी।

हासन ने फिल्म ठग लाइफ के प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा था कि कन्नड़ तमिल से पैदा हुई है, जिसके बाद कन्नड़ समर्थक समूहों और सांस्कृतिक संगठनों में रोष है। हासन ने स्पष्ट किया कि उन्होंने जो भी कहा, प्यार से कहा और प्रेम कभी माफी नहीं मांगता, लेकिन केएफसीसी इससे सहमत नहीं है। केएफसीसी के अध्यक्ष एम. नरसिम्हालु ने कहा कि कई कन्नड़ समूहों ने हासन की फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसलिए हमने बैठक की और तय किया कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

**तकनीक** | गूगल स्टडी का खुलासा, क्वांटम कंप्यूटर की नई खोज से खतरे में आधुनिक एन्क्रिप्शन प्रणाली

## महज 10 लाख क्यूबिट्स का क्वांटम कंप्यूटर एक सप्ताह में तोड़ देगा आधुनिक आरएसए एन्क्रिप्शन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गूगल के एक हालिया अध्ययन ने साइबर सुरक्षा जगत में खलबली मचा दी है। इस अध्ययन में दावा किया गया है कि महज 10 लाख क्यूबिट्स वाले क्वांटम कंप्यूटर के जरिये एक सप्ताह में आधुनिक आरएसए एन्क्रिप्शन को तोड़ा जा सकता है। आरएसए एन्क्रिप्शन अभी तक सुरक्षित माने जाने वाले डिजिटल संचार और क्रिप्टो करेंसी की रीढ़ है। 2019 में गूगल ने अनुमान लगाया था कि आरएसए एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए 2 करोड़ क्यूबिट्स की जरूरत होगी, लेकिन हालिया शोध में यह आंकड़ा घटाकर महज 10 लाख क्यूबिट्स यानी पहले से 20 गुना कम कर दिया गया है।

गूगल के शोधकर्ताओं ने बताया है कि मौजूदा एन्क्रिप्शन मानकों की सुरक्षा, खासकर 2048-बिट आरएसए एन्क्रिप्शन, अब उतनी मजबूत नहीं मानी जा सकती जितनी पहले सोची गई थी।



इससे डिजिटल गोपनीयता, वित्तीय लेन-देन और यहां तक कि सैन्य और सरकारी संचार तक प्रभावित हो सकते हैं इसलिए जरूरी है आरएसए एन्क्रिप्शन आरएसए यानी रिवेस्ट-शमीर-अडलेमन एन्क्रिप्शन एक असममित क्रिप्टोग्राफी प्रणाली है। यह डेटा की सुरक्षा के लिए गणितीय 'ट्रैपडोर फंक्शंस' का उपयोग करती है। यह प्रणाली एक दिशा में आसान लेकिन उलटी दिशा में बेहद कठिन गणना पर आधारित होती है। यही कारण है कि इसे तोड़ना पारंपरिक कंप्यूटरों के लिए लगभग असंभव है। लेकिन क्वांटम कंप्यूटर 'शोर एल्गोरिदम' से इस सुरक्षा को बेधने की क्षमता रखते हैं। फिलहाल उपलब्ध क्वांटम कंप्यूटर एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए जरूरी 10 लाख से बहुत कम है।

> यह हमारे 2019 के अनुमान की तुलना में 20 गुना कम है। इसका सीधा मतलब है कि क्वांटम कंप्यूटर, जिनकी ताकत अभी कल्पना का विषय थी, अब पहले से कहीं ज्यादा करीब लगने लगे हैं।
>
> **- क्रेग गिडनी और सोफी श्मीग,** गूगल के वरिष्ठ शोधकर्ता, ताजा ब्लॉग पोस्ट में

### ज्यादा वास्तविक खतरा

2012 में विशेषज्ञों का मानना था कि 2048-बिट आरएसए को तोड़ने के लिए एक अरब क्यूबिट्स की जरूरत पड़ेगी। बाद में 2019 में गूगल ने इसे घटाकर 2 करोड़ क्यूबिट्स बताया। अब 2025 में महज 10 लाख क्यूबिट्स की बात हो रही है, जिससे यह खतरा कहीं ज्यादा वास्तविक लगने लगा है। हालांकि अभी क्वांटम कंप्यूटर 1000 क्यूबिट्स के हैं।

### दो कारणों से बदला अनुमान

**बेहतर एल्गोरिद्म और एरर करेक्शन तकनीकः** क्वांटम कंप्यूटरों में उपयोग होने वाले फिजिकल क्यूबिट्स स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण होते हैं। लेकिन गूगल ने अब ऐसे एल्गोरिद्म विकसित किए हैं जो इन त्रुटियों को पहचानकर सही करने में सक्षम हैं। इसके चलते अब कम क्यूबिट्स में भी अपेक्षित गणनाएं संभव हो गई हैं।

**एल्गोरिद्मिक दक्षता में वृद्धिः** नए क्वांटम एल्गोरिद्म अब पहले की तुलना में कम संसाधनों में अधिक दक्षता से काम कर सकते हैं। यह तकनीकी प्रगति एन्क्रिप्शन प्रणाली के लिए खतरा बन चुकी है।

**आरबीआई का आकलन**

## भारत में आर्थिक तेजी रहेगी बरकरार, घटेगी महंगाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित टैरिफ या पाकिस्तान के साथ जारी तनाव जैसे वैश्विक और क्षेत्रीय कारक भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे। इसके विपरीत, भारत आने वाले साल में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है। रिजर्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य का विश्लेषण करते हुए बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में 3.0 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हालांकि, इसमें अनिश्चितता बनी हुई है और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता तथा भू-राजनीतिक तनाव इसका मुख्य कारण बताए जा रहे हैं।




**वैश्विक और क्षेत्रीय कारकों से प्रभावित नहीं होगी भारतीय अर्थव्यवस्था**

आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान उस समय आया है जब बीते वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत तक सीमित हो गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य के करीब रहेगी।

### नीतिगत सुधारों का असर

रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल 50 आधार अंकों की कटौती की है। अप्रैल 2025 की नीति में समिति ने रुख को उदार बनाया था, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय बैंक अब विकास को प्राथमिकता दे रहा है।

# भाजपा कार्यालय में हुई संगठनात्मक बैठक में एयरपोर्ट लोकार्पण को लेकर तैयारियों पर चर्चा

**जागरण, सतना**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सतना में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने की जबकि नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें आजीवन सहयोग निधि के अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। साथ ही देवी अहिल्या बाई होलकर की जन्म दिवस 31 मई को विशेष कार्यक्रम होंगे । इसके साथ ही आगामी 31 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो वर्चुअल माध्यम से प्रस्तावित एयरपोर्ट लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इस लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए और यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनें। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में तन.मन.धन से जुट जाएं। बैठक का सफल संचालन जिला महामंत्री रमाकांत गौतम ने आभार जिला उपाध्यक्ष किरण सेन ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता बाबूलाल सिंह मुरारी सोनी किरण सेन जिला मंत्री संजीव दुबेदी शुभम तिवारी कृष्ण दुबेदी जान्हवी त्रिपाठी रेनू सिंह अनिल सचदेव कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू, मोर्चा अध्यक्ष सीमा सिंह यादव कृष्णा पांडेय शहजाद खान मंडल अध्यक्ष एड अरविंद मिश्रा रजनीश लोधी आशीष कुशवाहा अजय दुबेदी ओम सिंह मनीष त्रिपाठी संजय अग्रवाल मंडल प्रभारी राम सहाय गौतम शिव भगत मिश्रा शांति स्वरूप अग्रवाल रामबेटा पांडेय उपस्थित रहे।



## प्रत्येक जिले में जल स्वावलंबी ग्राम योजना लागू होगी

**सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभाग के प्रत्येक जिले में जल स्वालंबी ग्राम योजना लागू करने के निर्देश दिये हैं। इस योजना के अंतर्गत जल स्वावलंबी बनाने के लिए गांव का चयन कर आगामी 3 वर्षो में गांव को जल स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये हैं। कमिश्नर के निर्देशानुसार मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर विकासखण्ड के ग्राम अजवाइन का चयन कर जल स्वावलंबी ग्राम बनाने के कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर को नोडल अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी को निर्देशानुसार कार्य योजना तैयार कर कार्य कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा संबंधित जिलो के कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को जारी निर्देशों में कहा गया है।

# वीर शिरोमणि महराणा प्रताप की मनाई गई जयंती



## शौर्य यात्रा का नगरवासियों ने किया स्वागत

**सतना।** रॉयल राजपूत संगठन के तत्वाधान में गुरुवार को वीर शिरोमणि महराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम हवाई पट्टी स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर आयोजकों द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया। पश्चात शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा मुख्यमार्ग सेमरिया चौक से होते हुए भरहुत नगर मोड़ से वापस हो कर टाउन हॉल में सम्पन्न हुई। शौर्य यात्रा में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंहए विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवारए गगनेन्द्र प्रताप सिंह व बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल रहे।

**सेमरिया चौक में आत्मीय स्वागत :** सेमरिया चौक में विक्रम सिंह विसेन की अगुवाई में सर्व समाज ने शौर्य यात्रा में पुष्पवर्षा कर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन किया। इस अवसर पर सभी ने शोभायात्रा में शामिल क्षत्रिय समाज के बंधुओ का पुष्पवर्षा शीतल जल एवं मिष्ठान से आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनीषा सिंहए रावेन्द्र सिंह जनपद अध्यक्ष, अनिल सैनी , लोकेश सिंह, सूरजभान सिंह, अनुपम सिंह, सुग्रीव सिंह, सुनील सिंह, गीतेश्वर सिंह, राजेश सिंहउत्तम सिंह, राहुल सिंह, सत्यम सिंह, मोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का नाम इतिहास में वीरता शौर्य त्याग पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सतना नगर निगम को पुरस्कृत करेगें मुख्यमंत्री

**सतना।** वार्षिक पर्यावरण पुरूस्कार वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय निकाय की श्रेणी में नगर पालिक निगम सतना द्वारा भाग लिया गया। राज्यस्तरीय पर्यावरण पुरस्कार की गाइडलाइन अनुसार तालाबों का पुनर्जीवीकरण सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन एवं वृक्षारोपण के घटक संबंधी जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रेषित की गई। जिसके क्रम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व मानिट के अधिकारियों द्वारा शहर का निरीक्षण किया गया। जिसके क्रम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नगर पालिक निगम सतना को पुरस्कृत किए जाने हेतु चयनित किया गया है एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2025 को प्रातः 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह भोपाल में नगर पालिक निगम सतना को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पूर्व विधायक स्व. प्रेम सिंह की पुण्य तिथि पर अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह द्वारा आज चित्रकूट के पूर्व विधायक स्व प्रेम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आज एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया यह कार्यक्रम प्रेम भैया को समर्पित था जिन्होंने चित्रकूट के विकास और जनसेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया था। श्रद्धांजलि सभा का आरंभ सुंदरकांड पाठ से हुआ जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रीय नेताओं ने स्व भैया प्रेम सिंह के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित लोगों में बड़े देव स्वामी के महाराज विपिन बिहारी राजेंद्र त्रिपाठी रंगबहादुर सिंह अशोक चतुर्वेदी पप्पू सिंह मुन्ना सिंह पप्पू भैया बिरसिंहपुर अनुज सिंह सुजावलवृंदावन वर्मा विनोद कुशवाहा जनपद सदस्य विनोद यादव जनपद सदस्य रामजी निगम सुखलाल यादव रामस्वरूप पाल दद्दू महाराज किरहा जितेंद्र मिश्रा अखिलेश पांडेय कंदर लखन गौतम केंद्र निर्भय सिंह खोही, संदीप सिंह, दीपू सिंह कंदर शिवम चौहान, तुलसीदास यादव, राजाबाबू सिंह महाराजनगर दिलीप आरख संदीप आरख भारत पाल झरी पप्पू यादव लालपुर मंत्री यादव देशपाल यादव सांडा, कामता यादव श्याम यादव गुड्डन सिंह नकैला, रणवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह करण सेन राजू सिंह धर्मेंद्र सिंह बैरहाए सुनील सिंह ब्रम्हिपुर तेजबली सिंह आशू सिंह कुलदीप सिंह गुलशेरा सिंह पड़री राजा सिंह शुभम द्विवेदी राजा सिंह अर्जुनपुर, चौहान संदीप सिंह सरपंच भैयामऊ योगेंद्र पटेल चूआ श्री धर पटेल अनिल पटेल राजुल यादव प्रभु दयाल बरौंधा बेबे सिंह विश्वनाथ चौरसिया धुनू पांडेय मुन्ना यादव लवकुश यादव रावेंद्र चौरसिया नत्थू गर्ग मुन्ना गर्ग शिव मोहन सिंह महतैंन रामदीन विश्वकर्मा लल्लू विश्वकर्मा अजय सिंह मझगावा बल्लू साहू कल्लू पांडेय राजू शिवहरे शरमन यादव जितेंद्र द्विवेदी पिंडरा और शारदा यादव पिंडरा प्रमुख रूप से शामिल थे।



# धार्मिक नगरी में मुख्यमंत्री द्वारा की गई शराब बंदी पर रहेगा फोकस

## महेन्द्र सिंह चौहान ने मैहर सीएसपी का पदभार सम्हाला



**जागरण, सतना।** मैहर के नवागत सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बुधवार को मैहर पहुचकर सीएसपी का पदभार सम्हाल लिया है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री सिंह सतना में बतौर सीएसपी पदस्थ थे। उनका तबादला मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा मैहर के लिए किया गया है। जागरण से चर्चा करते हुये सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मैहर क्षेत्र धार्मिक नगरी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा नगरी क्षेत्र में शराब बंदी के निर्देश है। नगरी क्षेत्र में शराब को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने पर पूरा फोकस रहेगा।

### दूर दराज से आने वाले दर्शनार्थियों को मिले सुगमता से दर्शन

चर्चा के दौरान सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मैहर में विराजी मॉ शारदा के दर्शन करने देश के कोने-कोने से लोग पहुचे है। उन्हे सुगमता पूर्वक माता रानी के दर्शन हो सके ऐसे इंतजाम किये जायेगें। अपराधो पर अंकुश लगाने एवं रोड एक्सीडेंट की घटनाओ में कमी लाने के लिए पूरी ताकत से प्रयास किये जायेगें।

# रुकमणी विवाह का श्रीमद् भागवत कथा में हुआ वाचन

**जागरण, अमदरा।** श्री राधा कृष्ण मंदिर अमदरा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन24 मई शनिवार से प्रारंभ हुआ है जो 31 मई 2025 तक चलेगा कथावाचक पंडित बृजकिशोर तिवारी प्रधान पुजारी राधा कृष्ण मंदिर अमदरा के हैं। गुरुवार 29 मई को रुक्मणी विवाह एवं श्री कृष्ण के अन्य विवाहों की कथा सुनाई गई इस अवसर पर धूमधाम के साथ गाजे बाजे के साथ शंकर मंदिर से राधा कृष्ण मंदिर तक बारात निकली जगह जगह पूजा अर्चना की गई पैर पूजन का कार्यक्रम भी किया गया इस अवसर पर काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे शुक्रवार 30 मई को उद्धव प्रसंग परीक्षित मोक्ष श्री सुदामा चरित्र एवं हवन का कार्यक्रम होगा तथा शनिवार 31 मई 2025 को पूर्ण आहुति एवं भंडारा का कार्यक्रम दोपहर 12 से प्रारंभ होगा रविवार एक जून 2025 को दधिकांदो एवं जल बिहार का कार्यक्रम होगा समस्त ग्राम वासियों एवं आसपास की जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री राधा कृष्ण मंदिर अमदरा पहुंचकर भक्ति रस का आनंद लीजिए।



# एकेएस बीटेक माइनिंग के दो स्टूडेंट्स का अदानी सीमेंट लिमिटेड में कैंपस चयन





**जागरण, सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी के बीटेक माइनिंग के दो स्टूडेंट्स का अदानी सीमेंट लिमिटेड में कैंपस सिलेक्शन अच्छे पैकेज पर हुआ है। इन्हें मेटल माइन में ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर नियुक्ति पत्र मिलते ही उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी की नौकरी की ज़िम्मेदारियाँ सौंपते हुए रत्नेश शुक्ला, अर्पित कुमार खरे को अदानी के एचआर मैनेजर ने बताया कि आपको नई इंजीनियरिंग परियोजनाओं और विचारों पर शोध करना और उन्हें विकसित करना होगा। इंजीनियरिंग परियोजनाओं पर परीक्षण और प्रयोग करना भी शामिल है। इंजीनियरिंग उपकरणों पर रखरखाव कार्य करना बैठकों में भाग लेना और इंजीनियरिंग परियोजनाओं पर नोट्स लेना होगा यह समस्त गतिविधियां ट्रेनिंग के दौरान सिखाई जाएंगी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इन्हें करियर में उन्नति के अनेक अवसर मिलेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने स्टूडेंट्स के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शोभायात्रा का हिंदू पर्व समन्वय समिति ने किया भव्य स्वागत

**जागरण, सतना।** रॉयल राजपूत संगठन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी महापौर योगेश ताम्रकार रामावतार चमड़िया कमलजीत सिंह सेठी लखनलाल केशरवानी हेमचंद जैसवाल हरिओम गुप्ता राकेश रैकवार विभास बैनर्जी दीपक वाधवानी सहित अनेक लोगों ने भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि महाराणा का नाम इतिहास में वीरता शौर्य त्याग पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।उनके लिए स्वाभिमान और स्वतंत्रता सर्वोपरि थी। महाराणा प्रताप का यह निर्णय केवल एक राजनैतिक कदम नहीं था बल्कि यह उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और मातृभूमि के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक था। स्वाभिमानी, देशभक्त,वीरयोद्धा, हौसले के धनीए घास की रोटी खाकर जिन्दा रहने तथा दोबारा मेवाड़ राज्य का आधिपत्य स्थापित करने वाले महाराणा प्रताप राष्ट्र नायक के रूप में इतिहास और दुनिया में अमर हो गये। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल क्षत्रिय समाज के बंधुओ का पुष्पवर्षा शीतल जल एवं मिष्ठान से आत्मीय स्वागत किया।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ




**जागरण, सतना।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून तक किया जा रहा है। मैहर जिले में गुरूवार को ग्राम घुनवारा में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस संकल्प यात्रा से किसानों को खेती के बारे में समस्त जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दौरान कृषि संबद्ध उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली एवं कृषि उद्यमी, प्रगतिशील कृषक, एफ्पीओ एवं स्व सहायता समूह के सदस्य एवं अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि संबंधित तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। जिले में तकनीकी जानकारी हेतु 3 दलों का गठन किया गया है। जिसमें प्रत्येक दल द्वारा प्रतिदिन 3-3 पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी से दी जायेगी। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# तेज आंधी से दर्जनों पेड़ व विद्युत पोल टूटे

**जागरण, उचेहरा।** दोपहर के वक्त अचानक खिली धूप से बाद मौसम के करवट बदलते ही नगर में तो कुछ देर के लिए तेज हवा के साथ हल्की बून्दा, बांदी हुई लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में कुछ ज्यादा ही असर रहा। अटरा,पोड़ी,पिथौराबाद गांव में काफी नुकसान होने की खबर है। उचेहरा . नागौद रोड में दर्जनों पेड़ गिरने से घण्टो आवागमन बाधित रहा स्थानीय लोग अपने ट्रैक्टर और जेसीबी से अवरुद्ध मार्ग को खोला। तेज आंधी के कारण पोड़ी के समीप डुडहा गांव में जहां एक बड़ा आम का दरख्त कल्ली दाहिया के घर में गिरा वहीं अटरा में शिवशंकर दुबे के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया कई जगहों में विद्युत तार पोल से टूट जाने के कारण कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप्प रही जिसको विभाग की टीम सुधार करने में लगी रही। नगर में भी बिजली की लुका छिपी का खेल चलता रहा। समाचार लिखने तक कोई जनहानि की खबर नही आई सामने।



## महापौर ने ली सम्पत्तिकर व जलकर की समीक्षा बैठक



**जागरण, सतना।** बुधवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने सम्पत्तिकर और जलकर की विस्तृत बैठक लेकर समीक्षा की है। महापौर कक्ष में आयोजित इस बैठक में नगर निगम के सम्पत्तिकर व जलकर विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर श्री ताम्रकार ने बैठक के दौरान अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए इतना ही नही लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिये है। उन्होने शहर में जलकर से संबंधित विभिन्न विषयो पर चर्चा की। महापौर बकाया जलकर वसूली और जल आपूर्ति को सुचारू बनाये जाने पर विचार विर्माश किया है।

## टीआरएस कॉलेज में लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**रीवा।** टीआरएस कालेज में एनएसएस महिला एवं पुरुष इकाई के तत्वाधान में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शैक्षणिक और अशैक्षणिक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में 113 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि मेरे पक्षकार मुन्नालाल तनय स्व0 चुलबुल पाल (गडारी) निवासी कछियान मोहल्ला वार्ड नं0 12 मैहर जिला मैहर म0प्र0 की पुस्तैनी भूमि क0 144/1 रकवा 0.047 हे0 व 231/1 रकवा 0.068 हे. ग्राम घुरपुरा तहसील मैहर की एवं भूमि नं0 310/2 रकवा 0.034 हे. व 293/2 रकवा 0.617 हे0 व 294/1 रकवा 0.031 हे0 व 295/2 रकवा 0.021 हे0 वाका ग्राम परसोखा तहसील मैहर जिला मैहर की भूमि है जिसमें मेरे पक्षकार मुन्नालाल पाल के पिता स्व0 चुलबुल गडारी की मृत्यु के बाद सभी वारिसान भेली देवी, राजेश, रमेश, कमलेश, गडारी एवं मिथलेश गडारी का बराबर-बराबर का हक व हिस्सा है जिसका बँटवारा आज तक मेरे पक्षकार के पिता चुलबुल गडारी ने अपने व अपने पुत्रों के मध्य नही किया था। चुलबुल गडारी बीमार था सोचने समझने लायक नही था उसका फर्जी अँगूठा फेटो आदि लगाकर गवाहों ने वसीयतनामा की कूटरचना दिनाँक 28.09.2013 को किये हैं। दिनॉक 07.10.2013 को चुलबुल गडारी की मृत्यु हो चुकी है। वसीयतनामा के सम्बन्ध में एवं उपरोक्त भेलीदेवी, राजेश, रमेश, कमलेश मिथलेश गडारी के नामान्तरण को निरस्त कराने हेतु न्यायालय श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर के समक्ष अपील प्र.क. 0387 अपील / 2024-25 लंबित है। जिसमें दिनॉक 19.06.2025 को पेशी नियत है। उपरोक्त भूमि को उपरोक्त लोग विक्रय करने, अन्तरण हस्तान्तरण करने के लिये तत्पर है। उपरोक्त सभी भूमि में मेरे पक्षकार मुन्नालाल पाल पिता स्व0 चुलबुल पाल का हक एवं हिस्सा है और वह काबिज भी है। इसलिये उसे कोई भी व्यक्ति क्रय न करे अन्यथा सम्पूर्ण जिम्मेदारी क्रेता एवं विक्रेता गण की होगी।

दिनांक.27.05.2025

भवदीय
वेद प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट
सिविल न्यायालय मैहर

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 30 मई 2025 www.dainikjagranmpcity.com
11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.44 अस्त : आज
05.14 उदय : कल

शहर का तापमान
37.0 0 अधिकतम
27.0 0 न्यूनतम



मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की बढ़ रही संख्या

जागरण पर्यटन

## पिछले वर्ष की अपेक्षा 12 फीसदी ज्यादा पहुंचे पर्यटक

### जिले के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास की दरकार



जागरण, सीधी

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अधिकारियों की मानें तो इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा अभी तक में 12 फीसदी ज्यादा पर्यटक टाइगर सफारी में पहुंचकर लुत्फ उठा चुके हैं। वर्तमान में संजय दुबरी टाईगर रिजर्व में 33 बाघ स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। इसका प्रवेश द्वार चमरा डोल के पास बडकाडोल में है। यहां टाईगर सफारी करने देशी व विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। 30 जून के बाद संजय टाइगर रिजर्व के कोर जोन में पर्यटकों की आवाजाही बरसात के चलते बंद हो जाएगी। इसके बाद 1 अक्टूबर से फिर पर्यटकों के लिए संजय टाईगर रिजर्व खुलेगा। सीधी पर्यटक स्थल के साथ ऐतिहासिक महत्व से भरपूर हैं। विश्व में सफेद शेरों की जनक रही है, संजय दुबरी टाइगर रिजर्व, सोन घडियाल अभ्यारण्य, बीरबल की जन्मस्थली घोघरा और बाणभट्ट की तपोस्थली चंदरेह सहित एक दर्जन से अधिक पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों को ग्राम पंचायत से मिलकर यांत्रिकी विभाग विकसित कर रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। सीधी जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल में संजय दुबरी टाइगर रिजर्व है। जिला मुख्यालय से इसकी दूरी करीब 70 किमी है। संजय दुबरी अभयारण्य में वर्तमान में करीब 33 बाघ विचरण करते हैं। इसका प्रवेश द्वारा चमराडोल के पास बडकाडोल में है। यहां टाइगर सफारी करने देशी व विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। सोन घडियाल अभयारण्य प्रोजेक्ट क्रोकोडाइल के अंतर्गत घडियाल संरक्षण व जनसंख्या वृद्धि हेतु स्थापित किया गया। सोन नदी का 161 किमी, 23 किमी बनास नदी व 26 किमी, गोपद नदी का क्षेत्र मिलाकर कुल 210 किमी क्षेत्र को 1981 में अभ्यारण्य के रूप में घोषित किया था। बुद्धिमान, हाजिर जवाब, अकबर के नव रत्नों में मशहूर बीरबल का नाता सीधी जिले से है। उनका जन्म सीधी जिला मुयालय से करीब 35 किमी दूर स्थित घोघरा गांव में वर्ष 1528 में हुआ था। उनके पिता गंगादास व माता का नाम अनाभा देवी था। बीरबल के बचपन का नाम महेश प्रसाद था। जिले के रामपुर नैकिन में चंदरेह ग्राम में 972 ईसवी में निर्मित प्राचीन शैव मंदिर एवं मठ स्थित है। यह मंदिर चेदि शासकों के गुरु प्रबोध शिव जो मत्त मयूर नामक प्रसिद्ध शैव संप्रदाय से संबंधित थे ने साधना व शैव सिद्धांत के प्रचार हेतु स्थापित किया था। मंदिर से जुड़ी हुई संरचना बालुका पत्थर से निर्मित एक मठ है। रमदहा कुंड कुसमी सोनगढ़ मार्ग के समीप मांच महुआ में घोका नाम नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। घोका नाल संरक्षित क्षेत्र के अंदर बसे ग्राम मझिगवां में उद्गम स्थल है। गोपद दर्शन कुसमी के समीप खरसोती के पास गले गोपद नदी का विहंगम दृश्य है। जहां से सिंगरौली जिले के सरई तहसील के ग्रामों का नजारा दिखाई देता है। गोपद नदी सीधी एवं सिंगरौली जिले की विभाजन सीमा है।

### रमणीक पर्यटन स्थलों का खास महत्व

संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में कन्हैयादह परिक्षेत्र मोहन के अंतर्गत गरूलडांड में साथ नामक नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। यहां पहुंचकर प्रकृति की मनोहारी प्रकृति की अनुभूति होती है। बेटीदह बस्तुआ परिक्षेत्र के जामडोल ग्राम के पास स्थित अत्यंत रमणीक जल की धारा है। यहां पानी की धार को पत्थरों पर अठखेलियां करते हुए देखना व उनके द्वारा चट्टानों को तराशते हुए देखना विश्मयकारी अनुभव है। वहीं ठोंगा मंदिर मझौली तहसील मुख्यालय से पोड़ी रोड पर मझौली से 5 किमी व जिला मुयालय से करीब 55 किमी की दूरी पर ठोंगा पहाड़ी पर चट्टानों की अद्भुत संरचना पर मंदिर का मनोरम नजारा लोगों के मन में स्वत: एक जिज्ञासा उत्पन्न करता है। यह मंदिर पहाड़ों की पतली खड़ी चट्टान पर स्थित है। गिद्धा पहाड़ मझौली से 12 किमी दूरी पर स्थित पहाड़ी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में किसी समय गिद्धों की विभिन्न प्रजातियां निवास करती थी। इस कारण से इसका नाम गिद्ध पहाड़ पड़ा।

> संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा 12 फीसदी पर्यटक ज्यादा संख्या में आकर टाइगर सफारी का लुत्फ उठा चुके हैं। वर्तमान में संजय टाइगर रिजर्व दुबरी अभ्यारण्य में 33 बाघों की मौजूदगी बनी हुई है। बाघों की संख्या यहां लगातार बढ़ रही है। जिसके चलते पर्यटकों के आसानी से बाघों के दीदार होते हैं।
>
> **राजेश कन्ना टी, डीएफओ संजय टाइगरी रिजर्व दुबरी**

# विद्युत कनेक्शन के नाम पर बेजा वसूली का खेल



**जागरण, सीधी।** शहर के विद्युत वितरण केंद्र शहर क्रमांक 2 सीधी में विद्युत कनेक्शन के नाम पर बेजा वसूली का खेल चरम पर है। तत्संबंध में कुछ नागरिकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत वितरण केंद्र में संबंधित लिपिक के पास आवेदन देने के बाद से ही अवैध वसूली की सरगर्मी बढ़ जाती है। नियमानुसार विद्युत कनेक्शन का शुल्क करीब 2800 रुपए है। लेकिन यहां 4 हजार से लेकर 6 हजार रुपए तक की मांग की जाती है। आरोपों में कहा गया है कि नवीन विद्युत कनेक्शन के सर्वे की जिम्मेदारी हेल्फर जान अख्तर को सौंपी जाती है। जिस पर हेल्फर द्वारा सर्वे के दौरान कई तरह की आपत्ति प्रदर्शित करते हुए सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। यदि मांगी गई सुविधा शुल्क देने के लिए लोग तैयार हो गए तो नवीन विद्युत कनेक्शन जल्द से जल्द हो जाता है। यदि सुविधा शुल्क मुंह मांगी देने से इंकार किया गया तो अनावश्यक आपत्ति लगाकर कनेक्शन के आवेदन निरस्त कर दिए जाते हैं। बताया गया है कि इस मामले में कनिष्ट यंत्री द्वारा सर्वे के जिम्मेदारी संबंधित हेल्फर को ही देने का सिलसिला शुरू किया गया है। वहीं कनिष्ट यंत्री डीसी सीधी शहर क्रमांक 2 अनुराधा प्रकाश ने कहा कि नवीन विद्युत कनेक्शन में भार क्षमता के अनुसार अलग-अलग शुल्क निर्धारित है। सबसे कम भार क्षमता का नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए लगभग 3-4 हजार रुपए शुल्क लग जाता है। इसमें ई-स्टाम्प समेत अन्य ड्यूटी चार्ज भी शामिल रहता है। नवीन विद्युत कनेक्शन के सर्वे का काम संबंधित क्षेत्र के लाइनमैन के माध्यम से कराया जाता है। शिकायतकर्ता का नाम सामने आने पर ही आरोपों के संबंध में बात हो सकती है।

# लीनेस क्लब कामाख्या ने बनाई विशिष्ट पहचान



**जागरण, सीधी।** डॉ. बीना मिश्रा के नेतृत्व में लीनेस क्लब कामाख्या सीधी ने अपने गठन के आरंभिक दिनों से ही समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। क्लब की स्थापना 2 जुलाई 2024 को हुई और मात्र 10 दिनों बाद 12 जुलाई को ही सरवाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से समाजसेवा की दिशा में पहला कदम उठाया गया। इसके बाद 27 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर वृहद पौधरोपण, एक अगस्त को नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर, स्तनपान जागरूकता अभियान, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा पठन सामग्री वितरण जैसे कई समाजोपयोगी कार्यक्रम हुए। क्लब द्वारा अगस्त से नवंबर 2024 के बीच रक्षा बंधन उत्सव, शिक्षक दिवस समारोह, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश उत्सव, हिंदी दिवस पर साहित्यिक कार्यक्रम, नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, नवदुर्गा उत्सव, कंबल वितरण, दीपावली व छठ पूजा, करवा चौथ पूजन एवं बाल दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष आयोजन जैसे अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक कार्य किए गए। क्लब के कार्यों की सराहना सतना और जबलपुर जैसे मंचों पर भी हुई जहां देशभर से आए समाजसेवियों के बीच क्लब के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। डॉ. बीना मिश्रा के कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और सेवा भावना ने लीनेस क्लब को न केवल सीधी जिले में एक प्रेरणास्पद पहचान दिलाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए। मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा संचालित लीनेस क्लब कामाख्या सीधी ने एक वर्ष से भी कम समय में अपने द्वारा किए गए कार्यों से अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाते हुए महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# कानपुर में पकड़ाए डबल मनी कांड के आरोपी



**जागरण, सीधी।** जिले के चर्चित मामले में एक बार आग लग गई है, इस गिरोह के मुख्य दो आरोपियों को कानपुर उत्तरप्रदेश पुलिस ने दबोच लिया है, जैसे ही इसकी चुरहट क्षेत्र में लगी हड़कंप मच गया। इस खबर से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल बन गया है। उल्लेखनीय हैं कि दो माह के भीतर डबल पैसा करके देने का लालच देकर लोगों से करोड़ों रुपए ऐंठने वाले आरोपियों को कानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी अनुसार पैसा डबल करने का झांसा देकर 63 लाख हड़पने वाले दो शातिर आरोपियों को कानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह दोनो आरोपी सीधी जिले के हैं। पकड़े गए आरोपी थाना चुरहट निवासी पीड़ित के चचेरे साले हैं। बताया गया है कि मुख्य आरोपी कोस्टा चुरहट निवासी विवेक सिंह उर्फअंकू सिंह व जिले के चरहई निवासी आयुष मिश्रा शामिल हैं। सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह विष्ट के अनुसार दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया है कि कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र के पकरी गांव निवासी महेन्द्र सिंह चंदेल से उनके चचेरे साले विवेक सिंह ने शेयर ट्रेडिंग और कमोडिटी में पैसा लगवाकर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर 63 लाख रुपए ठग लिए थे। पैसा वापस मांगने पर अभद्रता के बाद 21 मार्च को महेन्द्र सिंह ने साले समेत 14 लोगों के खिलाफ सचेंड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताते चलें कि जिले के चुरहट में भी पैसा डबल करने का झांसा देकर लोगों से रुपए ऐंठने के मामले में पिछले वर्ष स्थानीय पीड़ितों की रिपोर्ट पर चुरहट पुलिस ने गिरफ्तारी कार्यवाही की थी। चुरहट में लाखों की ठगी का मामला सामने आया था।

# गांव से निकलकर संसद और विधानसभा पहुंची रीती पाठक

## राजनीति की गलियों में महिला सशक्तिकरण सफल उदाहरण है रीती पाठक



जागरण, सीधी

सीधी विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान विधायक श्रीमती रीती पाठक सीधी संसदीय क्षेत्र की दो बार सांसद भी रह चुकी हैं। उनका राजनैतिक सफर 2010 में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में शुरू हुआ। अपने 15 वर्षों के राजनैतिक सफर में श्रीमती पाठक ने सीधी जिले ही नहीं प्रदेश स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने संसद और विधानसभा में सदैव सीधी के विकास के लिए आवाज बुलंद की। राजनीति गलियों में श्रीमती रीती पाठक का राजनैतिक सफर महिला सशक्तिकरण का सफल उदाहरण है। श्रीमती रीती पाठक का जन्म एक जुलाई 1977 को सिंगरौली जिले के खटखरी ग्राम में हुआ। उन्होंने शिक्षा दीक्षा रीवा में प्राप्त की। आपने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद इतिहास विषय में स्नातकोत्तर और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। आपका विवाह 1997 में रजनीश पाठक से हुआ। श्री पाठक सीधी जिले के प्रतिष्ठित संविदाकार और राजनैतिक हैं। श्रीमती रीती पाठक 2010 में जिला पंचायत सीधी की अध्यक्ष बनी। उन्होंने पंचायतराज संस्थाओं में महिलाओं के अधिकारों को लेकर लगातार प्रयास किये। पंचायतराज संस्थाओं में महिला पदाधिकारियों के सशक्त भूमिका के लिए महिलाओं को लगातार जागरूक किया। श्रीमती पाठक 2014 में पहली बार तथा 2019 में दूसरी बार सीधी संसदीय क्षेत्र से सांसद चुनी गई। उन्होंने संसद में ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना, संजय टाइगर रिजर्व के विकास, सीधी और सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज तथा इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना सहित जिले के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी आवाज बुलंद की। श्रीमती पाठक 2023 में सीधी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गयी। अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। श्रीमती रीती पाठक ने राजनैतिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच सामाजिक कार्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उनका राजनैतिक सफर महिला नेतृत्व और समाजसेवा का सफल उदाहरण है। उन्होंने 15 वर्षों के राजनैतिक जीवन में महिला सशक्तिकरण के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किये हैं।

# दम तोड़ती शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं

## रोजी-रोटी के लिए बाहर कमाने के युवक की घर पहुंची लाश

### बीवी बच्चे एवं परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल



जागरण, मझौली

भले ही केंद्र एवं राज्य सरकार लोगों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रखी हो लेकिन यह योजनाएं धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रहे हैं। केंद्र सरकार की अति महात्वाकांक्षी योजना मनरेगा जिसमें क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा उनके ग्राम पंचायत में काम मिल सके और वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके चालू की गई है लेकिन यह योजना भी गस खा रही है। जिस कारण रोजी-रोटी के तलाश में क्षेत्र के लोगों को बाहर जाना पड़ रहा है जहां से उनके घर लास पहुंच रही है अभी हाल ही में गुजरात में काम करने गए मझौली उपखंड के चार लोगों की लाश बदबू मारते उनके गृह ग्राम पहुंची थी। अब आज 29 में को अभी हाल ही में रोजी-रोटी की तलाश मे मझौली जनपद पंचायत के करमाई ग्राम पंचायत के कोल परिवार के राजस्थान गए लोगों में से एक युवक सूरज पिता महाबीर कोल उम्र लगभग 40 की मृत्यु के तीसरे दिन लाश घर पहुंची जहां बीवी बच्चों के साथ परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक सूरज पिता महाबीर कोल गांव के ही साथियों के साथ काम करने राजस्थान गया हुआ था। करमाई ग्राम पंचायत के ही साथियों द्वारा बताया गया कि 27 मई 2025 अमावस्या के दिन छुट्टी थी मृतक बाजार तरफ गया था। कुछ देर बाद सूचना मिली कि एक युवक की लाश रास्ते में पड़ी है। हम लोगों ने जाकर देखा तो यही था। एंबुलेंस के स्टाफ द्वारा बताया गया कि अमावस्या के दिन कंपनी की छुट्टी थी यह बाजार तरफ जाकर दारू पिया था, शायद इसी के कारण मृत्यु हुई है। मझौली जनपद के ग्राम पंचायत करमाई से अभी हाल ही में सात आठ आदिवासी समाज के मजदूर काम करने गए थे जो शायद ही एक-दो दिन राज्यस्थान के माइल्स कंपनी में काम किए होंगे, जिसमें से एक मजदूर की मृत्यु हो जाने पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे एक एसी एंबुलेंस से उसके ग्रह ग्राम छुड़वाया गया साथ ही पच्चीस हजार रुपए आर्थिक सहायता के रूप में भी उपलब्ध कराई गई है। बताया जा रहा है कि मृतक सूरज परिवार में पत्नी, दो पुत्र चार पुत्रियां हैं जिनका भरण पोषण मेहनत मजदूरी करके मृतक ही कर रहा था। जिसकी आकस्मिक मृत्यु रोजी-रोटी के लिए प्रदेश से बाहर राजस्थान गए युवक की मृत्यु हो गई है पिता भी वृद्ध हैं। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना से भी वंचित है, यहां योजनाएं बेच रही हैं। ऐसे में अब बच्चों व पत्नी के भरण पोषण में संकट की घड़ी मंडरा रही है।

# भगवान श्रीराम ने उत्कृष्ट आचरण से संदेश दिया: त्रिपुष्कर

**जागरण, सीधी।** चिन्मय मिशन सेवा आश्रम में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास चुरहट राज परिवार के आचार्य त्रिपुष्कर शास्त्री ने सियाराम विवाह का भावपूर्ण प्रर्णन किया। इस दौरान श्रीराम के भजनों से भक्त झूम उठे। कथा के दौरान महाराज त्रिपुष्कर ने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से संसार को मानवता, प्रेम तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा का संदेश दिए है। श्री राम जन्म प्रसंग से पूर्व महाराज ने सती प्रसंग की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि एक बार माता सती भगवान शंकर को बिना बताए ही माता सीता का रूप धारण कर भगवान राम की परीक्षा लेने चली गई लेकिन भगवान श्रीराम ने उन्हें पहचान कर पूछ लिया कि हे माता आप अकेले कहां घूम रही है, जिसे सुन माता सती संकोच में पड़ गई, लेकिन भगवान शंकर ने ध्यान लगाकर सती द्वारा भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने की बाते जान ली।

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तनिश कुमार सिंह पिता श्री विनोद कुमार सिंह बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बघवारी थाना जमोड़ी जिला सीधी (म.प्र.) का निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजों अंकसूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पेन कार्ड सभी रिकार्डों में मेरा सही नाम तनिश कुमार सिंह अंकित है, जो कि पूर्णत: सही है। किंतु बचपन में मेरे पिता जी द्वारा मेरे घरेलू नाम शारदा सिंह बघेल के नाम से एलआईसी में पॉलिसी क्रमांक 379298770 की पॉलिसी योजना नंबर 159 ली गई है। अब मेरी एलआईसी पॉलिसी में भुगतान नहीं हो रहा है। अत: पॉलिसी 379298770 में मेरा सही नाम तनिश कुमार सिंह सुधार कर मेरा भुगतान किया जाए।

प्रार्थी
तनिश कुमार सिंह पिता विनोद कुमार सिंह बघेल

# किसानों से होगी विकसित कृषि संकल्प अभियान की सफलता: डॉ राजेश



**जागरण, सीधी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने गुरुवार 29 मई को कृषि विज्ञान केंद्र से किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पाकर सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश के कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने यह अभियान चलाया जा रहा है। 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त सहभागिता से क्रियान्वयन किया जाएगा। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित तौर पर किसानों के लिए वरदान साबित होगा और किसान इसका लाभ आगे बढ़कर लें। सीधी जिला एक ऐसा जिला है जिसमें हर किस्म की खेती की जाती है इसके माध्यम से किसान अपने आय दुगुनी कर सकते हैं इसीलिए इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा कृषकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्थानीय कृषि-जलवायु, मृदा की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की स्थिति, बीज चयन, उर्वरक उपयोग और कीट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों को वैज्ञानिक सलाह दें तथा किसानों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रसायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करना है। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करना है। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उप संचालक कृषि संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र सीधी डॉ. एके श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. अलका सिंह, सहायक संचालक मछली पालन, उद्यानिकी विभाग सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।






डीलरशिप हेतु संपर्क करें:- 9893738026,

RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA

Medium:- Hindi/English

TEACHERS REQUIRED



| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
|---|---|---|---|
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

ADMISSION OPEN 2025-26

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Fully secured and CCTV Sureillance campus

शिक्षा महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)
सम्बद्ध-अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)
प्रवेश प्रारंभ
संचालित पाठ्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| B.A (Computer) | B.Sc (Computer) | BA.Bed (All Sub. 4 Year) |
| 12वीं पास (कला समूह) | 12वीं पास (विज्ञान विषय) | 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.A (Plain) | B.Sc (CBZ) | B.Ed (2 Year) |
| 12वीं पास (कला समूह) | 12वीं पास (विज्ञान विषय) | स्नातक पास (सभी समूह) |
| B.Com (Computer) | B.Sc (PCM) | DELED (2 Year) |
| 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | 12वीं पास (विज्ञान विषय) | 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.Com (Plain) | B.Sc (Bio. Tech.) | L.L.B. (3 Year) |
| 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | 12वीं पास (विज्ञान विषय) | स्नातक पास (सभी समूह) |

शिक्षा महाविद्यालय, पनवार सेंगरान, सीधी म.प्र.
सम्पर्क सूत्र :- 6261003429, 9981861520

# रामपुर पुलिस ने शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही कर दर्ज किये 51 प्रकरण

## 392 लीटर से अधिक शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



जागरण, सतना

रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान चलाकर अवैध शराब तस्करो के विरूद्ध 51 प्रकरण दर्ज कर 392 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता पाई है वहीं दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत द्वारा नशा के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत एसपी आशुतोष गुप्ता क निर्देश एएसपी विक्रम सिंह , डीएसपी मुख्यालय वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी एवं सभी बीट प्रभारी व चौकी प्रभारी द्वारा की गई है।

### 196 लीटर देशी व 135 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

पुलिस ने बताया कि कार्यवाही के दौरान 52 आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी एवं 196.680 लीटर देशी शराब 135.900 लीटर अंग्रेजी, 60 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की गई है। इस कार्यवाही में 1 लाख 88 हजार 690 रूपये की शराब जप्त हुई है। 50 प्रकरणो में धारा 34-1 एवं एक प्रकरण में धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उसमें विनोद सिंह पटेल पिता स्व. जय लाल पटेल उम्र 36 साल एवं प्रमोद सिंह पटेल उर्फ रज्जन पिता स्व. जयलाल पटेल उम्र 33 साल दोनो निवासी ग्राम गणेशा थाना रामपुर बाघेलान का नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 8 कार्टून मे भरी 72 लीटर गोवा शराब जप्त की है जिसकी कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये बताई गई है।

# भदवाही ग्राम पंचायत में जल चौपाल का आयोजन

**गोहपारू।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदवाही में जल ही जीवन है थीम पर जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से जल के समुचित उपयोग और संरक्षण की अपील की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल उपयोग की परंपरागत विधियों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जल की एक-एक बूंद की कद्र करें और इसके संरक्षण में योगदान दें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, जनपद पंचायत के सीईओ वेदामणि मिश्रा, उपयंत्री प्रशांत लगरखा, ग्राम पंचायत भदवाही की सरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली, जल संरक्षण पर आधारित नारे और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों में जल के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का यह एक सराहनीय प्रयास रहा।

## पिपरिया में आउटरीच कार्यक्रम और ग्रामीणों से संवाद संपन्न

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) और डीएसडब्ल्यूओ टीम सतना द्वारा ग्राम पिपरिया कलां तहसील बिरसिंहपुर में एक इंटरेक्शन कम आउटरीच पीजीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। पिपरिया कलां गांव के सरपंच पूर्व सैनिक और अन्य व्यक्ति हवलदार तथा पुलिस विभाग में कार्यरत है।

# एपीएसयू पहुंची विवि थाना पुलिस, दर्ज किए गए बयान

**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विवि में बीते सप्ताह कथित छात्र नेताओं द्वारा छात्रों को भड़काकर जबरन विवि में हंगामा करा दिया गया। जबकी छात्रों की समस्या का निराकरण कुलगुरू द्वारा किए जाने के लिए निर्देशित भी कर दिया गया था और छात्रों की समस्या सुनकर शाम को उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाना था। लेकिन इसके पहले ही कथित छात्र नेता अमन सिंह बघेल व अर्पित मिश्रा सहित अन्य ने छात्रों को भड़काकर हंगामा किया और कुलगुरु चैम्बर में जबरन घुसते हुए दस्तावेजों को भी प्रभावित किया। इतना ही नहीं, परीक्षा भी इस दौरान प्रभावित हुई। जिसके बाद विवि ने इन कथित छात्र नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए विवि थाना में शिकायत भेजी थी और एफआईआर कराए जाने की मांग की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विवि थाना टीआई हीतेन्द्रनाथ शर्मा ने तत्काल मामले पर जांच शुरू करा दी थी।


## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

### अतिरिक्त 15 व्ही.सी. कक्ष के निर्माण कार्य हेतु लगने वाले सामग्री का क्रय हेतु प्रथम ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के प्रशासकीय स्वीकृति पत्र क्र. 9663/भवन/2025 भोपाल दिनांक 15/04/2025 द्वारा केन्द्रीय जेल रीवा में विचाराधीन बंदियों की पेशी हेतु अतिरिक्त 15 व्ही.सी. कक्ष के निर्माण कार्य में लगने वाले सामग्रियों का क्रय हेतु रूपये - 19,65,000.00 के बजट आवंटन अनुसार अतिरिक्त 15 व्ही.सी. कक्ष के निर्माण कार्य में लगने वाले सामग्रियों का क्रय के लिये प्रथम ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक 17/06/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:-

1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी **www.mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जी-13531 / 25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)


# देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़ी चोरी

## 160 बोरी गेहूं और 130 बोरी चावल चोरी, लाखों का अनाज गायब

**देवलोंद।** देवलोंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर में बीती रात शासकीय उचित मूल्य दुकान से भारी मात्रा में अनाज चोरी हो गया। अज्ञात चोरों ने दुकान के दोनों गेट तोड़कर करीब 160 बोरी गेहूं और 130 बोरी चावल पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाली साबित हुई है। सूचना के अनुसार, यह दुकान लक्ष्मणलाल तिवारी (संचालक) द्वारा संचालित की जाती है। 28 मई की शाम तक दुकान में राशन वितरण का कार्य किया गया, जिसमें 290 बोरी चावल में से 88 बोरी वितरित की जा चुकी थीं। शेष चावल और 160 बोरी गेहूं दुकान में ही संग्रहित थे। 29 मई की सुबह लगभग 10:30 बजे संचालक अपने साथियों मनोज तिवारी, कैलाश सिंह चौहान, नवल तिवारी, चंद्रिका यादव, जितेन्द्र बेमट और शैलेन्द्र यादव के साथ जब दुकान पहुँचे, तो देखा कि दुकान के दोनों मुख्य गेट टूटे हुए थे और ताले गायब थे। अंदर जाकर देखा तो पूरा स्टॉक बिखरा पड़ा था और करीब 70,000-80,000 मूल्य का अनाज चोरी हो चुका था। यह दुकान शासकीय उचित मूल्य दुकान मूल दुकान (सेंटर) जनकपुर के अंतर्गत आती है, और इसकी सूचना थाना देवलोंद में दी गई। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय समिति प्रबंधक श्री नारायण कुमार सेन को फोन पर अवगत कराया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू करवाई। स्थानीय ग्रामीणों और हितग्राहियों में इस चोरी को लेकर काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों की मांग है कि शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ा जाए और शासकीय राशन दुकानों की सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम किए जाएं।

## रंगोली बनाकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को किया याद

**रीवा।** पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को रंगोली कार्यक्रम का आयोजन अटल पाक में किया गया, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा का विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की रंगोली बनाकर उनको याद किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने महिला मोर्चा की महिलाओं को आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिला शक्ति के बिना कुछ भी संभव नही है। शिव हैं तो शक्ति है और शक्ति है तो शिव हैं। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई को शिव जी अनन्य भक्त बताया और उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प सभी को दिलाया।


## कार्यालय जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1449/स्टोर/2025 रीवा, दिनांक : 27.05.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

जिला पंचायत परिसर रीवा में ग्राउण्ड फ्लोर, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में निर्मित कुल 16 दुकानों का आवंटन अनुबंध के आधार पर (मासिक किराये पर) पाँच वर्ष के लिये प्रदाय किया जाना है। कुल 16 दुकानों में प्रवर्गवार आरक्षण निम्नानुसार रहेगा :-

| क्र | प्रवर्ग | कुल आरक्षित की संख्या दुकानों | दुकान का क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | 03 | 06,07 एवं 24 |
| 2. | अनुसूचित जन जाति | 01 | 13 |
| 3. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 02 | 12 एवं 23 |
| 4. | अनारक्षित | 10 | 8, 10, 17, 19, 20, 21 22, 25, 26 एवं 27 |

इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस (अवकाश अवधि को छोड़कर) के भीतर कार्यालयीन दिवस/समय पर जिला पंचायत कार्यालय के लेखा शाखा में निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित राशि रु. 10000.00 (रुपये दस हजार) मात्र जमा कर निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक नियम शर्ते प्राप्त कर सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित राशि रु. 5000.00 (रुपये पॉच हजार) मात्र जमा किया जाना होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

### प्रथम ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

जेल मुख्यालय का पत्र क्र. 9325/भवन/2025 भोपाल दिनांक 08/04/2025 एवं क्रमांक 11014/भवन/2025 भोपाल दिनांक 01/05/2025 तथा क्रमांक 11401/भवन/2025 भोपाल दिनांक 07/05/2025 के माध्यम से केन्द्रीय जेल रीवा के इलेक्ट्रिक सामग्री एवं भवनों के रंग-रोंगन हेतु डिस्टेंपर व पेंट तथा अस्पताल उपकरण क्रय हेतु प्रथम ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 17/06/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:-

1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी **www.mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जी-13555 / 25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)


## दो वार्डों में सर्वेक्षण के दौरान पाये गये 13 अवैध नल कनेक्शन

**रीवा।** शहर में नलों से पानी नहीं आने की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर सर्वेक्षण कराये जाने पर पता चला कि वार्डों में व्यापक पैमाने पर लोगों ने अवैध रूप से नल के कनेक्शन करा रखे हैं। अवैध नल कनेक्शनों के कारण उन लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है जिन्होंने बाकायदा कनेक्शन ले रखा है और हर माह जलकर भी चुका रहे हैं। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में अवैध नल कनेक्शनधारियों के खिलाफ सर्वेक्षण कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिसमें भारी संख्या में अवैध नल कनेक्शन पाये गये। बुधवार को नगर निगम के जलप्रदाय शाखा द्वारा वार्ड 09 एवं वार्ड 43 में सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान 13 अवैध कनेक्शन पाये जाने पर मौके पर नल कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की गई।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944



## आम सूचना

राजकुमार खुराना पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश खुराना आर. जेड. 152 गली नंम्बर 3 राजनगर वार्ड 2 पालम कालोनी नई दिल्ली हाल मुकाम तेलिहा निर्मोही सिंह पोस्ट. कैलाशपुर तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.)

........मुख्तारकर्ता / नोटिसदाता ।

बनाम

ललीत पंघाल पुत्र श्री वलवंत सिंह पंघाल उम्र 42 वर्ष निवासी मकान नं. 975-976 सेक्टर नं0 13 हड्डा भिवानी, भिवानी हरियाणा 12021

मुख्तारग्रहीता/ नोटिसग्रहीता।

यह कि मेरे पक्षकार मुख्तारकर्ता / नोटिसदाता ने प्रकरण से सम्बंधित समस्त तथ्य समझाकर व दस्तावेज दिखाकर नोटिसग्रहीता / मुख्तारग्रहीता को नोटिस भेजने हेतु अधिकृत किया है जो निम्न आधारों पर आपकी ओर भेजी जा रही।

1. यह कि मेरे पक्षकार मुख्तारकर्ता के नाम से ई. पंजीकरण संख्या एमपी328492017ए1709295 पंजीकृत तिथि 19/12/2017 द्वारा स्वीकृत रकवा 0. 3483 हे. का खदान पट्टा 10 वर्ष के लिए ग्राम सरदमन तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.) में गिट्टी क्रेसर निर्माण हेतु स्वीकृत है। 2. यह कि उपरोक्त वर्णित आवेदित उत्खनन पट्टा की वावत् विभागीय कार्य व खनन पट्टा क्षेत्र में समय के अभाव के कारण पूर्ण दक्षता से मेरे द्वारा कार्य किया जाना सम्भव न होने के कारण मैने मुख्तारग्रहीता / नोटिसग्रहीता के पक्ष में मुख्तारनामा आम एव पार्टनरशिप डीड़ सौ रुपयें के स्टाम्प पर श्री प्रदीप कुमार त्यागी एडवोकेट एण्ड नोटरी गुरुगॉव हरियाणा (भारत) के समक्ष वोलयुम न. फर्स्ट पेज नंम्बर 147 सीरियल नंम्बर 1057 दिनांक 14/05/2024 को गवाहो के समक्ष मुख्तारनामा आम निष्पादित कराया गया था। 3. यह कि मैं मुख्तारकर्ता नोटिसदाता अपना स्वीकृत खदान पट्टा पंजीकरण संख्या एमपी 328492017ए 1709295 पंजीकृत 19/12/17 स्वीकृत रकवा 3.483 हे. स्थित ग्राम सरदमन तहसील हनुमना से संम्बधित समस्त विभागीय कार्य एवं उत्खनन पट्टे का एसीसमेन्ट कराना, नियमों के प्रावधानों के अन्तर्गत उत्खनन कार्य करना, खनिज का उत्पादन करना, माहवाही विवरणी / वार्षिक विवरणी विभाग में प्रस्तुत कर वार्षिक अधिशुल्क निर्धारण फाइनल करना एवं उत्खनी पट्टे से माइनिंग प्लान अनुमोदन कराना, पर्यावरण सहमति प्राप्त करना, कन्सेन्ट हूँ, आपरेटर प्राप्त करना, एवं उत्खननी पट्टे से सम्बंधित सभी सरकारी एवं गैरसरकारी विभागो में पूर्ण पत्राचार करना शपथ पत्र देना अन्डर ट्रेकिंग देना एवं उत्खनन पट्टे की संविदा का निष्पादन कराना एवं उत्खनन पट्टे से सम्बंधित कोई विवाद पैदा होने पर उसके शुरु से लेकर आखिरतक पैरवी करना वकील/एडवोकेट नियुक्त करना के कार्यो को करने के लिए मै मुख्तारकर्ता पूरी तरह से सक्षम स्वतंत्र है। 4- यह कि आज दिनांक 29/05/2025 दिन गुरुवार से आपके पक्ष में दिनांक 13/05/2024 को निष्पादित मुख्तारनामा आम एवं पार्टनरशिप डीड़ निरस्त किया जाता है, एवं जरिए नोटिस सूचना आप की ओर भेजकर सूचित व आगाह किया जाता है कि आज दिनांक 29/05/2025 के बाद नोटिस के पैरा क्र. 03 में वर्णित पार्टनरशिप डीड़ व आम मुख्तारनामा आम में वर्णित किसी भी तरह से कही भी कार्यो को करने हेतु अधिकृत नहीं है। 5. यह कि यदि आज दिनांक 29/05/2025 के बाद से कोई भी कार्य या लेख आपके द्वारा पार्टनरशिप डीड़ एवं मुख्तारनामा आम दिनांक 14/05/2024 के आधार पर किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैधानिक करार घोषित करते हुए वैधानिक कार्यवाही भी आपके विरुद्ध की जावेगी। 6. यह कि मेरे पक्षकार नोटिसदाता / मुख्तारकर्ता ने स्वस्थ चित व स्थिर बुद्धि की दशा में सुन सोचकर व समझकर पार्टनरशिप डीड़ एवं मुख्तारनामा आम निष्पादित दिनांक 14/05/2024 को निरस्त कर आपकी ओर सुचना भेजी जा रही है। 7. यह कि आप नोटिसग्रहीता को पूर्व में भी जरिये रजिस्टर्ड डाक दिनांक 14/02/2025 एवं 11/03/2025 को सूचना भेजी गई थी जो वापस करा दी गई है। 8. यह कि नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में सुरक्षित रखी है जिसे कार्यालयीन समय में आवश्यकतानुसार देखा जा सकता है। 9. यह कि नोटिस में कही काट पीट नही है, जहाँ पर टंकड़ त्रुटि है वहाँ पर मेरे सूक्ष्म हस्ताक्षर बने है।

दिनांक 29/05/2025

भवदीय
संजय कुमार पाण्डेय एडवोकेट
सिविल न्यायालय परिसर
हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.)
मो0 9425891257



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

### चतुर्थ वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा में स्थापित सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये चतुर्थ वार्षिक ई-निविदा 2025-26 हेतु www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 17/06/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

(सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग सिस्टम मरम्मत)

| क्र. | उपकरण का नाम | अनुमानित राशि | 03% अमानत राशि | ई-निविदा समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रिक सोलर फेंसिंग ऑल सिस्टम | 10,00,000.00 | 30,000.00 | एक वर्ष |

जी-13544 / 25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)



## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

### द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा में संचालित उद्योग इकाई में लगने वाले कच्चा माल एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा वर्ष 2025-26 www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 17/06/2025 को सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से सम्बंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 02/06/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 16/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/06/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 18/06/2025 सायं 05:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 20/06/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:-

1. ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) द्वारा की जावेगी।
2. निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जी-13532 / 25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)



## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com

MPBDC

NIT No. : 3328/GM/MPBDC/CW/25/NIT-67 Bhopal, Dated : 29.05.2025

### NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works :-

1. Construction of Ayurveda College & Hospital at Dist. Narmadapuram M.P. - **PAC : Rs. 4,983.34 Lacs**
2. Construction of Composite District Office Building Maihar M.P. - **PAC : Rs. 2901.50 Lacs**
3. Construction work of residential quarters (E type 10, F type 14, G type 20, H type 13 and I type 10) at Ujjain M.P. - **PAC : Rs. 2,537.35 Lacs**
4. Construction of Government College, Orchha Dist. Niwadi M.P. - **PAC : Rs. 1129.79 Lacs**
5. Construction of Government College, Balwadhi Dist. Badwani M.P. - **PAC : Rs. 1124.09 Lacs**
6. Construction of Composite Tehsil Office Building at Kotma Dist. Anuppur M.P. - **PAC : Rs. 724.73 Lacs**
7. Construction of Composite Tehsil Office Building at Dist. Balaghat M.P. - **PAC : Rs. 633.01 Lacs**
8. Construction of Composite Tehsil Office Building at Ghatigaon Dist. Gwalior M.P. - **PAC : Rs. 633.82 Lacs**
9. Construction of Boundary wall at Govt. Autonomous Girls PG College of Excellence Dist. Sagar M.P. - **PAC : Rs. 143.97 Lacs**
10. Construction of Boundary wall at Govt. College Gulana Dist Shajapur M.P. - **PAC : Rs. 144.59 Lacs**
11. Construction of Boundary wall at Govt. College Rajnagar Dist. Chhatarpur M.P. - **PAC : Rs. 118.29 Lacs**
12. Construction of Boundary wall at Govt. College Pipliya Mandi Dist. Mandsaur (M.P.) - **PAC : Rs. 141.46 Lacs**
13. Construction of Boundary wall at Govt. College Bina Dist. Sagar M.P. - **PAC : Rs. 130.73 Lacs**
14. Construction of Boundary wall at Chaurai Dist. Chhindwara M.P. - **PAC : Rs. 168.19 Lacs**
15. Construction work of 100 bedded Critical Care Hospital Block (CCHB) in Gov. hospital, Dhar , M.P. - **PAC : Rs. 2423.00 Lacs**
16. (i) Construction and other associated works at Government Arts College, Niwas Mandla M.P. **PAC : Rs. 283.53 Lacs**
(ii) Construction of 50 Seated Boys and Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School, Hathitara Dist. Mandla M.P. - **PAC : Rs. 364.12 Lacs (2nd Call)**
17. (i) Construction of Girls Toilet (08 Block Colleges) Barwani PG, GDC, NMDC, Anjad, Rajpur, Sendhwa, Niwai, Pansemal at Badwani Dhar (M.P.) - **PAC : Rs. 115.13 Lacs**
(ii) Girls Hostel (50 seats) with allied works, Barwani M.P. - **PAC : Rs. 338.98 Lacs (2nd Call)**
18. Various Construction and allied works in old College building Campus in Veer Balidani Khajya Nayak Government PG College, Sendhwa M.P. - **PAC : Rs. 295.81 Lacs (2nd Call)**
19. (i) Construction work of Incubation Center and allied works at Govt. College at Satna M.P. - **PAC : Rs. 531.66 Lacs**
(ii) Construction, renovation and upgradation with allied works in college building at Govt. College, Jaitwara Satna M.P. - **PAC : Rs. 338.5 Lacs (2nd Call)**
20. Construction and Renovation work at Government Chandra Vijay College, Dindori M.P. - **PAC : Rs. 233.82 Lacs (2nd Call)**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online from **05.06.2025 at 18:00 hrs. to 29.06.2025 at 15:30 hrs.** (for S. No. 01 to 14 only), **03.06.2025 at 18:00 hrs. to 26.06.2025 at 15:30 hrs.** (for S. No. 15 to 20 only), from website **www.mptenders.gov.in** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/ corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/120337/2025 **MANAGING DIRECTOR**

# सिंगरौली महोत्सव आयोजित कराने में सराहनीय योगदान के लिए कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**जागरण बैढ़न।** जिले 17 वी वर्षगाठ के अवसर पर 24 से लेकर नगर गौरव दिवस 27 तक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बाहरी कलाकारो के साथ स्थानीय कलाकारो के द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान कवि सम्मेलन से लेकर रंगोली एवं पेंटिग प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया। साथ ही समारोह के आखिर दिवस नगर गौरव दिवस पर दीपोत्सव एवं आतिसबाजी कर हर्षो उल्लास के साथ समारोह का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम का कलेक्टर चन्द शेखर शुक्ला के कुशल निर्देशन में एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता एसडीएम सृजन बर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला सिंगरौली महोत्सव में लगे अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्य के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकाना दी। समारोह के सफल आयोजन पश्चात आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह के उपस्थित में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम हेतु निर्मित समितियों के नोडल अधिकारी जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द द्विवेदी सौरभ मिश्रा नंदन तिवारी सहित महोत्सव में सलग्न अधिकारी कर्मचारियो पुलिस अधिकारियो जवानो को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चौकी निवास पुलिस नें नाबालिग बालिका को दस्तायाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**जागरण निवास।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरूध्द होने वाली घटनाओ में शीघ्र एव प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी किया गया है। एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल से महिलाओ बालक एवं बालिका की त्वरित दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे है आपरेशन मुस्कान अभियान पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन मे एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम व थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह भदौरिया के सतत निगरानी मे चौकी प्रभारी निवास उपनिरी प्रियंका सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तायाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया । चौकी निवास थाना सरई का अपराध क्र.313/25 धारा 137/2 बीएनएस 23/05 को कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया कायमी दिनाक से अपहृता की निरंतर पता तलाश की गई चौकी निवास पुलिस टीम साइवर




सेल की मदद से वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देश पर अपहृता बालिका को निवास रोड रेल्वे स्टेशन से दस्तायाब किया गया अपहृता बालिका को दस्तायाब कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। कार्यवाही मे चौकी प्रभारी निवास उप. निरी प्रियंका सिह स.उ नि दीपनारायण प.आर ज्ञानेन्द्र सिंह आर प्रभात कुमार दुबे आर रविराज सिंह म.आर कमला द्विवेदी चौकी निवास एवं सायबर सेल सिंगरौली का सराहनीय योगदान रहा।

# डीपीएस विंध्यनगर में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन




**जागरण विंध्यनगर।** अनेकता में एकता भारत की विशेषता इस कथन को चरितार्थ करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में सात दिवसीय भारतीय भाषा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सीबीएसई के दिशा.निर्देशों को संज्ञान में रखते हुए आज समर कैंप का रंगारंग शुभारंभ किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को अन्य भारतीय भाषाओं से परिचित कराना है। 28 घंटे के इस सात दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा बांग्ला भाषा का चयनकर बच्चों को इसे सीखने. समझने का बीड़ा उठाया गया है। इस प्रयास से अब तक बच्चों ने बांग्ला वर्णमाला बांग्ला में गिनती और 50 से अधिक शब्द सीखे हैं । इसके साथ ही बच्चों द्वारा श्लोगन एवं महापुरुषों के वक्तव्यों को बांग्ला में प्रस्तुत किया गया। इन गतिविधियों की अगली कड़ी में बच्चों को पश्चिमी बंगाल का वर्चुअल भ्रमण कराया गया। इस कैंप में कक्षा 3 से लेकर 8 तक के लगभग 70 बच्चे भाषायी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। भाषायी उत्सव के इस कैंप में बच्चों द्वारा प्रस्तुत बांग्ला नृत्य नाटिका एवं बांग्ला गीत ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भारतीय भाषा समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन के साथ.साथ बच्चे जहाँ बांग्ला सीख रहे हैं वहीं पश्चिमी बंगाल की संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय की विशेष पहल का परिणाम है। उपर्युक्त कैंप की रूपरेखा एवं आयोजन श्रीमती कंचन गुप्ता एवं शरबानी बनर्जी की देखरेख में संपन्न किए जा रहे हैं। इस समर कैंप का समापन समारोह 3 जून को होगा।

# सड़क हादसे के दो बालकों को अभिमन्यु ने पहुंचाया अस्पताल

## समय पर नहीं पहुंचते तो लड़के की जा सकती थी जान

**जागरण सरई।** जिले के सरई थाना अन्तर्गत ग्राम गन्नई .गजरहिया के पिपरडोल्ला जंगल के पास कल बीते शाम समय लगभग नौ बजे सड़क हादसे से घायल लड़के को अभिमन्यु जायसवाल अपने निजी गाड़ी में सवार कर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में पहुंचाया । गौरतलब यह है कि अभिमन्यु जायसवाल बेसहारा की मदद करने को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। जिसमें फिर एक बार उनका दरियादिली एवं मानवता वाला चेहरा सामने आया है।आपको बता देंअभिमन्यु जायसवाल अपने निजी स्कार्पियो वाहन से अपने अपने अन्य मित्रों के साथ में बीते रात एक निमंत्रण में जा रहे थे। जिसमें रास्ते में ही ग्राम गजरहिया पिपरडोल्ला जंगल के पास सड़क हादसे से यह दो लड़के सड़क पर गिरे हुए थे और काफी भीड़ लगी थी जिसमें इन








तड़पते घायल लड़के को देखते हुए अभिमन्यु जायसवाल ने अपनी गाड़ी रोकी और जिसमें देखा तो एक लड़का दर्द से छटपटा रहा था तो दूसरा लड़का बेहोश था और लोगों का जमावड़ा हुआ था लेकिन कोई भी व्यक्ति इनकी मदद करने के लिए आगे नहीं आए थे जबकि सड़क हादसे से लड़के बहुत जख्मी हो गये थे। लेकिन तुरंत इस घटना की सूचना नजदीकी पुलिस थाना सरई में देते हुए घायल एक लड़के को अपने निजी वाहन से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में पहुंचाकर भर्ती करवाया। और वही दूसरे लड़के को उसके परिजनों ने अपने वाहन से बैढ़न ले गये । वहीं मिली जानकारी मुताबिक यह दोनों लड़के मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण में जा रहे थे जिसमें आधे रास्ते में ही कोई बोलेरो ने इन्हें टक्कर मार दिया और फरार हो गया जिसमें एक लड़के का नाम मातामणी पठारी प्रधान पिता उदयभान पठारी प्रधान 10 वर्ष निवासी गजरहिया थाना सरई एवं और वहीं दूसरा लड़का उसी ग्राम गजरहिया थाना सरई निवासी बताया जा रहा है। ए हालांकि एक लड़के को घटना स्थल से उसके परिजन बैढ़न ले गये थे लेकिन दूसरे लड़के को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र सरई में भर्ती कराया गया। लेकिन इसका भी स्थिति ठीक नहीं था जिसमें एक घंटे के बाद इस लड़के को भी बैढ़न रेफर कर दिया गया जिनका इलाज जारी है।

# संविदा कर्मचारियों को उपहार देकर किया गया सम्मानित





## एनटीपीसी सिंगरौली ने संविदाकार कर्मचारियों को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण

**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के सुरक्षा विभाग द्वारा आज आगामी स्टेज -3 2 गुणे 800 मेगावाट यूनिट के निर्माण कार्य में संलग्न संविदा कर्मचारियों के लिए मास पेप टॉक सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना तथा कर्मचारियों को संभावित खतरों से बचाव के उपायों की जानकारी देना था जिससे निर्माण कार्य को सुरक्षित और कुशल तरीके से संपन्न किया जा सके इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व सुश्री लिंडा स्कारिया उप महाप्रबंधक सुरक्षा विभाग ने किया। उन्होंने उपस्थित कुल 300 संविदा कर्मचारियों को प्लांट में कार्य के दौरान अपनाए जाने वाली सावधानियों आपातकालीन स्थितियों में बरतने वाले कदमों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन करने वाले कुछ चयनित संविदा कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिल सके। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के नवनीत कुमार देवांगन अपर महाप्रबंधक सुरक्षा विभाग दीपक कुमार सोनकर अपर महाप्रबंधक एफ्जीडी संजीब पाल अपर महाप्रबंधक सिविल कंस्ट्रक्शन तथा बीएचईएल के साइट इंचार्ज सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

**जागरण बैढ़न।** जिले मे माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक रैली व्याख्यान रंगोली और पोस्टर बनाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना रहा। कार्यक्रम में सीएचसी के काउंसलर मास्टर प्रशिक्षक क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्राम की किशोरियाँ किशोर और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मास्टर प्रशिक्षक एवं काउंसलर द्वारा माहवारी के दौरान स्वच्छता के महत्व सही तरीके से सेनेटरी पैड के उपयोग उसके निस्तारण तथा माहवारी से संबंधित मिथकों पर विस्तार




से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए जिससे वे सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी का अनुभव कर सकें!

# स्कूली बच्चों को मिला आईटी और बीएफएसआई का प्रशिक्षण




**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कर्री में बच्चों को नौकरी से संबंधित कौशल सिखाने के लिए एक दिवसीय ऑन-जॉब ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कर्री के आशुतोष कम्प्यूटर सेंटर और ग्राहक सुविधा केंद्र पर आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों को आईटी और बीएफएसआई क्षेत्र से जुड़े कौशल सिखाए गए। संस्था प्राचार्य आरएम सिंह की निगरानी में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बच्चों को कई महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नौकरी से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाना, कार्यस्थल की प्रक्रियाओं और नीतियों से परिचित कराना, टीम में काम करने की क्षमता विकसित करना, प्रभावी संवाद स्थापित करने में मदद करना और अपने काम के प्रति जिम्मेदार बनाना था। साथ ही, बच्चों को नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करने से संबंधित जानकारियाँ भी दी गईं। इस दौरान आईटी शिक्षक रविन्द्र सिंह, बीएफएसआई शिक्षिका प्रेमलता पटेल, स्कूल के अन्य स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण से बच्चों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

# केन बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की धरती पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगी : डॉ. मोहन यादव

## लाड़ली बहनों को आने वाले समय में तीन हजार रूपए माह की राशि दी जाएगी मुख्यमंत्री ने खजुराहो से वर्चुअली किया करोड़ों रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**छतरपुर।** छतरपुर केन बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की धरती पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगी। शराब से खराब कोई चीज नहीं शराब पीढ़ियों को बर्बाद कर देती है। कल्याणी विवाह योजना शुरू होगी लाडली बहनों को आने वाले समय में तीन हजार रूपए माह की राशि दी जाएगी एवं किसानों भाइयों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। उक्त विचार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर जिले के गौरिहार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे थे। किंतु तेज आंधी बारिश होने के कारण खजुराहो के निजी होटल में वर्चुअल कांफ्रेंस के




माध्यम से बोलते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर छतरपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री ऐदल सिंह कसाना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक राजनगर अरविंद पटेरिया, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला, विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्षक छतरपुर ज्योति चौरसिया, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरूण सिंह, पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, चन्द्रभान सिंह गौतम, कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।

## प्रदेशव्यापी जल गंगा सवर्धन अभियान में सिंगरौली जिला टॉप 10 में

**जागरण बैढ़न।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हन पर प्रदेशव्यापी जल गंगा सवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक अनवरत चलाया जा रहा है। अभियान में जल संरचनाओं का निर्माण पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार रेन वाटर हार्वेस्टिंग ट्यूबवैल कुओं एवं हैंडपंप जैसी जल संरचनाओं के आसपास रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण और तालाबों का गहरीकरण जैसे जल संवर्धन कार्यों से मध्यप्रदेश में करोड़ों लीटर वर्षा जल सीधे भूगर्भ में सहेजा जा सकेगा। साथ ही जिले के लिए हर्ष का विषय है कि प्रदेशव्यापी जल गंगा सवर्धन अभियान सिंगरौली जिला 10 वे पयादन पर है। जिले के कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के देख रेख में जन भागीदारी के माध्यम से कंचन नदी में श्रमदान कंचन नदी पुर्नजीवन अभियान के तहत ग्रामीणों ने नदी के आसपास की सफाई की। ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। जिले में जल संरक्षण की अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। जिले में दीवार.लेखन जागरूकता रैली पोस्टर.बैनर रंगोली ग्रामसभा कलश.यात्रा हो रही हैं।

TATA

**टाटा कैपिटल लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** ११वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - ४०००१३. **टेलीफोन नंबर:** ०२२-६६०६ ९०००
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या:** U65990MH1991PLC060670 **वेबसाइट:** www.tatacapital.com

**शाखा बंद करने एवं स्थानांतरित करने हेतू सार्वजनिक सूचना**

टाटा कैपिटल लिमिटेड (कंपनी), जिसका पंजीकृत कार्यालय ११वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिज़नेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - ४०० ०१३, महाराष्ट्र, भारत में है, अपने ग्राहकों और सभी संबंधितों को सूचित करती है कि पूर्ववर्ती टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड (८ मई, २०२५ से टाटा कैपिटल लिमिटेड के साथ विलय) का नीचे दी हुई शाखा कार्यालय २ सितंबर, २०२५ से बंद कर दी जाएगी एवं एक नए स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगा:

**शाखा कार्यालय का वर्तमान पता (प्रस्तावित बंद):**
मित्र हाईट्स, चौराहा कॉलेज, सिविल लाईन्स, बीएसएनएल कार्यालय के सामने, रिवा-४८६००१. मध्य प्रदेश

**नया शाखा कार्यालय पता:**
दूसरी मंजिल, आशिर्वाद कॉम्लेक्स, एनएच-१७, इलाहाबाद रोड, रिवा-४८६००१. मध्य प्रदेश

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कृपया हमें **customercare@tatacapital.com** पर लिखें।

**स्थान : मुंबई**
**दिनांक : ३० मई,२०२५**

**टाटा कैपिटल लिमिटेड की ओर से**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# विश्वास बहाली और संदेश देने का महत्वपूर्ण प्रयास

**पहलगाम में जम्मू-कश्मीर कैबिनेट की विशेष बैठक विश्वास बहाली की दिशा में अहम प्रयास है। इससे देश के लोगों में तो भरोसा जगेगा ही, सीमापार तक भी यह संदेश पहुंचेगा कि आतंकी गतिविधियां जम्मू-कश्मीर की तरक्की को रोक नहीं सकतीं।**

पहलगाम में कैबिनेट की बैठक विश्वास बहाली का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो देश और सीमा पार यह संदेश देगा कि आतंकवाद जम्मू-कश्मीर की प्रगति को बाधित नहीं कर सकता।

पर्यटन में वृद्धि दर्शाती है कि घाटी में स्थिति सामान्य हो रही है। लेकिन आतंकी हमलों का उद्देश्य हमेशा से पर्यटन और जम्मू-कश्मीर की प्रगति को बाधित करना रहा है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि विशेष दर्जा खत्म होने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। विधानसभा में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 से 2024 के बीच 7.49 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचे थे। इसमें से 99.93 लाख से अधिक पर्यटकों ने घाटी की सैर की।

जम्मू के मुकाबले कश्मीर का डेटा भले कम हो, लेकिन इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अच्छी बात यह रही कि इस दरम्यान कश्मीर में विदेशी पर्यटक अधिक आए, 2024 में 65 हजार से भी ज्यादा। ये आंकड़े केवल पर्यटन का हाल नहीं बताते, बल्कि साबित करते हैं कि जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में चीजें सामान्य हो रही थीं। जो इलाका आतंकवाद का दंश दशकों से झेल रहा था, वह पूरे भारत के साथ कदमताल करने लगा था। आतंकी इसी पर चोट करना चाहते थे और पहलगाम हमले का मकसद यही था।

इसी वजह से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने टारगेट किलिंग कर देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पहलगाम के बाद जम्मू-कश्मीर के तमाम पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया गया था और होटल-टैक्सी वगैरह की 90 फीसदी तक बुकिंग कैंसल हो गई थीं। यह झटका केवल उनके लिए नहीं है, जिनका रोजगार सीधे पर्यटन से जुड़ा हुआ है, यह चोट पूरे राज्य की आर्थिक सेहत और टूरिज्म बढ़ाने के लिए हाल के बरसों में किए गए तमाम प्रयासों पर है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने ठीक कहा कि अगर हम इन जगहों पर नहीं जाएंगे तो कौन जाएगा। अगर बंदूकों से डरकर घाटी को अकेला छोड़ दिया जाता है, तो यह आतंकी मंसूबों की जीत होगी। यही तो वे चाहते हैं। उनकी गोलियों का जवाब देने के साथ-साथ यह संदेश भी पहुंचना चाहिए कि हिंदुस्तान के किसी कोने में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए। ये कदम छोटे-छोटे ही सही, पर स्थानीय लोगों में सुरक्षित होने का अहसास पैदा करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

इस कड़ी में पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला की यह बात भी गौर करने लायक है कि केवल टूरिज्म पर निर्भर न रहकर इंडस्ट्री लाई जाए। इससे तमाम दूसरे रास्ते अपने आप खुल जाएंगे।

प्रसंगवश

# व्यापार में नाकामी की सजा पूरे परिवार को क्यों

**कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है?**

हरियाणा के पंचकूला में उत्तराखंड से आए एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को गहरे तक झकझोर कर रख दिया। एक कार में नाकाम बेटे ने मां-बाप, पत्नी, दो किशोर बेटियों व एक बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार के खत्म होने के बाद कुछ समय के लिए जीवित बचे व्यक्ति ने चश्मदीद को बताया कि वह कर्ज में डूब गया था, कोई रास्ता नजर न आता देख सामूहिक आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस के पहुंचने व चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद परिवार में किसी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। निश्चय ही यह दुखद घटना हर इंसान को उद्वेलित करती है। लेकिन यह भयावह घटना तमाम सवालों को जन्म देती है। आखिर इंसान कैसे सोच लेता है कि आत्महत्या कर लेना संकट का अंतिम समाधान है? जब व्यक्ति में जोखिम से उपजे संकट से जूझने का सामर्थ्य नहीं है तो भारी कर्जा उठाना कितना तार्किक है? महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां-बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? यह कल्पना करनी भी भयावह है कि अपना अधिकांश जीवन जी चुके मां-बाप, तीन बच्चों को जन्म देने वाली मां तथा सुखी भविष्य की कल्पना के साथ जीवन की पारी की शुरूआत करने वाले बच्चों ने जहर खाना सहज स्वीकारा होगा। यदि उन्हें यह जहर बिना बताए भी दिया गया होगा तो भी जहर की पीड़ा ने उन्हें तड़फाया भी होगा। अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी? निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? कहा जाता है कि पड़ोसी व मित्र ही संकट के समय में मददगार होते हैं। तो क्या माना जाना चाहिए कि आज हमारे रिश्ते महज दिखावे के रह गए हैं? आखिर विवाह समारोह समेत तमाम अवसरों पर जुटने वाली लोगों की भीड़ केवल महज खाने-पीने तक की ही दोस्त होती है? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? बहरहाल, गत सोमवार को घटी घटना के सभी तथ्य सामने आने में अभी वक्त लगेगा और घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां भी सामने आएंगी। लेकिन यह एक हकीकत है कि एक कर्ज से हारा हंसता-खेलता परिवार हमेशा-हमेशा के लिये चिरनिद्रा में सो गया है। लेकिन यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें। कोई भी जोखिम यदि हम व्यापार में उठाएं तो उसके तमाम नकारात्मक पहलुओं पर जरूरी विचार करें। उसके बुरे से बुरे परिणाम के बारे में आकलन करें। दूसरा सबक यह है कि हमारे सामने संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें हार नहीं माननी चाहिए। यह भी कि खुद व परिवार को मौत के मुंह में धकेलना किसी समस्या का समाधान नहीं है। आज की पीढ़ी जल्दी मोटा मुनाफा कमाने की होड़ में बड़े कर्ज लेकर दांव तो खेलती है,लेकिन जरूरी नहीं हर जोखिम लाभदायक ही साबित हो। हमें अपनी सामर्थ्य और देशकाल परिस्थितियों का पूरा आकलन करके ही कदम उठाना चाहिए।

# सम्प्रदाय, धर्म और अध्यात्म...(भाग-2)



ऋषियों ने कहा है... मनुष्य को जीवन से मुक्ति तभी मिलती है... जब वह सब बंधनों से... सब ऋणों से... मुक्त हो जाये... तब जाकर होती है उसे सच्चे धर्म की प्राप्ति... भारतीय वांग्मय कहता है... मनुष्य को तीन ऋण बन्धन बाँधे रखते हैं... पहला है... मातृ-पितृ ऋण... दूसरा है... गुरु और ऋषि ऋण... तीसरा है... देव ऋण... इन तीनों ऋणों को... धर्म की उदारता और उसके आंतरिक रूप से ही चुकाया जा सकता है... इन्हें सिर्फ धर्म के नैतिक रूप से ही चुकाया जा सकता है... धन-सम्पदा से... यह तीनों ही ऋण नहीं चुकाये जा सकते...

माता-पिता से हमें जीवन मिलता है... शिशु की प्रथम गुरु उसकी माँ ही होती है... बिना माँ के शिशु एक मिट्टी का लोंदा है... पिता शिशु को संरक्षण देता है... समाज में पहचान देता है... व्यावहारिक ज्ञान तथा जीवन के संसाधन देता है... ऋषियों से हमें जीवन जीने की कला मिलती है... ज्ञान और जीवन की दृष्टि मिलती है... देवता हमें जल... वायु... पृथ्वी... और आकाश देकर... हमें जीवन शक्ति देते हैं... जब जीवन के पास अंतर्दृष्टि होगी... तो सत्य का ज्ञान होगा... जब आंतरिक शक्ति होगी कर्म करने की... तब सद्कर्मों की चेतना से जीवन जुड़ेगा... तब ज्ञान और कर्मों के समन्वय से... हम मनुष्य... अपने-अपने माता-पिता की सेवा कर... उनके नाम और कुल को उज्ज्वल कर... प्रसिद्धि और प्रशस्ति को प्राप्त कर... मातृ-पितृ ऋण से मुक्त होंगे... ऋषियों को आदर देकर... उनके द्वारा प्रदर्शित पथ पर चलकर... मनुष्य ऋषि ऋण से मुक्त होता है... तथा... देवताओं को यज्ञाहुतियाँ प्रदान कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने से मनुष्य देव ऋण मुक्त हो जाता है....

यहाँ ऋण मुक्ति का अर्थ है... धर्म के अर्थ को समझते हुए... अन्तर्मुखी हो... आध्यात्मिक हो जाना... क्योंकि... इन तीनों ऋणों को चुकाने के लिए हमें... दया... ममता... सेवा... माधुर्य... करुणा और ईश्वर के प्रति अखंड विश्वास को धारण करना होगा... अपने माता-पिता... ऋषि... मुनियों... गुरुजनों और देवताओं का सम्मान करते हुये हमें सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों का त्याग करना होगा... हमें धारण करनी होगी सहजता... सभी प्रकार की नृशंसता से मुक्त होकर... हमें अपने जीवन को गतिशील बनाये रखना होगा...

हिंसा केवल कर्मों से ही नहीं होती... वरन्... हिंसा वचन और मन से भी होती है... अतः दूसरों की कोमल भावनाओं को आघात लगाने वाली हिंसक वाणी को न बोलना... तथा अपने मन में हिंसक विचारों को न आने देने पर ही... हम बन सकते हैं आध्यात्मिक... इसके लिए हमें हिन्दू... मुसलमान... सिख... ईसाई... बौद्ध होने की जरूरत नहीं... क्योंकि आध्यात्मिकता मानवता का धर्म है... यह साम्प्रदायिकता का धर्म नहीं है....

धर्म और सम्प्रदाय... दो अलग-अलग विरोधाभास हैं... धर्म आदमी को उसके अन्तःकरण के ध्यान में ले जाता है... जो मनुष्य के अहंकार को मिटाता है... जबकि सम्प्रदाय समूह की शक्ति दिखलाकर... मनुष्य के अन्दर समाये उसके अहंकार को और अधिक बढ़ाता है... धर्म सिखलाता है समर्पण... जबकि सम्प्रदाय सिखलाता है दावेदारी... सम्प्रदायों का आधार ही जीवित रहता है तर्कों पर... चालाकी और क्षुद्रताओं पर...



विचार चक्र...
मदन मोहन गुप्त
आध्यात्मिक चिंतक
प्रतिवादी क्र.-20 श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण उच्चतम न्यायालय भारत

धर्म जीवन का आधार है... मानवीय जीवन में प्रेम... तथा मृत्यु के बाद पुनर्जीवन धर्म की देन है... धर्म मनुष्य के जीवन भर प्रेम का विस्तार है... यद्यपि धर्म लोक से अधिक परलोक की चिन्ता है... किन्तु फिर भी धर्म सिर्फ अध्यात्म में प्रवेश का मार्ग भर है... जब कि अध्यात्म है मोक्ष का मार्ग... अध्यात्म है पूर्णता... अध्यात्म नर का नारायण में विलीनीकरण है... अध्यात्म के बाद न पुनर्जन्म है न पुनर्जीवन... जब मनुष्य धर्म से भी मुक्त हो जाएगा... तब होगी उसे अध्यात्म... अर्थात... आत्म तत्व की प्राप्ति... क्योंकि धर्म भी एक बंधन है और अध्यात्म बिना किसी बन्धन के मनुष्य की मुक्त आत्मा को परमात्मा तक ले जाने का विज्ञान है...

**अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पुरयोध्या ।**
**त यां हिरण्मयः कोशः स्वर्गो ज्योतिषा वृतः ।।**
**तस्मिन हिरण्मये कोशे परे त्रिप्रतिष्ठते ।**
**तस्मिन्यद्यमात्मन्वत तद्वै ब्रह्मविदो विपुः ।।**
(अर्थव 10.2.31-32)

**आठ चक्र नौ दरवाजों का**
**देह बना है आत्मा का**
**उसके अंतर में ज्योतिर्मय**
**मंदिर है परमात्मा का**
**अपने अन्तर्वासी प्रभु का**
**सदा हृदय में स्मरण करो**
**अपने इस गौरव को जानो**
**निज स्वरूप का मनन करो**
**अपने में ही पूर्ण तृप्त हो**
**अविरत श्रद्धावान् रहो**
**अपनी दिव्य शक्ति पहचानो**
**अमृत और प्रशान्त रहो...**

जैसे जल के अलग-अलग रूप हैं... कहीं वह ओस का नन्हा सा शीतल कण है... तो कहीं खौलती हुई वाष्प है... कहीं वह जल नदी की उमंग भरी लहर है... तो कहीं वही जल सागर की अनंत गहराई है... जल कहीं वर्षा का उमड़ता हुआ जलध मेघ है... तो... कहीं वह पृथ्वी की अतल गहराइयों में छिपा हुआ पानी का स्त्रोत है... कहीं वही जल किसी भक्त के नेत्रों में छलकता हुआ श्रद्धा का अश्रु है... तो कहीं जल पीड़ित मानवता की आँखों से टपकता हुआ आँसू है... जैसे जल वही है... उसके रूप और गुण परिवर्तित हैं... वैसे ही धर्म के भी अलग-अलग रूप हैं... कहीं वह सनातन हिन्दू धर्म है तो कहीं इस्लाम का पाक कलाम है... यहूदियों... बौद्धों ने और क्रिश्चियनों ने... सबने अलग-अलग पानी की बूँदों के जैसे ही ईश्वर के अलग-अलग रूपों में... उसी एक सर्वव्यापी परम विराट सत्ता को ढूंढ़ा है....

धर्म... गंगाजलि है एकता की ... मज़हब... आब-ए-जमजम है.... धर्म... सीख देता है अनेकता में एकता की... जबकि सम्प्रदाय का उद्घोष है... एकला चलो रे... एकला चलो रे... धर्म अलग-अलग रिश्तों में बंट कर भी एक रहना सिखलाता है... वह सिखलाता है कि जननी और जन्मभूमि... पिता और आकाश... माता और धरती... बेटा और वृक्ष... बिटिया और आंगन की चिड़िया... सब एक से हैं... पहचान इनकी भले ही अलग हो... पर... सबमें एक से गुण- धर्म हैं... मैं सम्प्रदायों के विरुद्ध नहीं हूँ... वरन्... उनकी धर्मान्धता... उनकी कट्टरता के खिलाफ हूँ... सम्प्रदाय तो धर्म का अभिलक्षण है... उसकी तात्कालिक माँग है... जो यह कहती है... कि ... धर्म मनुष्य की दृष्टि से ओझल न होने पाये...

जिस तरह से हमें अपना सम्प्रदाय... अपना कुनबा... अपना परिवार... अपना घर... प्रिय लगता है... अपना देश और अपने लोग प्रिय लगते हैं... उसी तरह से हमें यह भी सोचना होगा कि... हमारी ही तरह से ... दूसरों को भी उनका धर्म... उनका परिवेश... उनका सम्प्रदाय... उनका देश... उनकी बोली... उनकी भाषा... उनके लोग... उनके अपने बाल-बच्चे प्रिय लगते होंगे... तब फिर क्यों करें हम... दूसरे मजहबों की... दूसरी संस्कृतियों की... दूसरी तहजीबों और भाषाओं का विरोध...?

मेरी दृष्टि में... प्रकृति जनित... सनातन धर्म... प्राणिमात्र की उत्पत्ति और संहार है... जन्म और मृत्यु है ... परमात्मा जो कुछ बनाता है... उसे वही मिटाता भी है... जो पूर्ण से उत्पन्न होता है... वह पूर्ण में ही समाहित हो जाता है... वेद उद्घोष करते हैं- 'पूर्णः पूर्णमिदम्' सनातन धर्म का अर्थ मेरी दृष्टि में है... जीवन और मृत्यु के बीच की अवधि में श्रेष्ठ मानव बनकर... परमात्मा को प्राप्त करना...यही आध्यात्मिक दृष्टि भी है...

जब तुम... एक बार आध्यात्मिक बनने के बाद... परमात्मा को प्राप्त कर लोगे... उसमें लीन हो जाओगे... तब फिर... परमात्मा तुम्हें कभी नहीं मिटाएगा... भला कोई अपने को भी मिटाता है कभी...? जब तुम परमेश्वर में लीन हो गये... तो स्वयं तुम भी तो परमात्मा का ही स्वरूप हो गये... यही मोक्ष है... यही जीवन धारण करने वाले सभी मानवों का सनातन धर्म है कि... जीवन और मृत्यु के बीच ईश्वर की खोज करके वह परमेश्वर में समा जाएँ... और यह कोई भी मनुष्य कर सकता है... भले ही उसका धर्म हिन्दू... मुस्लिम... सिक्ख... ईसाई कुछ भी हो...

यही आध्यात्मिक दृष्टि है... जो धर्म से भी ऊपर उठ कर है.... यह सबमें एक... ही 'पूर्ण ब्रह्म' का दर्शन करने वाली आध्यात्मिक दृष्टि है... जो सभी सम्प्रदायों और दुनिया भर के धर्मों को... अपने में... आत्मसात कर... सबका सम्मान करने की दृष्टि है... यही अध्यात्म है... और... यही है जग में प्रेम... मोहब्बत... शाँति... और सुख-चैन... बाँटने की कुदरती कला...

**इस जग का कण-कण बदले पर**
**प्रभु मिलन की राह न बदले...**
**पूजा का उत्साह न बदले**
**अंकित हुई मेरे अंतर में**
**भावों की यह भाषा**
**इसे स्वाति सा समझ**
**तृषा को तुष्टि समझता चातक प्यास**
**जीवन का कण-कण बदले पर**
**प्रभु दर्शन की राह न बदले....**
**यह अर्चन के फूल सुकोमल**
**अक्षत, शुचि वंदन - अभिनंदन**
**श्वासों की रोली आँसू की**
**अंजी, प्राणों का आमंत्रण**
**मंदिर का कण-कण बदले पर**
**मेरे प्रभु की चाह न बदले...**
**इस जग का कण-कण बदले पर**
**प्रभु मिलन की राह न बदले....**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# बेमौसम बरसात बिगाड़ रही है पारंपरिक कृषि समीकरण

मानसून का प्रभाव

पंकज चतुर्वेदी



**समय से पहले मानसून का आना मौसम के पैटर्न में एक व्यवधान का संकेत हो सकता है, जो कृषि से लेकर बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में अनपेक्षित और नकारात्मक परिणाम पैदा कर सकता है। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून यूं ही अनियमित होता रहा, तो देश के कई आर्थिक और कृषि संबंधी समीकरण बिगड़ सकते हैं। देश की खेती, हरियाली और वर्ष भर के जल संसाधनों की व्यवस्था इसी बरसात पर निर्भर करती है।**

कहते हैं, जब जेठ तपता है, तब आषाढ़ बरसता है और सावन-भादों में झड़ी लगती है। लेकिन इस वर्ष नौतपा में, जब देश को गर्मी से झुलसना चाहिए था, तब तो जैसे सावन ही आ गया हो– बारिश की झड़ी लग गई। मौसम वैज्ञानिक इसे मानसून-पूर्व वर्षा मानते रहे, परंतु चुपके से कर्नाटक, महाराष्ट्र और केरल में मानसून की बयार समय से पहले ही दस्तक दे गई।

हमारे देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना मानसून पर गहराई से निर्भर है। इस वर्ष केरल में मानसून 24 मई को, यानी सामान्य तिथि से आठ दिन पहले पहुंच गया। कर्नाटक और मुंबई में भी 26 मई को मानसून ने समय से पहले ही दस्तक दे दी।

हालांकि इस असामयिक बारिश ने गर्मी से राहत जरूर दी, लेकिन यदि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून यूं ही अनियमित होता रहा, तो देश के कई आर्थिक और कृषि संबंधी समीकरण बिगड़ सकते हैं। देश की खेती, हरियाली और वर्ष भर के जल संसाधनों की व्यवस्था इसी बरसात पर निर्भर करती है।

भारतीय मानसून मुख्यतः गर्मियों के दौरान वायुमंडलीय परिसंचरण में होने वाले परिवर्तनों पर आधारित होता है। जैसे ही गर्मी की शुरुआत होती है, सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण के साथ-साथ अंतःउष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र का भी उत्तर की ओर स्थानांतरण होने लगता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है, जिससे मानसून की स्थितियां बनती हैं।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जिससे वायुमंडल में नमी बढ़ती है और बादल जल्दी बनते हैं। जल्दी मानसून के कुछ वैश्विक कारक भी हैं। मॉरीशस और मेडागास्कर के पास से निकलने वाली एक प्रमुख निम्न-स्तरीय पवन धारा सोमाली जेट मई में तीव्र हो गई। यह जेट अरब सागर के पार केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र सहित भारत के पश्चिमी तट पर नमी से भरी हवा पहुंचाता है। इस साल इसकी असामान्य ताकत मानवजनित प्रभावों के कारण प्रतीत होती है।

मानसून ने तय समय से पहले आने की लोग खुशी मना रहे हैं क्योंकि इसने गर्मी से तुरंत राहत दे दी है लेकिन गर्मी से राहत देने वाला और जल्दी आने वाला मानसून आम लोगों की जेब पर भी असर डालने लगा है, क्योंकि इसका असर कृषि पर दिखने लगा है और महंगाई को ये आमंत्रण दे चुका है।

प्याज के लिए ज्यादा कीमत देने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भारी बारिश के चलते प्याज जैसी अहम फसलों को नुकसान पहुंचा है। अब एक बार फिर सब्जियों की कीमतों में उछाल की आशंका है साथ ही जहां महंगाई काबू हो रही थी उसे भी झटका लग सकता है।

किसानों को अक्सर मानसून के एक निश्चित समय पर आने की उम्मीद होती है। यदि मानसून जल्दी आ जाता है, तो वे खेत तैयार करने, बुवाई करने या सही फसल का चुनाव करने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं। जल्दी मानसून से उनका सामान्य फसल चक्र बाधित हो सकता है। समय से पहले बरसात ने बड़े पैमाने पर फसलों को प्रभावित किया है। आम, अनार, नींबू जैसी बागवानी फसलों के साथ साथ बाजरा, मक्का की फसल भी प्रभावित हुई है। बारिश की सबसे ज्यादा मार प्याज के किसानों पर पड़ी है। इसके अलावा सोयाबीन और उड़द एवं मूंग जैसी फसलों के प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है। भारी बारिश के कारण बागवानी के आलावा बाजरा, मक्का जैसी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

मई महीने में हो रही बारिश के कारण 29,483 हेक्टेयर फसलें, खासतौर पर आम, अनार, संतरा, मीठा नींबू और सब्जियों जैसी बागवानी फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों को इस बारिश ने परेशान कर दिया है, खासकर मराठवाड़ा और विदर्भ के ऐसे किसान जो आगामी खरीफ सीजन के लिए अपने खेतों को तैयार करने में जुटे थे। किसानों के मुताबिक सोयाबीन के लिए जुताई और कतार बनाने के मामले में खेत की तैयारी अभी पूरी नहीं हुई है। बारिश ने काम रोक दिया है। बुवाई का काम खेत में पर्याप्त नमी होने के बाद भी शुरू होता है। मूंग और उड़द जैसी फसलों के लिए बुवाई का समय कम होता है, जबकि कपास और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए यह समय लंबा होता है। किसानों को चिंता है कि कहीं यह बारिश बुवाई के दौरान मुश्किल न बन जाए। कोंकण, नासिक, पुणे, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, लातूर, अमरावती और नागपुर में प्याज उत्पादक क्षेत्रों में बेमौसम बारिश से ज्यादा प्याज की फसल को नुकसान हुआ है। जिसमें सबसे ज्यादा प्याज की फसल को नुकसान हुआ है।

प्याज उत्पादक जिलों में बेमौसम बारिश हुई है। बारिश में हजारों एकड़ में लगी प्याज की फसल बर्बाद हो गई है। कीमतें पहले से ही कम थीं और बेमौसम बारिश के कारण और भी गिर गई हैं। किसान एक साल पहले से ही रबी सीजन की तैयारी शुरू कर देते हैं जिसमें अगस्त-सितंबर 2024 में नर्सरी लगाई जाती है और नवंबर से जनवरी तक फिर से रोपाई की जाती है। इस साल मार्च से पहले फसल काटने वाले किसानों को प्रति एकड़ अच्छी उपज मिली है। वहीं अप्रैल-मई में कटाई करने वाले किसान उतने भाग्यशाली नहीं रहे हैं, क्योंकि फसल को बहुत ज्यादा गर्मी और फिर बेमौसमी बारिश का सामना करना पड़ा है । सभी किसानों के पास स्टोरेज की सुविधा नहीं है। जो किसान खेतों में अपनी उपज को स्टोर करते हैं वो मई में हुई बारिश में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इन किसानों की कटी हुई फसलें गीली हो गई हैं जबकि कई इलाकों में खड़ी फसलें भी खराब हो गई हैं।

मौसम विभाग और कृषि विशेषज्ञों की मानें तो यदि मानसून की गतिविधियां इसी तरह अनियमित रहीं, तो आगामी खरीफ सीजन की उत्पादन योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते किसानों को वैज्ञानिक और लचीली कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता है। इस बार समय से पहले आई बारिश किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। हजारों हेक्टेयर फसलों का नुकसान और बुवाई में देरी ने पहले ही सीजन को संकटग्रस्त बना दिया है। हालांकि कृषि विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही पुनः बुवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। समय से पहले मानसून का आना मौसम के पैटर्न में एक व्यवधान का संकेत हो सकता है, जो कृषि से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में अनपेक्षित और नकारात्मक परिणाम पैदा कर सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 31 को हर जिले में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**विसं, भोपाल।** तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियां पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

### एमपीपीएससी ने जारी किए असिस्टेंट प्रोफेसर के रिजल्ट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग ने उच्च शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी) के 116 पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के अंतिम रिजल्ट जारी कर दिए हैं। उक्त परीक्षा में रिजल्ट 87 फीसदी उम्मीदवारों के लिए जारी किए हैं। 13 फीसदी रिजल्ट हाईकोर्ट के अंतिम फैसले पर किए जाएंगे। क्योंकि ओबीसी को 13 फीसदी आरक्षण नहीं दिया जाता है, तो उक्त रिजल्ट सामान्य वर्ग के लिऐ जारी किए हैं। एमपीपीएससी ने परीक्षा गत वर्ष नौ जून को आयोजित कराई थी। गत वर्ष 25 सितंबर को रिजल्ट जारी करने बाद एमपीपीएससी ने 21 से 31 जनवरी तक उम्मीदवारों साक्षात्कार आयोजित कराए थे।

### अपने फोन से हितग्राही कर सकते हैं ई-केवायसी

**विसं भोपाल।** पीडीएस से राशन सामग्री लेने वाले हितग्राही अपने मोबाइल फोन के जरिए ई-केवायसी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें केवल फेस वेरिफिकेशन करना पड़ेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि हितग्राही अपने एंड्रायड फोन पर मेरा ई-केवायसी'' एप को डाउनलोड कर अपने फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से ई-केवायसी कर सकता है। वृद्ध हितग्राही एवं बच्चों की ई-केवायसी भी इस एप से कर सकते हैं। राजपूत ने बताया है अब तक 8 लाख से अधिक हितग्राहियों ने इस सुविधा का लाभ लेकर घर बैठे अपनी ई-केवायसी करायी है तथा बिना किसी समस्या के राशन प्राप्त कर रहे हैं।

### समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा मानसून

# 17 राज्यों में पहुंचा मानसून, अगले कुछ दिनों में सात राज्यों में बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में मानसून के आगमन से मौसम बदल रहा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में पहले ही आ चुका है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल मानसून देश के 17 राज्यों में सक्रिय हो चुका है। अगले कुछ दिनों में मानसून उत्तर-पूर्व पश्चिम बंगाल और बिहार में सक्रिय हो जाएगा। साथ ही अगले 48 घंटों में महाराष्ट्र, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में बारिश जारी रहेगी। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण ओडिशा और झारखंड में भी बारिश की संभावना है। अगले दो दिनों में उत्तर-पूर्व और पश्चिम बंगाल, बिहार और राज्यों में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। बंगाल खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटे में एक डिप्रेशन में बदल सकता है। छत्तीसगढ़ में पहली बार नौतपा में मानसून ने दस्तक दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून बस्तर पहुंच चुका है। कुछ दिनों बाद पूरे राज्य में सक्रिय हो जाएगा। बुधवार को राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई। ओडिशा में मानसून की दस्तक के साथ ही छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश के शेष हिस्सों, तेलंगाना के अधिकांश हिस्सों, कर्नाटक के शेष हिस्सों और महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में भी 28 मई को मानसून ने दस्तक दे दी है। इसका असर मध्य प्रदेश पर भी पड़ा और सीमावर्ती जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई।



#### प्रदेश के 40 जिलों में बारिश की चेतावनी

बुधवार को मध्यप्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। गुरुवार के लिए भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

#### केरल और कर्नाटक में हुई जबरदस्त बारिश

मानसून की वजह से केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। केरल और कर्नाटक के कई इलाकों में पिछले 24 घंटे में 100 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

#### दिल्ली में भी बदलेगा मौसम का मिजाज

दिल्ली सहित कई राज्यों में आंधी-तूफान और तेज बारिश हो सकती है। 29 और 30 मई को भी बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें तो 29 मई से 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेगी।

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां गुरुवार के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है।

**यूपी-बिहार:** 31 मई को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना है। बिहार में 30 मई को बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में 18 जून तक मानसून दस्तक दे सकती है। वहीं, बंगाल में बने लो प्रेशर के कारण 1-2 जून तक बिहार में हल्की बारिश के आसार हैं।

**राजस्थान:** राजस्थान में मौसम के तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां वृद्ध महिला की हीटवेव से मौत की बात सामने आई। उदयपुर, चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा में बारिश जारी है। जैसलमेर में सुबह से रेत का गुबार (धूलभरी आंधी) है।

**पूर्वोत्तर:** पूर्वी भारत के राज्यों में अगले 48 घंटे तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम में जबदस्त बारिश की चेतावनी दी है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर का असर इन राज्यों में देखने को मिल रहा है। कई इलाकों में तेज आंधी के आसार हैं।

#### देवास, हरदा में झमाझम छतरपुर, टीकमगढ़ में गर्मी का दौर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मई के अंतिम सप्ताह में मौसम का मिला-जुला रुख जारी है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में जहां जोरदार बारिश हुई, वहीं कई जिलों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को देवास जिले के हाटपिपल्या में सबसे अधिक 138 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा, हरदा में 137.2 मिमी, बुरहानपुर में 75 मिमी, खंडवा में 72 मिमी, बैतूल में 64.2 मिमी, सीहोर में 62 मिमी और खरगोन में 60 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। भोपाल, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ और नर्मदापुरम में भी बारिश हुई। बुधवार को जहां प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई और आसमान में बादल छाए रहे, वहीं टीकमगढ़, ग्वालियर, छतरपुर, दमोह और शिवपुरी, शाजापुर में लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। प्रदेश के खजुराहो और नौगांव में अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि टीकमगढ़ और ग्वालियर में 41.0 डिग्री सेल्सियस और शिवपुरी में 40.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### देश की महिलाएं हमेशा रहीं हैं सशक्त : मुख्यमंत्री



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मंगलवार को महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे.जहां उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया। सीएम ने महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. यादव ने कहा है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है और राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाईयां थीं, दुश्वारियां थीं, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाईयों से लेकर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया।

#### क्लासरूम में लगी पाठशाला

मुख्यमंत्री ने कॉलेज के फैशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्राओं से उनके क्लासरूम में सीएम की पाठशाला लगाई। उन्होंने छात्राओं को मध्यप्रदेश की महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सम्पूर्ण जीवन वृतांत पर रोचकतापूर्वक प्रकाश डालकर छात्राओं का ज्ञान संवर्धन किया। उन्होंने कहा कि 31 मई को स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देवी अहिल्याबाई की स्मृति में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होने भोपाल आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में बेटियों को भी आना चाहिए।

### मादा बाघ का शव मिला साल में छठवां मामला

**दो बड़े पत्थरों के बीच फंसी पाई गई**

**जागरण, मंडला।** प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व के मुंडीदादर वन परिक्षेत्र में स्थित सुलकुम नदी के पास 8 से 10 वर्ष की मादा बाघ का शव मिला है। यह इस साल रिजर्व और इसके आसपास के क्षेत्र में बाघ की छठवीं मौत का मामला है। वन विभाग के अनुसार, मादा बाघ दो बड़े पत्थरों के बीच फंसी हुई पाई गई, जिससे उसके भूस्खलन में फंसकर मरने की आशंका जताई जा रही है। हाल ही में क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी, जिससे वहां भूस्खलन की स्थिति बनी थी। बाघ की मौत की जानकारी मिलते ही उच्च अधिकारियों ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और मुख्य वन्यजीव संरक्षक के दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्रवाई की। डॉग स्क्वॉड की मदद से आसपास के क्षेत्र की गहन जांच की गई, ताकि किसी तरह के शिकार या मानव हस्तक्षेप की संभावना से इनकार किया जा सके। मौके पर पहुंचे वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. संदीप अग्रवाल और डॉ. आशीष वैद्य की देखरेख में बाघ का पोस्टमार्टम किया। प्रारंभिक जांच में बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए, जिससे किसी प्रकार के अवैध शिकार की आशंका को नकारा गया है। हालांकि, फॉरेंसिक



जांच के लिए नमूने भेजे हैं ताकि मौत के सटीक कारणों की पुष्टि की जा सके।

**इस साल हुई ये मौतें:** गौरतलब है कि 2025 की शुरुआत से अब तक कान्हा और उसके आसपास के क्षेत्रों में छह बाघों की मौत हो चुकी है। इनमें जनवरी में दो वर्षीय मादा बाघ, फरवरी में 13 वर्षीय बाघिन, मार्च में 5 वर्षीय नर बाघ, अप्रैल में 15 माह की मादा बाघ और 6 माह के बाघ शावक की मौत शामिल हैं। इन छह में से पांच मौतें रिजर्व क्षेत्र के भीतर और एक बाहर पार्क के समीप हुई है।

### आईसेक्ट बना मप्र क्रिकेट लीग का प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर

**भोपाल।** आईसेक्ट समूह के अध्यक्ष संतोष चौबे ने घोषणा की है कि आईसेक्ट को मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग का प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर बनने पर अत्यंत गर्व और प्रसन्नता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट भारत में केवल एक खेल नहीं है, बल्किएक जुनून है जो समुदायों को जोड़ता है और पीढ़ियों को प्रेरित करता है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है जिससे वे अपने हुनर को दिखा सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। यह प्रयास आईसेक्ट के उस लक्ष्य के साथ पूर्णतः मेल खाता है, जिसके तहत हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईसेक्ट की ओर से प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर का प्रतिनिधित्व करते हुए, आईसेक्ट के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को आगामी क्रिकेट सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में क्रिकेट के भविष्य को संवारने और इस लीग की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आईसेक्ट पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

#### कई विभागों की अब तक तबादला सूची नहीं हो सकी जारी

### विरोध के डर से विभागों ने लगाई कैविएट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अधिकारी-कर्मचारियों के तबादला प्रक्रिया में व्यस्त सरकारी विभागों को डर सताने लगा है कि तबादलों के विरोध में कर्मचारी कोर्ट का रुख कर सकते हैं। ऐसे में कई विभागों ने स्थानांतरण आदेश जारी करने से पहले हाईकोर्ट में केविएट दायर किए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नई तबादला नीति जारी करते हुए 1 से 31 मई के बीच अधिकारी कर्मचारियों के तबादले करने की छूट दी है। ऐसी संभावना भी है कि सरकार 10 से 15 दिन तक और छूट दे सकती है यानि कि तबादले 10 या 15 जून तक हो सकेंगे। तबादलों पर से प्रतिबंध हटे 28 दिन हो चुके हैं, लेकिन कई विभागों ने अभी तक बड़े स्तर पर स्थानांतरण सूची जारी नहीं की है। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय विकास एवं आवास, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, ऊर्जा और जल संसाधन जैसे विभागों में स्थानांतरण प्रक्रिया जारी है। कई विभागों में स्थानांतरण के लिए निर्धारित प्रतिशत से ज्यादा आवेदन आए हैं। ऐसे में विभाग को सूची जारी करने में दिक्कत हो रही है। कुछ ऐसे अधिकारी जो एक ही स्थान पर पिछले 3 साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित किया जा सकता है,जिसके विरोध में ऐसे अधिकारी कर्मचारी स्टे लेने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

### दैवेभो श्रमिकों के एरियर भुगतान करने की मांग

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के 11 माह के एरियर का भुगतान तत्काल कराया जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि प्रदेश के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का माह अप्रैल 2024 से मार्च माह 2025 तक का 11 माह का एरियर विभागों के अधिकारियों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि पिछले दो माह से दैनिक वेतन भोगी श्रमिक एरियर भुगतान की मांग कर रहे हैं। श्रम आयुक्त ने प्रदेश की दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का 1 अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक 2225 एवं 1 अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक रुपए 50 की वृद्धि करी थी, लेकिन उच्च न्यायालय के स्थगन के कारण वेतन वृद्धि विभागों में लागू नहीं हो पाई है।

### हिंडनबर्ग केस में सेबी की पूर्व चीफ बुच को क्लीनचिट

**मुंबई, जेएनएन।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को हिंडनबर्ग मामले में लोकपाल ने क्लीनचिट दे दी है। लोकपाल की एंटी करप्शन बॉडी ने उनके खिलाफ दर्ज सभी शिकायतों का निपटारा कर दिया है। लोकपाल ने कहा है कि बुच के खिलाफ जांच का आदेश देने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि शिकायतों में लगाए गए आरोप अनुमानों और मान्यताओं पर आधारित हैं। इस मामले में कोई भी वेरिफाइड मटेरियल नहीं मिला, इसलिए उनके खिलाफ की गई सभी शिकायतों को खारिज किया जाता है। बता दें कि बुच पर आरोप था कि उन्होंने और उनके पति धवल बुच ने अडाणी ग्रुप में निवेश से जुड़े एक फंड में काफी बड़ी रकम निवेश की। उन्होंने ब्लैकस्टोन इंक जैसी कंपनियों से कंसल्टेंसी सर्विसेज फीस की आड़ में लेन-देन किया। किराए की इनकम की आड़ में वॉकहार्ट से लेन-देन किया।

**लोकपाल ने कहा- उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला**

### मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज

**इम्फाल, जेएनएन।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा, कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं।

### गुना के म्याना में हिरासत में हुई युवक की मौत पर सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 14 जुलाई 2024 को शादी से ठीक एक दिन पहले गिरफ्तार किए गए युवक देवा पारदी की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में सीबीआई ने केस दर्ज कर लिया है। मामला प्रदेश के गुना जिले के म्याना थाना अंतर्गत आने वाली झागर पुलिस चौकी का है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपते हुए आदेश दिया था कि दोषी पुलिसकर्मियों को एक महीने के भीतर गिरफ्तार करे। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को मामले की सुनवाई के दौरान ये आदेश देते हुए कहा था कि एमपी पुलिस दोषी पुलिसकर्मियों को बचाने की कोशिश कर रही है। कोर्ट ने आदेश में लिखा था कि एमपी पुलिस ने दोषी पुलिसवालों को बचाने जो एफआईआर लिखी उसमें आरोपियों के नाम की जगह तीन फूल वाले साहब और अन्य जैसे शब्द इस्तेमाल किए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की युगलपीठ ने मामला सीबीआई को सौंपते हुए जांच के आदेश दिए थे। देवा की मौत के मामले में म्याना थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी और झागर चौकी के इचार्ज सब इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या के गंभीर आरोप मृतक के परिजनों और चश्मदीद गवाहों ने लगाए थे, लेकिन इसके बाद भी गुना जिले की पुलिस ने उनके खिलाफ नामजद एफआईआर तक नहीं की थी। गुना में दर्ज रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख है कि देवा की मौत हिरासत में बेरहमी से की गई मारपीट की वजह से हुई थी। कोर्ट ने इस मामले में म्याना थाने के दो पुलिस अफसरों टीआई संजीत माबई और एसआई उत्तम सिंह कुशवाह को एक माह में गिरफ्तार कर 90 दिन में चार्जशीट पेश करने के आदेश सीबीआई को दिए हैं।

### प्रोफेसर महमूदाबाद की अंतरिम जमानत बढ़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर पर कथित सोशल मीडिया पोस्ट कर चर्चा में आए अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत की अवधि को बढ़ा दिया। हालांकि, हरियाणा सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वकील ने कहा कि हमने एसआईटी का गठन किया है। इस पर प्रोफेसर महमूदाबाद की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने पूछा कि क्या एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। सरकारी वकील ने कहा कि उन्हें कुछ डॉक्यूमेंट का इंतजार है। तब अदालत ने पूछा कि किन डॉक्यूमेंट्स की जरूरत है। जांच ही शुरू नहीं हुई तो जमानत खारिज करने की मांग क्यों की जा रही है? कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि पहले जांच रिपोर्ट पेश कीजिए, उसके बाद दूसरी बात होगी।

**प्रवेश प्रक्रिया** | तीस तक होंगे पंजीयन और 31 तक विद्यार्थी करा पाएंगे सत्यापन

## यूजी-पीजी में अब तक डेढ़ लाख छात्रों ने कराया पंजीयन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने निजी कालेजों को मान्यता देना शुरू कर दिया है। इससे उन्हें संबंधित विवि से संबद्धता भी मिलने लगी है। अब वे विभाग की आनलाइन काउंसलिंग से जुड़ने लगे हैं। वर्तमान में प्रदेश के 868 निजी, सरकारी और अल्पसंख्यक कालेजों में प्रवेश लेने के लिए पंजीयन कराने के लिए चंद दिन ही शेष रह गए हैं। प्रथम राउंड की काउंसलिंग में करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। वहीं एक लाख विद्यार्थियों का सत्यापन हो सका है। विद्यार्थियों के पास तीस मई तक पंजीयन और 31 मई तक सत्यापन करने का समय है। विभाग ने 868 सरकारी, निजी और अल्पसंख्यक कालेजों की यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश देने आनलाइन काउंसलिंग करा रहा है। इसमें करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। जबकि एक लाख विद्यार्थियों का



सत्यापन हो चुका है। यह पहला मौका है जब विभाग ने विद्यार्थियों से मोबाइल से पंजीयन करने की व्यवस्था शुरू की है। इसमें करीब 60 फीसदी विद्यार्थियों ने मोबाइल एप और अपने लैपटॉप से पंजीयन किए हैं। इससे विद्यार्थियों को कियोस्क के पास तक जाने की जरुरत नहीं पड रही है। इससे वे कियोस्क से अवैध वसूली से भी बच रहे हैं। विभाग पांच जून को सुबह 11 बजे पंजीयन और सत्यापित विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी पांच से 12 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

#### एनसीटीई कोर्स में 15 हजार पंजीयन

एनसीटीई के कोर्स बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र का बीएड में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 15 हजार पंजीयन और आठ हजार सत्यापन हो गए हैं। विद्यार्थी तीस मई तक पंजीयन और 31 मई तक सत्यापन कर सकेंगे। विभाग एक जून को मेरिट जारी करेगा। विभाग पांच जून को प्रवेश आवंटित करेगा। पांच से 11 जून तक मूल दस्तावेज, टीसी माईग्रेशन का भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंग इनिशिएट कराएंगे। विद्यार्थी पांच से 12 जून तक प्रवेश ले पाएंगे।

**कालेजों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| अनुदान प्राप्त कालेज | 39 |
| निजी कालेज | 267 |
| सरकारी कालेज | 562 |
| यूजी-पीजी पंजीयन | 1,50,200 |
| सत्यापन | 1,0,020 |

**एनसीटीई की स्थिति**

| | |
|---|---|
| सरकारी कालेज | 05 |
| आरएसके कालेज | 03 |
| निजी कालेज | 341 |
| बीएड पंजीयन | 15,005 |
| सत्यापन | 8,100 |

### जमीन के बंटवारे को लेकर बैठी पंचायत में विवाद के बाद खूनी संघर्ष, छह लोग हुए घायल

**जागरण, छिंदवाड़ा।** जिले के जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में अंबाड़ा पुलिस चौकी के रिछेड़ा गांव में बंटवारे को लेकर बैठी पंचायत में विवाद हो गया। जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच खेत के हिस्से के बंटवारे को लेकर कहासुनी हुई। यह इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी और फरसे से हमला कर दिया। इसमें 6 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने मामले में काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी तरुण मरकाम ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खेत के बंटवारे को लेकर परिवार के भीतर पंचायत बिठाई गई थी। पंचायत का नतीजा उल्टा निकला और दोनों पक्षों में विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, वहीं दूसरे पक्ष ने फरसे से जवाबी हमला किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### एयरपोर्ट के आसपास बिना लायसेंस चल रहीं मांस की दुकानें हवाई यात्रियों के लिए खतरा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट के आसपास बिना वैध लायसेंस के मांस की दो दर्जन से ज्यादा दुकानें संचालित हो रही हैं। बुधवार को नगर निगम के जोन 20 के स्वास्थ्य अमले ने इन दुकानों के लायसेंस चेक करने के साथ बंद कराने की भी कार्रवाई की। बता दें कि इन अवैध दुकानों के चलते एयरपोर्ट के आसपास मांसाहारी पक्षियों, सियार व लोमड़ी की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते हवाई दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। वहीं प्रशासन द्वारा दिसंबर 2021 से एयरपोर्ट के आसपास के 3 किमी के दायरे में मांस-मछली बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बावजूद भी प्रतिबंधित क्षेत्र में धड़ल्ले से मांस-मछली की बिक्री की जा रही है। इसके कारण एयरपोर्ट और उसके आसपास जंगली जानवरों, स्ट्रीट डॉग्स और पक्षियों की आवाजाही बढ़ रही है। जिसके चलते विमान के टेकऑफ या लैंडिंग के समय हवाई जहाज से पक्षियों के टकराने का खतरा बना रहता है। कई बार जंगली जानवर और स्ट्रीट डॉग्स रनवे पर आ जाते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है। इसी के चलते नगर निगम अमले द्वारा एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में अवैध व अनाधिकृत रूप से संचालित मांस विक्रय की दुकानोंके खिलाफकार्यवाही करते हुए 11 दुकानों को सील किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पहुंचते ही तीन भारतीय लापता हुए

**नई दिल्ली।** ईरान पहुंचे तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं। ये तीनों पंजाब के बताए जा रहे हैं। इनकी पहचान हुसनप्रीत सिंह (संगरूर), जसपाल सिंह (एसबीएस नगर) और अमृतपाल सिंह (होशियारपुर) के रूप में हुई है। परिवारवालों ने बताया कि तीनों 1 मई को ईरान पहुंचे और उसी दिन लापता हो गए। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि उनसे 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। इस घटना को लेकर भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर बयान जारी करते हुए बताया कि ईरानी अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी गई है। वहीं, भारत सरकार ने मांग की है कि तीन नागरिकों को जल्द से जल्द खोज निकाला जाए। दूतावास ने बताया कि वह परिजनों को लगातार इस मामले में जानकारी दे रहे हैं। परिवार वालों ने दावा किया है कि उन्हें एक एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया था। इसके तहत ही वो 1 मई को तेहरान पहुंचे थे, लेकिन वो गायब हो गए।

### राणा की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा की परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन और एनआइए से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन और एनआइए नोटिस जारी कर चार जून तक इस मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार जून को होगी। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यापारी राणा इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। राणा 26/11 मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा चार अप्रैल को उसकी प्रत्यर्पण के खिलाफ पुनर्विचार याचिका खारिज करने के बाद उसे भारत लाया गया। राणा पर आरोप है कि उसने हेडली, प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, हरकत-उल-जिहादी इस्लामी और अन्य पाकिस्तान स्थित षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर तीन दिन तक चले आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्री रास्ते से भारत पहुंचे थे और मुंबई में रेलवे स्टेशन, दो होटल और एक यहूदी केंद्र पर एक के बाद एक हमले किए थे, जिसमें 166 लोगों की जान गई थी।

### मिस्री ने अमेरिकी उप सचिव से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** भारतीय दूतावास ने बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए वाशिंगटन में अमेरिकी अवर सचिव जेफरी केसलर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि मिसरी अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए 27-29 मई तक वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा का अनुवर्ती है , जब दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना) का शुभारंभ किया था। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मिसरी ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए केसलर से मुलाकात की। दूतावास ने कहा, उन्होंने तकनीक और व्यापार सहयोग को गहरा करने के लिए भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता को जल्द करने पर भी चर्चा की।

**कांग्रेस सांसद थरूर बोले-पाकिस्तान उस जमीन को पाना चाहता है, जो उसकी है ही नहीं**

# भारत शांति चाहता है, पाक ऐसा नहीं होने देता



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं।

**गुयाना में भी आतंकियों को दी थी चेतावनी:** थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी।

## पाक को एफएटीएफ की ग्रे सूची में फिर लाना चाहिए: ओवैसी



बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में फिर से शामिल करने की पुरजोर वकालत की और पड़ोसी देश के खिलाफ सख्त वित्तीय जांच की मांग की। कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ के 2 अरब डॉलर के ऋण का इस्तेमाल अपनी सेना और आतंकवादी समूहों को समर्थन देने के लिए कर सकता है। पाकिस्तान को समूह की ग्रे लिस्ट में वापस लाया जाना चाहिए। इसके ग्रे लिस्ट का महत्व यह है कि जब आप पैसे का लेन-देन करेंगे तो उस देश पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर को 'बेवकूफ जोकर' भी कहा, क्योंकि उन्हें ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस के नकली स्मृति चिन्ह के साथ देखा गया था, जो भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में शुरू किया गया था।

### सिंगापुर से भी समर्थन का आग्रह

इस बीच बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने सिंगापुर के विदेश एवं गृह राज्यमंत्री सिम एन के साथ बैठक के दौरान सिंगापुर से पाकिस्तान को एफएटीएफ की काली सूची में शामिल करने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया।

## फ्रांस लड़ाई में भारत के साथ : रविशंकर



**पेरिस।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, फ्रांस ने पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता दोहराई और सहमति व्यक्त की कि लोकतांत्रिक दुनिया को इस मुद्दे पर एक स्वर में आवाज उठाने की जरूरत है। यह बात यूरोप यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे प्रसाद ने पेरिस यात्रा के समापन पर कही। भारत के इस नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की उपराष्ट्रपति जैकलीन यूस्टेश ब्रिनियो नीत भारत-फ्रांस मैत्री समूह के प्रतिनिधियों और विदेश मामलों एवं रक्षा समिति के सदस्यों के साथ भव्य 'लक्जमबर्ग पैलेस' में अंतिम कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## रूस और स्लोवेनिया ने दिया मजबूत समर्थन

यूरोपीय संघ में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने कहा, रूस और स्लोवेनिया ने आतंक के खिलाफ भारत के वैश्विक रुख पर मजबूत समर्थन व्यक्त किया है, इसे आधुनिक दुनिया का कैंसर कहा है जिसे मिटाना होगा। रूस और स्लोवेनिया में शानदार बैठकें हुईं और इन दोनों देशों से यह सुनना विशेष रूप से उत्साहजनक है कि वे आतंक के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमारे साथ हैं।

● **ग्रीस ने भी दिया समर्थन:** ग्रीस पहुंचे भारतीय राजदूत रुद्रेंद्र टंडन ने हवाई अड्डे पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ग्रीक सरकार के अधिकारियों, मीडिया हस्तियों और सांसदों से बातचीत करेगा, जिसमें पाकिस्तान के आतंकवाद और भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डाला जाएगा।

## ट्रेड यूनियन नेता पर 5.5 करोड़ जुर्माना

**अयोध्या।** विद्युत विभाग ने श्रमिक संघ के नेता पर कर्मचारियों की बर्खास्तगी के खिलाफ आंदोलन करने को लेकर 5.5 करोड़ जुर्माना लगाया है। विद्युत वितरण खंड के मुख्य अभियंता (वितरण) अशोक कुमार चौरसिया ने कर्मचारी संघ नेता को नोटिस जारी कर 1,500 बिजली कर्मचारियों की बर्खास्तगी के विरोध में 'धरना-प्रदर्शन' को लेकर 5.5 करोड़ का जुर्माना भरने को कहा है। 'विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश' की अयोध्या इकाई के जिलाध्यक्ष जय गोविंद ने बताया कि उन्हें नोटिस मिला है, जिसमें 5.5 करोड़ जुर्माना भरने को कहा गया है। उन्होंने कहा, इतिहास में किसी भी विभाग या कोर्ट द्वारा ऐसा नोटिस नहीं दिया गया है। जब मुख्य अभियंता से यह पूछा गया कि उन्होंने किस कानून की धारा तहत जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया है तब उन्होंने कहा, मुझे कोई धारा या कानून नहीं पता है, मैंने सिर्फ नोटिस जारी किया है। कानून की धाराएं पुलिस और न्यायालय तय करेंगे। पिछले महीने 1500 आउटसोर्सिंग बिजली कर्मचारियों की सेवाओं को 'मानकों के अनुपालन' का कारण बताकर समाप्त कर दिया गया था। मुख्य अभियंता द्वारा जय गोविंद को भेजे पत्र में कहा गया था कि 22 अप्रैल से 10 मई तक वह लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और उच्च तीव्रता वाले लाउडस्पीकर का उपयोग कर रहे थे, जिससे विभागीय कार्य, बिजली आपूर्ति और राजस्व वसूली प्रभावित हुई थी।

## पाटेकर ने राजामौली को दिया तगड़ा झटका, 20 करोड़ का ऑफर ठुकराया



**मुंबई, जेएनएन।** नाना पाटेकर इन दिनों जहां 'हाउसफुल 5' के कारण चर्चा में हैं, वहीं इस बीच उनको लेकर और बड़ी खबर आई है। चर्चा है कि दिग्गज बॉलीवुड एक्टर ने बॉलीवुड के सबसे सफल डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाटेकर ने एसएसएमबी 29 फिल्म करने से इनकार कर दिया है। यह वही फिल्म है, जिसमें महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं।

राजामौली व महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी२९ का टाटइल अभी फाइनल नहीं हुआ है। इसी साल जनवरी महीने में इसकी शूटिंग शुरू हुई है। बीते दिनों प्रियंका चोपड़ा भी इंडिया फिल्म के सिलसिले में आई थीं। उन्होंने भी महेश बाबू के साथ हैदराबाद में शुरुआती शेड्यूल की शूटिंग की है। फिल्म में महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। साल की शुरुआत में ही यह खबर आई थी कि नाना पाटेकर को फिल्म के अप्रोच किया गया है। तब रिपोर्ट्स में कहा गया कि 2024 के आखिर में राजामौली खुद पुणे गए थे और उन्होंने नाना पाटेकर को फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई थी। इसके बाद दिग्गज एक्टर ने एक लुक टेस्ट भी दिया, लेकिन अब दावा किया गया है कि नाना पाटेकर ने यह फिल्म छोड़ दी है।

### 15 दिनों की शूटिंग के लिए 20 करोड़ का दिया था ऑफर

'बाहुबली' और आरआरआर के डायरेक्टर राजामौली एसएसएमबी 29 को अब तक का सबसे ग्रैंड प्रोजेक्ट बनाना चाहते हैं। ऐसे में वह एक दमदार और प्रमुख रोल में पाटेकर को कास्ट करना चाहते थे, लेकिन एक्टर ने विनम्रता के साथ ठुकरा दिया है। नाना को इसके लिए 20 करोड़ रुपए की फीस ऑफर की गई थी, जबकि उनके हिस्से सिर्फ 15 दिनों की शूटिंग थी।

## मानव तस्करी के आरोप में भारतीय समेत 2 को हो सकती है 3 साल की सजा

**न्यूयार्क।** बर्फीले तूफान में कनाडा की सीमा के सुदूर क्षेत्र से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते समय भारत के चार सदस्यों के एक परिवार की ठंड से मौत की घटना के तीन वर्ष से अधिक समय बाद दो व्यक्तियों को बुधवार को मिनेसोटा में मानव तस्करी के आरोप में सजा सुनाई जाएगी, जिसे अभियोजकों ने अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र बताया है। संघीय अभियोजकों ने कथित सरगना हर्ष कुमार रमनलाल पटेल के लिए लगभग 20 वर्ष की जेल की सजा तथा परिवार को लेने आने वाले ड्राइवर स्टीव एंथनी शैंड के लिए लगभग 11 वर्ष की जेल की सजा की सिफारिश की है। जेल की सजा का फैसला अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन टुनहेम पर निर्भर है, जिन्होंने पिछले महीने दोषी के फैसले को खारिज करने से इनकार कर दिया था और लिखा था, 'यह कोई करीबी मामला नहीं था।' टुनहेम उत्तरपश्चिमी मिनेसोटा शहर फर्गस फॉल्स स्थित संघीय न्यायालय में सजा सुनाएंगे, जहां पिछले नवंबर में दोनों व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया था और उन्हें चार-चार मामलों में दोषी ठहराया गया था। अभियोजकों ने मुकदमे में कहा कि पटेल, जो एक भारतीय नागरिक है और जो उपनाम 'डर्टी हैरी' से जाना जाता है तथा शैंड, जो फ्लोरिडा का एक अमेरिकी नागरिक है।


● **कनाडा के रास्ते यूएस में अवैध रूप से घुसते समय ठंड से मौत का मामला**

## अमेरिकी नागरिकों की पोस्ट सेंसर करने वालों पर लगेगा बैन, नहीं मिलेगा वीजा

### ऐसा करने वाला पहला देश, अधिकतर टेक कंपनियां हैं अमेरिकी



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी सरकार ने बुधवार को उन लोगों का वीजा बैन करने की ऐलान किया है, जो अमेरिकी टेक कंपनियों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिकी लोगों की पोस्ट को सेंसर करते हैं। यह फैसला लेने वाला अमेरिका पहला देश है। विदेश मंत्री मार्को रुबिया ने कहा, अगर किसी विदेशी अधिकारी ने अपने देश में अमेरिकी लोगों को गिरफ्तारी या अन्य सजा की धमकी देकर पोस्ट सेंसर की तो यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन विदेशी अधिकारियों पर वीजा बैन लगाया जाएगा जो अमेरिकी टेक प्लेटफॉर्म्स पर कंटेट हटाने या कंट्रोल करने की मांग करते हैं। रुबियो ने कहा, यह स्वीकार्य नहीं है कि विदेशी अधिकारी अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ उनके सोशल मीडिया पोस्ट के लिए गिरफ्तारी की धमकी दें। हालांकि, इस बयान में किसी खास देश या अधिकारी नाम नहीं लिया गया। रुबियो ने कहा कि कुछ विदेशी नागरिकों ने आधिकारिक पद पर रहते हुए अमेरिकी टेक कंपनियों और अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ 'सेंसरशिप' की कार्रवाई की है, जबकि उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं था। दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अमेरिकी टेक कंपनियों के हैं। एक्स कंपनी के मालिक इलॉन मस्क हैं, फेसबुक और इंस्टाग्राम और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग हैं, जबकि यूट्यूब और गूगल भी अमेरिकी कंपनी है। अमेरिका ने नया वीजा प्रतिबंध तब लागू किया है, जब कई यूरोपीय और एशियाई देशों ने अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इन देशों ने सोशल मीडिया कंटेंट हटाने के लिए नोटिस जारी किए और सजा भी सुनाई।



## हार्वर्ड में सिर्फ 15 फीसदी हो विदेशी छात्र : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय को 15 फीसदी से अधिक विदेशी छात्रों को प्रवेश नहीं देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हार्वर्ड को सरकार को उन सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सूची दिखानी चाहिए, जो वर्तमान में वहां पढ़ रहे हैं। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, वे (हार्वर्ड) हमारे देश के साथ अनादरपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं और वे जो कुछ भी कर रहे हैं, वह खुद को और अधिक परेशानी में डाल रहा है। उन्होंने यह भी कहा, मैं चाहता हूं कि हार्वर्ड फिर से महान बने...। उन्होंने कहा, यह कैसे महान हो सकता है, जब हार्वर्ड ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वे उपचारात्मक गणित पढ़ाने जा रहे हैं?... ये लोग हार्वर्ड में कैसे पहुंचे? हालांकि, हार्वर्ड ने अभी तक ट्रंप के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सीमा शुल्क एक्ट की धारा 27 या अनुचित लाभ सिद्धांत बैंक गारंटी वापसी पर लागू नहीं: कोर्ट



● **सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि फूड लि. की याचिका मंजूर की**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 27 पर तब लागू नहीं होती, जब गलत तरीके से बैंक गारंटी के रिफंड की मांग की गई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सीमा शुल्क विभाग द्वारा बैंक गारंटी के नकदीकरण को सीमा शुल्क के भुगतान के रूप में नहीं माना जा सकता है। इसलिए न तो धारा 27 और न ही अन्यायपूर्ण संवर्धन का सिद्धांत लागू होता है। ऐसा मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा बैंक गारंटी के जबरदस्ती नकदीकरण के खिलाफ पतंजलि फूड लिमिटेड की अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें विभाग को 6 फीसदी ब्याज के साथ चार महीने के भीतर भुनाई गई राशि वापस करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने 2002 के एक विवाद पर सुनवाई की, जब रुचि सोया (बाद में पतंजलि फूड्स) ने आयातित कच्चे सोयाबीन तेल पर उच्च सीमा शुल्क को चुनौती दी थी, जो एक टैरिफ अधिसूचना के माध्यम से लगाया गया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि यह उस समय लागू नहीं था। गुजरात हाईकोर्ट ने शुरू में बैंक गारंटी के खिलाफ मंजूरी की अनुमति दी थी, लेकिन 2012 में याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिससे 2013 में नकदीकरण हुआ।

पतंजलि फूड्स ने तब रिफंड की मांग की थी, जिसके बाद रिफंड की मांग को अवैध करार दिया था। विभाग ने सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 27 और अन्यायपूर्ण संवर्धन के सिद्धांत को लागू करते हुए विरोध किया, यह दावा करते हुए कि अपीलकर्ता को यह साबित करना होगा कि उसने उपभोक्ताओं पर बोझ नहीं डाला है।

## गैंगरेप पीड़ित के परिवार को राहुल ने दिया मदद का भरोसा



**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के खंडवा में आदिवासी महिला से गैंगरेप और फिर उसकी हत्या के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से बात की है। उन्होंने मृतक महिला के बेटे से घटना के बारे में जानकारी ली। दरअसल, बुधवार को झाबुआ विधायक और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया खंडवा में पीड़ित परिवार से मिलने उनके गांव पहुंचे थे।

### कांग्रेस विधायक भूरिया से बोले- इन्हें पूरा सपोर्ट करें

यहां उन्होंने मोबाइल पर पीड़ित परिवार के सदस्य से राहुल गांधी की बात कराई। राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया से कहा कि आप इन्हें सपोर्ट करें। मदद लगे तो प्लीज मुझे बताना।

### घटना की जानकारी ली

राहुल गांधी ने गैंगरेप पीड़िता महिला के बेटे से पूछा कि, घटना कैसे हुई, कौन लोग थे, क्या उन्हें जेल हो गई है। इस पर पीड़िता के बेटे ने कहा, 'गांव में शादी समारोह था और इसी बीच मां महिला रिश्तेदारों को छोड़ने खेत पर गई थी, उनके साथ गांव के सुनील और हरि ने दुष्कर्म किया और फिर हत्या कर दी। दोनों आरोपी अभी जेल में हैं।

## जम्मू-कश्मीर समेत 6 राज्यों में मॉक ड्रिल स्थगित

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे 6 राज्यों में गुरुवार को होने वाली मॉकड्रिल स्थगित कर दी गई है। इनमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ शामिल थे। इसे ऑपरेशन शील्ड नाम दिया गया है। पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। बाकी राज्य नई तारीखों का ऐलान जल्द करेंगे। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी।

## छत्तीसगढ़: बस्तर जिला अब नक्सल मुक्त घोषित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से हटा दिया गया है। केंद्र के गृह मंत्रालय ने बस्तर जिले को वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की सूची से बाहर कर दिया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य, विशेषकर बस्तर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। हालांकि बस्तर संभाग के कुछ जिले अब भी नक्सल प्रभावित हैं। बस्तर न केवल एक जिला है, बल्कि एक संभाग भी है, जिसमें कुल 7 जिले शामिल हैं- बस्तर (मुख्यालय जगदलपुर), कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर।

**कानून | लाइलाज रोगियों के हित में फ्रांस की नेशनल असेंबली में ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी**

# अब फ्रांस में भी मौत चुनने का अधिकार

**पेरिस, जेएनएन।** फ्रांस के निचले सदन नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके तहत फ्रांस में लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त व्यस्क लोगों को मौत चुनने का अधिकार मिलेगा। यूरोप में लंबे समय से मौत चुनने के अधिकार को कानूनी करने की मांग उठ रही हैं। फ्रांस में भी लंबे समय से ऐसी मांग की जा रही है और महीनों से इस पर संसद में चर्चा में चल रही है। लंबी चर्चा के बाद मंगलवार को नेशनल असेंबली ने इसकी मंजूरी दे दी।

अब इस विधेयक को उच्च सदन सीनेट में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित विधेयक में जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मौत का विकल्प चुनने की मंजूरी दी गई है, वहीं कड़ी शर्तें भी लगाई गई हैं। शर्तों के तहत लाइलाज बीमारी होने पर मरीज को खुद ही जहर लेना होगा, लेकिन अगर वह खुद इस स्थिति में नहीं है कि खुद अपनी जान ले सके तो उस स्थिति में डॉक्टर या नर्स की मदद से व्यक्ति को जहर दिया जा सकेगा। विधेयक के तहत मौत का विकल्प चुनने के लिए मरीज का कम से कम 18 साल का होना जरूरी है। साथ ही उसका फ्रांस का नागरिक होना भी जरूरी है। मौत का विकल्प चुनने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम यह सत्यापित करेगी कि व्यक्ति लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है और उसका कोई इलाज नहीं है। साथ ही मरीज असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है। इस सत्यापन के बाद ही मौत चुनने का विकल्प मिलेगा। मानसिक रोगियों को मौत चुनने के विकल्प से बाहर रखा गया है। विधेयक के तहत बीमार व्यक्ति को अगर जान देने की अनुमति मिल जाती है, तो वह अपने घर, नर्सिंग होम या स्वास्थ्य केंद्र में जानलेवा दवाई या जहर ले सकेगा।

### कई देशों में विकल्प



फ्रांस की तरह ही ब्रिटेन में भी ऐसे ही विधेयक पर चर्चा चल रही है। अभी स्विट्जरलैंड, कई अमेरिकी राज्यों, नीदरलैंड, स्पेन, पुर्तगाल, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग में भी कुछ शर्तों के साथ मौत चुनने का विकल्प मौजूद है।

### विरोध भी कम नहीं

विधेयक का विरोध भी हो रहा है। फ्रांस के धार्मिक नेताओं के संगठन द कॉन्फ्रेंस ऑफ रिलीजियस लीडर्स इन फ्रांस ने इस विधेयक का विरोध किया है। इस संगठन में कैथोलिक, ऑर्थोडॉक्स, प्रोटेस्टेंट, यहूदी, मुस्लिम और बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हैं। संगठन का दावा है कि इस विधेयक के बाद बुजुर्गों, बीमार और अक्षम लोगों पर भी दबाव बढ़ेगा।

## आर्मी एरिया से बांग्लादेशी रोहिंग्या पकड़ाया, पूछताछ

### नौ अन्य लोगों के साथ आने का दावा, एजेंसियां अलर्ट



**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर में पुलिस ने डुमना एयरपोर्ट से सटे आर्मी एरिया से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान युवक ने खुद को बांग्लादेश का रोहिंग्या मुसलमान बताया है। इस खुलासे के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देख वरिष्ठ अधिकारियों ने थाने पहुंचकर युवक से पूछताछ की है। बंगाली भाषी होने के कारण पुलिस को बयान लेने में दिक्कत आ रही थी। इस कारण अनुवादक को बुलाकर पूछताछ की गई। संदिग्ध युवक टी-शर्ट और हाफ पैंट में घूमता दिखा और पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उससे नाम और पता पूछा तो वह अनजान भाषा में बोलने लगा। पहले तो पुलिस समझी कि वह मानसिक अस्थिर है लेकिन थाने में पूछताछ की गई तो उसके बांग्लादेशी होने का पता लगा। सूत्रों के मुताबिक युवक ने पूछताछ में बताया कि वह 9 अन्य लोगों के साथ भारत में दाखिल हुआ था। हालांकि, उसके बयान की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। युवक ने अपना नाम रहमत अली बताया और कहा कि वह बांग्लादेश के बागुड़ा जिले के रामचंद्रपुर गांव का निवासी है। जब परिवार के बारे में पूछा तो पहले पिता का नाम मन्ना सरकार बताया, फिर बयान मोहम्मद बताने लगा। मां का नाम मेमरा बेगम बताया। युवक बार-बार अपने बयान बदलता रहा, जिससे शक है कि वह जानबूझकर गुमराह कर रहा है।

## अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप: ज्ञानशेखरन दोषी करार 2 को सजा का एलान

चेन्नई। दिसंबर 2024 में एक सनसनीखेज मामला सामने आया था, जहां एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया था। अब इस मामले में चेन्नई की एक महिला अदालत ने अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के साथ हुई शर्मनाक घटना को लेकर आरोपी ज्ञानशेखरन दो दोषी करार दिया है। अदालत ने माना है कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप सच है इसलिए ज्ञानशेखरन को दोषी करार दिया गया है। इस मामले को लेकर न्यायाधीश दो जून को फैसला सुनाने वाली हैं। हालांकि, आरोपी को क्या सजा होगी, इसे लेकर महिला अदालत की न्यायाधीश राजलक्ष्मी 2 जून को अपना फैसला सुनाएंगी। बता दें, इस मामले के आरोपी व्यक्ति के तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के साथ कथित संबंधों की वजह से राजनीतिक विवाद भी खड़ा हो गया था।

# षड्यंत्रकारियों पर मेहरबान विधायक, अभी तक नहीं हुई पत्र वायरल करने वाले की शिकायत

## विधायक के खासों की भूमिका संदिग्ध, क्या इसलिए ठण्डे बस्तें में पहुंचा मामला ?



जागरण, टीकमगढ़

बीते एक सप्ताह पूर्व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का एक पत्र शिक्षकों के स्थानांतरण करने संबधी वायरल हुआ था। यह पत्र 13 मई 2025 का बताया जा रहा है। जिसमें टीकमगढ जिले के 18 शिक्षकों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की अनुशंसा की गई है। जैसे ही यह पत्र वायरल हुआ तो विधायक हरीशंकर खटीक ने इस पत्र का खंडन करते हुए इसे विरोधियों की साजिश बताया और कहा कि उनके विरोधी उनकी बढती हुई लोकप्रियता को नही देख पा रहे है, और उन्हे बदनाम करने के लिए फर्जी पत्र बनाकर वायरल किया है। जिस पर विधायक ने कहा कि दो दिवस में इन षडयंत्रकारियों पर एफआईआर दर्ज करवाकर षडयंत्रकारियों को बेनकाब किया जाऐगा। लेकिन एक सप्ताह होने के बाद भी इस मामले में अभी तक विधायक ने एफआईआर दर्ज नही की है। जिससे लगता है कि कही न कही विधायक हरिशंकर खटीक की इस मामले में रूचि नही है, और विधायक खुद इस मामले से बचते नजर आ रहे है। जिससे शहर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कही विधायक ने तो ही नही करवाया यह लेटर वायरल।

गौरतलब है कि जैसे ही सरकार ने स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की तो सभी स्थानांतरणों के लिए ऑनलाईन आवेदन किऐ जा रहे है। जिससे अपना स्थानांतरण करवाने बाला कर्मचारी ऑनलाईन आवेदन करेगा और उसके बाद उस जगह पद रिक्त होने पर उसका स्थानांतरण किया जाऐगा। लेकिन इसके बाद भी मनमाफिक जगह स्थानांतरण करने के लिए जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का जैसे ही पत्र वायरल हुआ तो शहर के अन्य शिक्षकों में यह चर्चा का विषय बन गया कि यह शिक्षक या तो विधायक के खास होंगे, या फिर इन्होंने सुविधा शुल्क देकर यह स्थानांतरण करवाने की अनुशंसा करवाई है। वही विधायक ने कहा कि उन्हें इस लेटर की जानकारी नही है, और यह लेटर किसी षडयंत्रकारी के द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए फर्जी हस्ताक्षर स्कैन करके तैयार किया गया है, और वायरल कर दिया है। जिस पर विधायक ने अपनी छवि को धूमिल होता देख कहा था कि दो दिवस के भी इस पत्र की कारस्तानी करने बाले व्यक्ति का पता लगाकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाऐगी। लेकिन अब क्या स्वंय विधायक कह रहे है, कि मामले की में स्वंय पडताल कर रहा हूँ। जैसे ही उस व्यक्ति का नाम पता चल जाऐगा, तब उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई जाऐगी। जिससे अब लगता है कि कही न कही स्वंय विधायक हरिशंकर खटीक ही इस मामले से अनजान बनना चाह रहे है। जिससे ऐसे षडयंत्रकारियों को और षडयंत्र करने का मौका मिल सकें। जबकि विधायक को पुलिस में शिकायत कर ऐसे लोगों की जांच करवानी चाहिऐं और उनके खिलाफ कार्रवाई करवानी चाहिऐ। जिससे यह लोग कोई भी ऐसा फर्जीवाडा करने से पहले सौ बार सौंचे। इस पत्र के वायरल होने से यह नही है कि भाजपा मे ंअंर्त कलह नही है, यह भी साफ दिख गया है कि जतारा विधायक के पत्र में टीकमगढ विधानसभा के शिक्षकों के भी नाम है, जिसे विरोधीदल के लोग भाजपा नेताओं की आपसी खीचतान बता रहे है। वही अब शहर में यह चर्चा जोरों पर है कि विधायक के किसी खास व्यक्ति ने ही यह पत्र विधायक से लिखवा लिया हो और अब यह पत्र वायरल हो गया है, जिस पर विधायक जानकारी होने के बाद भी अपने चहेतों पर कार्रवाई होने के डर से पुलिस में शिकायत नही करना चाहते हो। अगर ऐसा होता है तो आगे एआई (नई टैक्नोलॉजी) के जमाने में कोई भी व्यक्ति किसी भी फोटो, वीडियों और पत्र आदि में एडिटिंग कर किसी के साथ भी ब्लैकमेलिंग और फर्जीवाडा कर सकता है। जिस पर स्वंय पीडित और पुलिस को मिलकर तत्काल संज्ञान लेना चाहिऐ और कडी कार्रवाई करनी चाहिऐ। वही इस संबंध में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक से बात की तो उन्होंने कहा कि जिसके द्वारा यह पत्र भेजा गया है। मैने उसी व्यक्ति से उस पत्र के आने के बारे में पूछा है, जो 4 दिन बीतने के बाद भी अभी तक जबाब नही दे पाया है। उसका जबाब मिलते ही पुलिस में शिकायत की जाऐगी।

आखिर इतने दिन बीतने के बाद भी वह जब जबाब नही दे पाया तो कही न कही उसकी संलिप्तता उस पत्र को बनाने में जरूर होगी। जिस पर विधायक को इस मामले का पर्दाफाश करना चाहिऐ। क्योंकि शहर के लोगों में आजकल विधायक का फर्जी वायरल पत्र चर्चा में बना हुआ है।



भवदीय
हरिशंकर खटीक
विधायक
44 जतारा, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

हरिशंकर खटीक

# पवई की वैशाली रजक बनीं सहायक प्राध्यापक उमरिया के राजेश पटेल को भी मिली सफलता

## पवई व उमरिया क्षेत्रों का नाम किया रोशन, दोनों युवा बने प्रेरणास्त्रोत

**पवई।** पवई क्षेत्र की होनहार बेटी वैशाली रजक ने सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैशाली आशाराम रजक की पोती व रमेश रजक की सुपुत्री हैं। उन्होंने मात्र 24 वर्ष की आयु में यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की, जो उनके परिश्रम, समर्पण और पारिवारिक सहयोग का प्रतिफल है। वैशाली ने 2021 में बी.ए. की डिग्री शासकीय महाविद्यालय से तथा 2023 में एम.ए. की पढ़ाई डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से पूर्ण की। वर्तमान में वे महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से पीएच.डी. कर रही हैं। उन्होंने 10वीं में 89.33त्न और 12वीं में 86.8त्न अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा पहले ही मनवा लिया था। सहायक प्राध्यापक परीक्षा की मुख्य परीक्षा 9 जून 2024 को एवं साक्षात्कार 28 जनवरी 2025 को हुआ था। अंतिम परिणाम 28 मई 2025 को घोषित हुआ, जिसमें वैशाली ने पिछड़ा वर्ग की महिलाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वैशाली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी आशाराम रजक एवं श्रीमती द्रौपदी बाई को दिया, जिनका मार्गदर्शन और समर्थन उन्हें हमेशा मिला। उन्होंने माता श्रीमती बबीता रजक, पवई के शिक्षकों, मित्रों व शुभचिंतकों के प्रति भी आभार जताया।

### उमरिया के राजेश पटेल को भी मिली बड़ी सफलता

उमरिया निवासी राजेश पटेल ने भी सहायक अभियंता विद्युत विभाग में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वे वर्ष 2017 से इस परीक्षा की तैयारी में लगे थे और कई बार विभिन्न कारणों से सफलता से चूकते रहे। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर प्रयासरत रहे। अंततः वर्ष 2025 में उन्हें यह बहुप्रतीक्षित सफलता प्राप्त हुई। राजेश ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि कठिनाइयों के समय में मित्रों और मार्गदर्शकों का समर्थन उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देता रहा। उनकी सफलता धैर्य, संघर्ष और आत्मविश्वास का सजीव उदाहरण है। वैशाली रजक और राजेश पटेल की इस उपलब्धि से पवई और उमरिया क्षेत्रों में खुशी की लहर है। दोनों युवाओं की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नही है

# छत्रसाल जयंती पर निकली श्री प्राणनाथ जी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा

**पन्ना।** नरवीर, केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। महाराजा छत्रसाल की जयंती में शिरकत करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी पन्ना आए और छत्रसाल उद्यान में पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन करते हुए पुष्प माला अर्पित की। इसी क्रम में शाम 6ः00 बजे से श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वार से महाराज छत्रसाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में पन्ना महाराज छत्रसाल द्वितीय, पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे, धामी समाज के विद्वान- विदुषी, श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, ट्रस्टी, प्रबंधक, प्रणामी समाज के युवक, महिलाएं, बच्चे सहित नगर के काफी संख्या में लोग शोभा यात्रा में शामिल रहे। शोभा यात्रा श्री प्राणनाथ चौराहे से होते हुए अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बलदाऊ जी मंदिर होते हुए छत्रसाल पहुंची जहां पर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर पुष्प हार अर्पित किए एवं विधिवत पूजा की गई। तत्पश्चात नगर पालिका द्वारा आयोजित पन्ना गौरव दिवस के तहत संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा।



# बृजपुर में महाविद्यालय में चिकित्सालय का उन्नयन छत्रसाल जयंती को गौरव दिवस के रूप मनाया जायगा : सीएम यादव

## महाराजा छत्रसाल की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा



**बुंदेलखंड पन्ना।** बड़ा बदलाव आने वाला है केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना दमोह छतरपुर सहित बुंदेलखंड समृद्ध होगा। यहां किसानों की जिंदगी बदलेगी, पूरे क्षेत्र में बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पन्ना में आयोजित महाराजा छत्रसाल जयंती और पन्ना नगर के गौरव दिवस पर आयोजित गरिमामय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सरकार के माध्यम से सुशासन की मिसाल बनना चाहिए। प्रदेश में पन्ना सहित 19 धार्मिक नगरियों में शराब दुकान बंद की गई है। सरकार शराब दुकान बंद कर दूध की दुकानें खोली जाएगी, गोपालन पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यहां पर श्री जुगल किशोर लोक के साथ ही 90 करोड की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा शीघ्र ही पन्ना में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सौगातें भी मिलेगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक पन्ना एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह प्रताप सिंहविधायक पवई प्रहलाद लोधी, विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, उपाध्यक्ष श्री संतोष सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा पन्ना की धरती शूरवीरों की धरती हैं कदम-कदम पर हीरे बिखरे हुए हैं। एक विशेष नगरी अगर कोई है तो यह पन्ना नगरी है, महाराज छत्रसाल ने भी सोच समझकर राजधानी बनाई, कहने के लिये तो उनका ओरछा से भी संबंध था, लेकिन प्राणनाथ जी की नगरी जुगल किशोर जी की नगरी और पन्ना रणवाकरो की नगरी भी हैं। पन्ना के अंदर कुछ खास बात है जिसके कारण से पूरे देश में अगर सबसे अच्छे हीरे कहीं पाए जाते हैं तो वह पन्ना जिले में है। जुगलकिशोर लोक बनने से श्रद्धालुजन दूर दूर से आकर यहां दर्शन करेंगे जिससे पन्ना नगर समृद्ध होगा।

आज पन्ना का गौरव दिवस भी है और पन्ना के गौरव दिवस के अवसर पर मैं मध्यप्रदेश सरकार की ओर से आपको शुभकामनाएं दे रहा हूं। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा द्वारा मुख्यमंत्री जी का स्वागत ओर महाराजा छत्रसाल एवं लोक माता अहिल्या बाई की प्रतिमा ओर मूर्ति भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा सड़क हादसों पर पुलिस व खर्चे के डर से घबराने की जरूरत नही,अस्पताल पँहुचाने पर मानवता के आधार पर 25 हजार का पुरस्कार सरकार देगी। एक योजना सरकार ने बनाई है। उन्होंने कहा यदि बहन बेटी किसी कारण से विधवा हो जाती तो विधवा बहिनो की शादी के लिए 2 लाख प्रति जोड़ा सरकार देने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा गौ माता के संरक्षण और रखरखाव के लिए सरकार गौशालाओं में प्रति गौमाता को 20 से बढाकर 40 रुपए भोजन के लिए देने का काम सरकार कर रही हैं। लाडली बहनों की राशि में भी सरकार बढ़ोतरी करते हुए आगामी 5 साल के अंदर 3000 रूपए प्रतिमाह करने जा रही है।जगन्नाथ यात्रा को धर्मस्व और धार्मिक न्यास में शामिल करके सम्मान बढ़ाना है ताकि यह मेला सूची में आ जाए महाराजा छत्रसाल की जयंती के लिए सरकार सब कुछ करेगी इसके अलावा पाठ्यक्रमों में उनकी जीवनी को शामिल करके वीरता और जीवन से सभी को अवगत कराया जाएगा, सरकार इसके लिए पूरा प्रयास करेगी।

# नौ तपा के चौथे दिन दोपहर से रुक-रुक कर हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

**पवई।** भीषण गर्मी के लिए मशहूर नौ तपा के चौथे दिन मौसम ने करवट ली और गुरुवार दोपहर से रुक-रुक कर बारिश का दौर शुरू हो गया। अचानक बदले मौसम ने जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी। गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद शाम तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। पिछले तीन दिनों से तेज धूप और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से कुछ सुकून मिला। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नौ तपा के दिनों में इस प्रकार की बारिश पहले कम ही देखने को मिली है। आमतौर पर इस समय तापमान काफी अधिक रहता है, लेकिन इस बार मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। बारिश से जहां आमजन को राहत मिली है, वहीं कुछ किसान चिंतित भी हैं। उनका कहना है कि इस समय यदि बारिश लगातार होती रही तो इससे खरीफ की बुवाई की तैयारियों पर असर पड़ सकता है।

# नगरीय क्षेत्र में 33 कॉलोनाईजरों को नोटिस, मचा हडकंप

## वर्ष 2016 के बाद नहीं हुआ कॉलोनियों का सर्वे, ग्रामीण क्षेत्र में भी कई नई कॉलोनी हुई निर्मित



**टीकमगढ़।** गुरूवार को शोसल मीडिया पर नगरीय क्षेत्र की 33 अवैध कॉलोनियों की एक सूची वायरल हुई। जिसे देखकर अवैध कॉलोनाईजरों में हडकंप की स्थिति बन गई है। लेकिन यह सूची आधी-अधूरी है, इसमें भी कई कॉलोनाईजरों के नाम बाकी है। क्योंकि जब नगर पालिका से सूची के बारे में पता किया गया तो पता चला कि अवैध कॉलोनियों का सर्वे करीब वर्ष 2016 से नही हुआ है, जिसमें वर्ष 2016 तक करीब 41 कॉलोनियां अवैध थी, जिन पर धडल्ले से सस्ती जमीन खरीदकर प्लाटिंग की जा रही है। वही वर्ष 2016 के बाद से इनका सर्वे नही ऋकिया गया है, जिसमें इनकी संख्या करीब 71 से अधिक हो गई है। इसके साथ ही इनसे ज्यादा कॉलोनियां ग्रामीण क्षेत्र में काट दी गई है। जिसमें खेती की सस्ती और आदिवासियों की जमीनें खरीदकर प्लाटिंग का कारोबार धडल्ले से किया जा रहा है।

गौरतलब है कि जैसे ही कोर्ट द्वारा विहारी जू मंदिर की जमीन की रजिस्ट्री खारिज कर सभी नामांतरण निसस्त किए है, और मंदिर की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाया है। जिसके बाद से प्रशासन हरकत में आया है और सभी अवैध कॉलोनियों के निर्माण की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही थी। जिससे टीकमगढ़ में अवैध कॉलोनी के विकास को रोकने के लिए प्रशासन ने आज सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गुरुवार को एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर 33 कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किया है। इन कॉलोनाइजरों ने कृषि भूमि का इस्तेमाल आवासीय प्लॉट के रूप में किया है। यह मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 का उल्लंघन है। कॉलोनाइजरों ने न तो अपना रजिस्ट्रीकरण कराया है और न ही कॉलोनी विकास की अनुमति ली है। प्रशासन ने सभी कॉलोनाइजरों को 11 जून 2025 तक कॉलोनी विकास से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें प्रशासन की ओर से इन लोगों को नोटिस जारी किए गऐ है। उनमें नंदकिशोर पिता छक्की लाल राय, आदेश पिता मुन्नालाल अग्रवाल, राजकुमार पिता बाबूलाल सोनी, जयप्रकाश पिता नरेश जयसबाल, श्रीबांके बिहारी इंफ ारियल पार्टनर हर्षवर्धन पिता रामप्रसाद यादव, हर्षवर्धन पिता रामप्रसाद यादव टीकमगढ़ किला, बृजेश कुमार पिता पुरुषोत्तम रावत, जय महाकाल ग्रुप रविकांत पिता मठोले साहू, डॉ0 सर एम विश्वेसरैया इंजी0 गृह निर्माण समिति अध्यक्ष, देवेन्द्र पिता आशाराम शुक्ला, पार्वती पुत्री भरोसा अहिरवार, शफ ी मुहम्मद पिता नत्थू खां, काशीराम पिता भैयालाल कुम्हार, महबूब, रफ ीक, रहीश पिता करीम खां, आदिश पिता अभिनंदन जैन, अच्छेलाल, प्यारेलाल, हरिराम, जगदीश, महेश, रूपेश पिता भगवानदास, सुरेश कुमार पिता काशीराम यादव, संतोष, वीरेंद्र उर्फ वीरू पुत्रगण सुंदरचंद्र अहिरवार, शिव डेवलपर्स अभिनय पिता आनंद चौबे, नितिन पिता हरिमोहन अग्रवाल, राजाराम पिता मनीराम राय, जयराम पिता जगन्नाथ यादव, स्वामी, बुददा, मनका, घनश्याम, काशीराम पिता कम्मोदा अहिरवार, नरेन्द्र कुमार पिता आरके जैन, नरेन्द्र कुमार पिता राजकुमार जैन, विकास पिता कैलाश चौधरी, सुखलाल पिता हिरउ वा अहिरवार, बल्देव पिता धनु प्रजापति, मकुन्दी पिता रमला अहिरवार, रामपाल पिता भगोने यादव, स्वामी, प्यारेलाल, रमेश, जुगलाल पिता गंगा अहिरवार, जिनेन्द्र कुमार पिता रामचरन अहिरवार, राजेश,रामचरन, बालमुकुन्द, जगदीश पिता लक्ष्मन प्रजापति, राजेन्द्र कुमार पिता गोकलचंद्र जैन, अब्दुल जाहिद पिता अब्दुल बाहिद, सुधीर कुमार, कृष्ण कुमार प्रदीप पिता हरीनारायण विश्वकर्मा, स्वामी प्रसाद पिता जगन्नाथ कुशवाहा, संजय पिता रामस्वरूप दीक्षित, रज्जाक, रियाज, कल्लू उर्फ गफ्फार खान पिता सुबराती खान, हल्लू पिता रामला अहिरवार निवासी टीकमगढ़ को नोटिस जारी किया गया है।

अभी नवीन विकसित हो रही अवैध कॉलोनाईजरों को नोटिस जारी किए गए है। कुछ लोगों को पहले नोटिस जारी किया गया था। जिन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। जिसके बाद कार्रवाई की जाऐगी। वही उन्होंने बताया कि कॉलोनी विकसित करने के लिए कॉलोनाईजर का रजिस्टेशन, सक्षम अधिकारी की अनुमति, डायवर्सन, टीएनसीपी से लेआउट, ईडब्ल्यूएस एवं एनआईजी ग्रुप के लिए भूखण्डों का रिजर्वेशन, रेरा में रजिस्ट्रेशन सहित अन्य नियम होतें है। जिनके होने के बाद कॉलोनी वैध मानी जाती है।

**लोकेन्द्र सिंह सरल**
**एसडीएम टीकमगढ़**

# दैनिक जागरण की खबर का हुआ असर, नाले पर बनी दुकान पर चला नपा का बुल्डोजर



नालों -नालियों पर अतिक्रमण, सीएमओ बोले नोटिस जारी कर होगी कार्यवाही

टीकमगढ़ । नगर में आज भी कई शासकीय नाले नालिया दुकानों के नीचे छुपे हुए है यह हम नहीं बल्कि तस्वीरें खुद बया कर रही है। नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या पुरानी है नगर के मार्केट में अतिक्रमण होने से जाम की स्थिति निर्मित होती है तो वही अब अतिक्रमण सुरसा के

**टीकमगढ़।** बीते दिनों दैनिक जागरण ने नाले नालियों पर अतिक्रमण की खबर को प्रमुखता से दिखाया था। अतिक्रमण को लेकर नपा सीएमओ से बात की गई थी उनका कहना था वह नाले नालियों की सूची तैयार कर नोटिक जारी करेंगे और इसके बाद नाले नालियों पर किए गए अवैध निर्माण पर कार्यवाहियां की जाएगी। खबर को दैनिक जागरण ने प्रकाशित किया था। जिसके बाद कटरा बाजार में नाले के ऊपर बनी पक्की दुकान को जेसीबी से तोड़ा दिया गया हैं।गया। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने कहा कि नालों पर किए गए सभी अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाएगा। नगर पालिका के द्वारा बारिश के मौसम से पहले नालों और नालियों की सफाई अभियान शुरू भी कर दिया गया है।



## नाले पर अतिक्रमण कनेक्टिविटी खत्म

नालों पर कब्जे के कारण जहां उनकी सफाई नहीं हो पा रही तो वहीं वारिश में नाले नालियों का पानी सड़कों पर आ रहा कही न कही नालों की आपस में कनेक्टिविटी भी खत्म सी हो गई है। कनेक्टिविटी के अभाव में नाले उफनते रहते हैं और उसका पानी सड़क पर भर जाता है। वहीं लोगों का कहना है कि अभी कुछ नालों पर अतिक्रमण है जब तक स्थायी कब्जे नहीं हटेंगे तब तक निराकरण नहीं मिलेगा क्योंकि उसकी बेहतर सफाई नहीं हो सकेगी।

# पन्ना जिले के उत्तर वन मंडल परिक्षेत्र में बाघिन की मौत

## जिले में लगातार वन प्राणियों की मौत का सिलसिला जारी



**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में वन्य प्राणियों के मौत का सिलसिला थमने का का नाम नहीं ले रहा। उत्तर वन मंडल के देवेंद्रनगर वन परिक्षेत्र में एक बाघिन का शव मिला है। इस माह अब तक यहां दो तेंदुओं व एक भालू की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। परिक्षेत्र अधिकारी मनोज सिंह बघेल ने बताया कि बाघिन का शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके की सर्चिंग की गई है, जहां अवैध गतिविधि के कोई संकेत नहीं मिले। उन्होंने बताया कि मृत बाघिन की मौत आपसी संघर्ष के चलते हुई है। बाघिन के सिर सहित कई जगह घाव हैं, जिससे पता चलता है कि टेरिटरी को लेकर आपसी संघर्ष हुआ है। मृत बाघिन की उम्र लगभग 9-10 साल है। बाघिन के शव का पोस्टमार्टम पन्ना टाइगर रिज़र्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। शव से सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के उपरांत बाघिन के शव को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। इस मौके पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि आज ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पन्ना के प्रवास पर आ रहे हैं। वे पन्ना में 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ विवाह सम्मेलन में भी शामिल हुए 131जोड़ों के विवाह संपन्न हुए ।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान जागरुकता रथ को विधायक एवं कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**जागरण बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश के कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने के लिए 29 मई से 12 जून तक विकशित कृषि सकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि उद्यानिकी पशुपालन एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त सहभागिता से क्रियान्वयन किया जाएगा। विकशित कृषि सकल्प अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर से सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह तथा जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह के द्वारा किसान रथ को हरी झण्डी दिखाकर गाव की ओर रवाना किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रसायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करना है। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करना है। इस अवसर पर सिंगरौली विधानभा के विधायक ने राम निवास शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत गाव मे बसता है और सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत का योगदान देने के बावजूद भी 70 प्रतिशत आबादी कृषि आधारित जीविका पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि किसानो को तकनीकी खेती एवं प्रकृतिक खेती की जानकारी को अभियान के माध्यम से किसानो तक पहुचाने का कार्य किया जायेंगा। साथ ही इस अभियान के माध्यम से हाईब्रिड बीजो और प्रकृतिक खाद का निर्माण कर किसानो के उत्पादनो की बढ़ोत्तरी के लिए सहयोग दिया जायेगा। वही कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसानो का उद्यमी बनाने का बेहतरीन पहल है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जायेगा जिले के सभी किसानो के पास पहुचकर उन्हे फसल विविधिकरण के बारे में अवगत कराया जायें। इस दौरान जेडीए केएस नेताम उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय उप संचालक उद्यानिकी एचएल निमोरिया वरिष्ट कृषि वैज्ञानिक डॉ.जय सिंह समाजसेवी विनोद चौबे बिरेन्द्र पाठक सहित किसान उपस्थित रहे।

# अदाणी फाउंडेशन द्वारा चिकित्सा उपकरणों के वितरण कार्यक्रम आयोजित

## स्थानीय लोगों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने में मिलेगी मदद



**जागरण बैढ़न।** सरई तहसील अन्तर्गत पेड़ताली एवं आमडांड़ गांव में अदाणी फाउंडेशन के द्वारा शासकीय उप.स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों को निःशुल्क चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हों ताकि जरूरतमंदों विकलांगों या कम आय वाले व्यक्तियों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हो सके। इसके अन्तर्गत हीमोग्लोबिन टेस्ट किट डिजिटल बीपी मशीन एवं वजन माप की मशीन इत्यादि वितरित किये गए। स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य देखभाल और समपर चिकित्सा मिले इस उद्देश्य से चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया गया और इस कार्यक्रम में बैढ़न प्रखंड के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पंकज सिंह स्वास्थ्य विभाग के प्रोग्राम मैनेजर सुधांशु मिश्रा सुनील शाह की उपस्थिति में करीब 100 स्थानीय महिलाओं एवं ग्रामीणों को आम स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं एवं उसके उपचार के सम्बन्ध में बताया गया। उपस्थित मेडिकल की टीम द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए उपयोगी सुझाव साझा किए गए साथ ही उन्होंने अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय लोगों के लिए बेहतर स्वस्थ्य सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना कीए जैसे आंगनवाड़ी केंद्र का जीर्णोद्धार उप स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री का निर्माण और सोलर लाइट लगाना। इस मौके पर भलया टोला पंचायत के वार्ड सदस्य राय सिंह बैगा स्थानीय ग्रामीणों एवं अदाणी समूह के कई अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। उल्लेखनीय है कि सुलियरी एवं धिरौली प्रोजेक्ट के आसपास के गावों में आगे भी अदाणी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा उपकरणों का वितरण कार्यक्रम जारी रहेगा जो लोगों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने और अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने के लिए सशक्त बनाते हैं। ये कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंच बढ़ाते हैं जिनके पास निजी स्वास्थ्य सेवा या उपकरण के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है। गौरतलब है कि इससे बासी बेरदहा आमडांड़ अमरईखोह फाटपानी भलया टोला एवं बजौड़ी जैसे गांवों के सैकड़ों जरूरतमंद लोग लाभान्वित होंगे। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समय.समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाता है। आयोजित शिविरों में आम मरीजों के स्वास्थ्य जांच के अलावा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी जाती है। इस माध्यम से स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता पैदा करना चाहती है और वैसे जरूरतमंदों की मदद करना चाहती है जो संसाधन के अभाव में सुदूर गांवों से निकलकर समय पर अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं ताकि काफी संख्या में स्थानीय किशोरियां महिलाएं बच्चे और आमलोग लाभान्वित हो सकें।

# जिले में 1 जून से 26 जून तक चलेगा नशामुक्ति अभियान

**जागरण बैढ़न।** जिले में मद्यपान तथा मादक पदार्थो नशीली दवाईयां शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामो से समाज युवाओं को अवगत कराने नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मद्यपान मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा छात्र.छात्राओं आमजन को अवगत कराकर उनमें जागरूकता लाने हेतु राज्यों जिलों और शैक्षणिक संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। इसी अनुक्रम में इस वर्ष भी नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 26 जून अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर 1 जून से 26 जून तक मद्यपान मादक पदार्थ एवं उनके दव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा छात्र.छात्राओं आमजन को अवगत कराकर उनमें जागरुकता लाने हेतु अभियान चलाया जायेंगा।

**Delhi Public School Nigahi**
एन सी एल NCL
*(Under the aegis of The Delhi Public School Society)*
(CBSE Affiliation No. 1030126)
P.O. NIGAHI, DIST :SINGRAULI (MP) 486884

The School requires :
1. TGT – English, Hindi, Maths, Science, Social Science & Computers
2. PRT - (All subjects)
3. PRT – Pre Primary Classes
4. Counselor & Wellness Teacher
5. LDC
6. Support Staff (Class IV) – Peon & Ayah

Note : Prescribed Application should reach us on or before 14th June 2025.
For details and 'Application Form' visit website : www.dpsnigahi.org
PRINCIPAL

बधाई.... शुभकामनाएं.... आभार....
**मकरध्वज सिंह (मंगल सिंह)**
नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बरगवां
भाजपा मंडल बरगवां से समाजसेवी मकरध्वज सिंह ( मंगल सिंह ) को मण्डल अध्यक्ष बनाये जानें पर



हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनायें..
एवं
भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति कोटिशः आभार
सौजन्य- समस्त कार्यकर्ता भाजपा मण्डल बरगवां

महिला सशक्तिकरण पर विशेष

इम्पैक्ट फीचर

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश

# नारी उत्थान की मिसाल बने ग्रामीण स्वसहायता समूह

भारतीय संस्कृति में नारी को सदा ही शक्ति, विद्या और सृजन का प्रतीक माना गया है। भारतीय परंपरा का मूल यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः की अवधारणा है। हमारी प्राचीन सभ्यता में गार्गी, मैत्रेयी से रानी चैनम्मा, पुण्यश्लोका रानी अहिल्याबाई होल्कर और वीरांगना लक्ष्मीबाई जैसी नारियों ने न केवल समाज को दिशा दी, बल्कि अपने समय में नेतृत्व का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।





भारतीय संस्कृति में महिलाओं को हमेशा सम्मान और उच्च स्थान दिया गया है। वैदिक काल में वेदाध्ययन, राजनीति और धर्मशास्त्र में महिलाओं की भागीदारी देखी गई। देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और माँ दुर्गा के रूप में नारी को विद्या, समृद्धि और शक्ति का स्वरूप माना गया है। इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। आज की महिलाएँ सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और व्यापार में भारतीय महिलाओं ने अपनी सशक्त पहचान बनाई है। कल्पना चावला, पीटी ऊषा, पी.वी. सिंधु, किरण मजूमदार शॉ, फाल्गुनी नायर, साइना नेहवाल, एमसी मैरीकॉम और नंदिनी हरिनाथ जैसी महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों हासिल की हैं। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़कर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएँ चला रही है। इससे वे आत्मनिर्भर बन रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना और महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएँ प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएँ शुरू की गई। इनसे समाज में क्रांतिकारी बदलाव आया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना. मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला हेल्पलाइन एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाएँ महिलाओं के जीवन को बेहतर बना रही हैं। इसके अलावा, केन्द्र सरकार ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया है। हाल ही में संसद में महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया। इससे अब लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो महिला नेतृत्व को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। महिलाएँ आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। सरकार की नीतियों, योजनाओं और समाज के बदलते दृष्टिकोण ने महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। भारतीय संस्कृति में सदैव नारी को सम्मान मिला है। वर्तमान में केन्द्र सरकार की नीतियों से महिलाओं को और अधिक सशक्त बनने का अवसर मिल रहा है। अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प लें ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

### 62 लाख सदस्यों को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया

प्रदेश सरकार का महिला मिशन महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इस मिशन के तहत, महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर दिये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवार के लगभग 62 लाख सदस्यों को, लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है। इनमें से लगभग 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक अथवा करीब 10-12 हजार रुपये महीने तक पहुंची है। यह आंकडे मध्यप्रदेश में आर्थिक उन्नयन के प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं।

### समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसायों की शुरुआत

इस मिशन के तहत महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर कई प्रकार के व्यवसायों की शुरुआत करने का अवसर मिला। इन व्यवसायों में स्कूली ड्रेस सिलाई, पोषण आहार का संचालन, टोल टैक्स बैरियर प्रबंधन, राशन की दुकानों का संचालन, जल प्रबंधन, पंचायतों में कर संग्रहण और सड़कों के रख-रखाव जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। मिशन के समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका के एक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन के साथ-साथ वित्तीय सहयोग भी दिया जा रहा है।

## सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की ओर एक कदम

महिला समूह सदस्यों ने पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का आगे बढकर लाभ लिया है। स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, बचत, बैंकिंग, डिजीटल लेन-देन, सुरक्षा बीमा आदि क्षेत्रों में उनके द्वारा न केवल स्वयं लाभ लिया गया है अपितु दूसरेलाभार्थियोंके लिए मददगार भी बनी है। घरेलू हिंसा में कमी, लिंग भेद में कमी लाने के प्रयास करना तथा अन्य शासकीय अभियानों, शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक विकास के मुद्दों तथा निगरानी में भागीदारी बढी है। विगत पंचायत निर्वाचन में प्रदेश में लगभग 17 हजार समूह सदस्य महिलायें पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि पदों पर निर्वाचित हुई हैं यह आंकडा बताता है कि विकास की मुख्यधारा से जुडकर जागरूक हुई महिलायें अपने सामाजिक, आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ राजनैतिक सशक्तीकरण की ओर भी तेजी से अग्रसर है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रहा है साथ ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ग्रामीण महिलाएं अब न केवल अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही हैं, बल्कि समाज और राजनीति में भी अपनी सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

### 89 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में किया गया है प्रशिक्षित

# ग्रामीण महिलाओं के समृद्धि की ओर बढ़ते कदम



प्रदेश सरकार का महिला मिशन महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इस मिशन के तहत, महिलाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर दिये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण परिवारों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवार के लगभग 62 लाख सदस्यों को, लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों से जोडा गया है। इनमें से लगभग 15 लाख परिवारों की सालाना आय न्यूनतम 1 लाख से अधिक अथवा करीब 10-12 हजार रुपये महीने तक पहुंची है। यह आंकडे मध्यप्रदेश में आर्थिक उन्नयन के प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं।

### ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर

आजीविका मिशन के तहत 79,634 ग्रामीण युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। डी.डी.यू.जी.के.वाई. और आरसेटी के माध्यम से इन युवाओं को रोजगारोन्मुखी और स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार आया है।

### आजीविका मार्ट और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना

आजीविका मार्ट, भोपाल द्वारा पिछले एक वर्ष में 9.73 करोड़ रुपये की बिक्री की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में स्थापित करने का एक सफल उदाहरण है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (क्करूस्नरूश्व) के तहत 1,217 समूह सदस्यों को 348.38 लाख रुपये का सीड कैपिटल अनुदान प्रदान किया गया है।

### नवीनतम तकनीकी और उद्योग आधारित आजीविका अवसर

स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना प्रारम्भ की गयी। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि प्रयोजनों के लिए किसानों को ड्रोन किराए पर देने में सक्षम बनाती है नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के पत्तों पर छिड़काव के लिए ड्रोन का उपयोग से कृषि में उन्नत तकनीक की शुरुआत करती है। योजना मे इस वर्ष प्रदेश की 89 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, फर्टिलाइजर कंपनियों द्वारा ड्रोन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जो कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीकी का उपयोग बढ़ा रहे हैं।

### समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसायों की शुरुआत

इस मिशन के तहत महिलाओं को स्व सहायता समूह बनाकर कई प्रकार के व्यवसायों की शुरुआत करने का अवसर मिला। इन व्यवसायों में स्कूली ड्रेस सिलाई, पोषण आहार का संचालन, टोल टैक्स बैरियर प्रबंधन, राशन की दुकानों का संचालन, जल प्रबंधन, पंचायतों में कर संग्रहण और सड़कों के रख-रखाव जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। मिशन के समूहों से जुड़े परिवारों को आजीविका के एक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन के साथ-साथ वित्तीय सहयोग भी दिया जा रहा है। विगत एक वर्ष में मिशन के अंतर्गत 48,655 महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही 479 ग्राम संगठन (व्ही.ओ.) और 35 संकुल स्तरीय संगठन (सी.एल.एफ) स्थापित किए गए हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान दे रहे हैं। मिशन ने 21,860 स्व-सहायता समूहों को कुल 43.57 करोड़ रुपये परिक्रामी निधि (रिवाल्विंग फण्ड) और 14,657 समूहों को 129.92 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) प्रदान की है। इसके अलावा, विभिन्न बैंकों से 1,38,192 समूहों को 3,115 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है, जो इन समूहों के आर्थिक विकास में सहायक बन रहा है।

D-16021/25



## आईपीएल क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु ने पंजाब को 60 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया, किंग्स के पास अभी एक ओर मौका

# बड़ी जीत के साथ आरसीबी चौथी बार फाइनल में

**मुल्लांपुर, जेएनएन**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (नाबाद 56 रन) के अर्धशतक से गुरुवार को आईपीएल के पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स को 10 ओवर रहते आठ विकेट से हराकर तीन जून को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। आईपीएल प्लेऑफ में यह बची हुई गेंद (60 गेंद) के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2024 के क्वालिफायर-1 में केकेआर ने 57 गेंद शेष रहते हैदराबाद को शिकस्त दी थी।

वहीं 2024 के फाइनल में कोलकाता ने हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते खिताब अपने नाम किया था। आरसीबी चौथी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है। इससे टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंची थी। पंजाब हारने के बावजूद फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा जो दूसरे क्वालिफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर समेट दिया। फिर सॉल्ट ने विराट कोहली (12) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 30 रन और मयंक अग्रवाल (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 54 रन जोड़कर आरसीबी को 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने पारी की दूसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह पर चौका जड़ा और अगले ओवर में काइल जैमीसन की गेंद को सीमारेखा के पार कराया। पंजाब को अपने अति-आक्रामक रवैये का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें मार्कस स्टाइनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड (21 रन देकर तीन विकेट), भुवनेश्वर कुमार (17 रन देकर एक विकेट) और यश दयाल (26 रन देकर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने पिच का पूरा फायदा उठाया जिसके बाद लेग स्पिनर सुयश शर्मा (17 रन देकर तीन विकेट) ने घरेलू टीम के लिए मुश्किल खड़ी की। पंजाब किंग्स 2014 के बाद अपने पहले प्लेऑफ मुकाबले में खेल रही है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के दूसरे ही ओवर में आउट होने से पंजाब किंग्स के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और 15वें ओवर तक पूरी टीम पवेलियन में थी। प्रियांश गेंद को ड्राइव करने के प्रयास में दयाल की गेंद पर कवर पर कैच आउट हुए और उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह (10 गेंद में 18 रन) अगले ओवर में भुवनेश्वर को विकेट दे बैठे। प्रभसिमरन दो चौके जड़ने के बाद तीसरी गेंद को स्वीप करने के लिए आगे बढ़े।




### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्स : 101/10 (14.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का. कुणाल बो. यश | 7 | 5 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन का. जितेश बो. भुवनेश्वर | 18 | 10 | 2 | 1 |
| इंग्लिस का. भुवनेश्वर बो. हेजलवुड | 4 | 7 | 0 | 0 |
| श्रेयस का. जितेश बो. हेजलवुड | 2 | 3 | 0 | 0 |
| नेहल वढेरा बो. यश | 8 | 10 | 1 | 0 |
| स्टायनिस बो. सुयश | 26 | 17 | 2 | 2 |
| शशांक सिंह बो. सुयश | 3 | 5 | 0 | 0 |
| मुशीर पगबाधा बो. सुयश | 0 | 3 | 0 | 0 |
| ओमरजई का. जितेश बो. हेजलवुड | 18 | 12 | 1 | 1 |
| हरप्रीत बरा बो. शेफर्ड | 4 | 11 | 0 | 0 |
| काइल जेमीसन नाबाद | 0 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 14.1 ओवर में 101 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन :** 1-9, 2-27, 3-30, 4-38, 5-50, 6-60, 7-60, 8-78, 9-97, 10-101, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 2-0-17-1, यश दयाल 4-0-26-2, जोश हेजलवुड 3.1-0-21-3, सुयश शर्मा 3-0-17-3, कुणाल पंड्या 1-0-10-0, शेफर्ड 1-0-5-1.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 106/2 (10 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट नाबाद | 56 | 27 | 6 | 3 |
| कोह्ली का. इंग्लिस बो. जेमीसन | 12 | 12 | 0 | 0 |
| अग्रवाल का. श्रेयस बो. मुशीर | 19 | 13 | 2 | 1 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 15 | 8 | 1 | 1 |


**अतिरिक्त :** 4, कुल : 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन, **विकेट पतन :** 1-30, 2-84, **गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 2-0-20-0, काइल जेमीसन 3-1-27-1, ओमरजाई 1-0-10-0, हरप्रीत बरार 2-0-18-0, मुशीर खान 2-0-27-1,

### मैदान से हटकर

## गर्लफ्रेंड के लिए फुटबॉलर ने प्रिंसेस के प्यार को ठुकराया

स्पेन के फुटबॉलर गावी इन दिनों अपनी लव लाइफ सुर्खियों में हैं। रिपोर्ट्स में कहा रहा है कि उन्होंने स्पेन की राजकुमारी लेओनोर को अपनी गर्लफ्रेंड के लिए रिजेक्ट कर दिया। इसके बाद से ही गावी के साथ उनकी लेडी लव पर सबकी नजरें टिक गईं। अब इन खबरों में कितनी सच्चाई है, ये तो वही जानते होंगे। लेकिन, बताया जा रहा है कि गावी और प्रिंसेस के बीच कुछ मुलाकातें हुई थीं और राजकुमारी ने उन्हें डेट करने का प्रस्ताव दिया। लेकिन, गावी ने उसे ठुकरा दिया। जिसके बाद वह अपने एक मैच के दौरान गर्लफ्रेंड एना पेलायो के साथ नजर आए। जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। वीडियो में वह उन्हें सरेआम गले लगाकर किस करते नजर आए। अब दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर ज्यादा कुछ तो नहीं कहा है, लेकिन राजकुमारी और एना को लेकर लोग बातें करने लगे हैं। वहीं, एना की खूबसूरती और स्टाइल भी सबका ध्यान खींच ले गया। जिनकी हर तस्वीर साबित करती है कि वह बहुत स्टाइलिश हैं। एना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और उनका हर तस्वीर में ग्लैमरल रूप देखने को मिला। गावी बार्सिलोना के लिए भी खेलते हैं। (जेएनएन)







# एलिमिनेटर में कभी नहीं जीती मुंबई, टाइटंस से मिलेगी चुनौती

**जेएनएन, मुल्लांपुर**

खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस शुक्रवार को आईपीएल एलिमिनेटर में पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी, जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालिफायर में खेलने का मौका मिलेगा। खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही।

टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्लेऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने कभी भी एलिमिनेटर खेलने के बाद फाइनल में जगह नहीं बनाई है। उन्होंने इससे पहले चार एलिमिनेटर मैच खेले हैं, जिनमें से दो जीते (2011, 2023) और दो हारे (2012, 2014)। हालांकि जीतने के बाद भी वे क्वालिफायर-2 में हार गए, जिससे चारों मौकों पर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। ऐसे भी गुजरात की टीम मुंबई पर एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त रखती है। गुजरात का मुंबई के खिलाफ ओवरऑल हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 5-2 का है, जिसमें उन्होंने इस सीजन में मुंबई को दो बार हराया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गुजरात ने आईपीएल 2023 में अहमदाबाद में क्वालिफायर 2 में भी मुंबई को बाहर कर दिया था। मुंबई लीग स्टेज में अन्य तीन क्वालिफाई करने वाली टीमों (पंजाब, आरसीबी और गुजरात) से हार चुकी हैं।





### हार्दिक की मुंबई का सामना आज गिल की गुजरात से, मैच शाम 7:30 बजे से

#### संभावित प्लेइंग 12

**गुजरात टाइटंस :** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, गेराल्ड कोएत्जी, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, चरिथ असलंका/बेवन जैकब्स, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, अश्विनी कुमार/कर्ण शर्मा।

### सूर्यकुमार बनाम गिल

एलिमिनेटर मुकाबले में दो धाकड़ बल्लेबाज आमने-सामने हैं - सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल। मुंबई के लिए सूर्या ने इस सीजन में 71.1 की औसत और 168 की स्ट्राइक रेट से 640 रन बनाकर टीम की रीढ़ साबित हुए हैं, जिसमें लगातार 14 पारियों में 25+ स्कोर शामिल हैं। गुजरात के खिलाफ उनका औसत 56.6 और स्ट्राइक रेट 175 का है। दूसरी ओर, गिल भी पीछे नहीं हैं। इस सीजन उन्होंने 54.08 की औसत और 156 की स्ट्राइक रेट से 649 रन बनाए हैं और मुंबई के खिलाफ उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली रहा है - औसत 37.2 और स्ट्राइक रेट 142। 2023 के क्वालिफायर-2 में गिल ने मुंबई के खिलाफ 129(60) रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

### गुजरात की सफलता का राज

गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी आईपीएल 2025 की सबसे स्थाई और विस्फोटक ओपनिंग पार्टनरशिप बन चुकी है। दोनों ने 14 पारियों में मिलकर 909 रन बनाए हैं, 69.9 की औसत और 160 की स्ट्राइक रेट के साथ। आईपीएल में सुदर्शन और गिल की जोड़ी अब तक की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली जोड़ी से सिर्फ 31 रन दूर है। अगर वे ये रन बना लेते हैं, तो विराट कोहली और एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। 600+ रन बनाने वाली जोड़ियों में इनका औसत (66.3) भी सबसे बेहतर है,"।

## लायंस के खिलाफ इंग्लैंड के हालात समझने उतरेंगे भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

### पहला अनधिकृत टेस्ट आज से, मैच दोपहर 2:30 बजे से

**कैंटरबरी (इंग्लैंड), जेएनएन।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी समेत कई प्रमुख टेस्ट क्रिकेटर इंग्लैंड के हालात में ढलने की कोशिश करेंगे, जब भारत-ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट खेलेगी। यह मैच दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। जायसवाल और नीतीश के अलावा भारत-ए टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करुण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से लीड्स पर शुरू होगी। करुण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत के लिए एक बल्लेबाज चाहिए। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिए भी बल्लेबाज चाहिए। ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं। वह कई मौकों पर पहले भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे लेकिन चूक गए। अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं। चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं, तो वह तीसरे नंबर पर और नए कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करूण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं, जिन्होंने 2023-24 सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं। इंग्लैंड में नॉर्थम्पटनशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेल चुके करूण को यहां के हालात का अच्छा अनुभव है।



**टीमें: भारत-एः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रितुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे ।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, रेहान अहमद, सोनी बेकर, जोर्डन कॉक्स, रॉकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, जोश हुल, एडी जैक, बेन मैकिनी, डान माउसली, अजीत सिंह डेल, क्रिस वोक्स, मैक्स होल्डन।

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर

**सिंगापुर, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21, 21-16, 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया।



## वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने 19वें जन्मदिन पर नाकामूरा को हराकर वापसी की, अर्जुन हारे

**स्टेवेंगर (नॉर्वे), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने 19वें जन्मदिन के मौके पर तीसरे दौर में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को हराकर अपने अंकों का खाता खोला, जबकि नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुरुवार को अर्जुन एरिगेसी को पहली हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले गुकेश ने रेपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामूरा को समय के दबाव में रखा और 42 चाल में बाजी जीतकर तीन अंक जुटाए। गुकेश सफेद मोहरों से खेलते हुए छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके तीन अंक के साथ चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी से आगे पांचवें स्थान पर हैं। अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया। करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।



## अरेरा प्रीमियर लीग:होमी और वैष्णवी के अर्धशतक से रोहित हाउस की एकतरफा जीत

**भोपाल, खेप्र।** रोहित शर्मा हाउस ने गुरुवार को अरेरा प्रीमियर लीग अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह को छह विकेट से एकतरफा शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर-16 एज ग्रुप में बुमराह हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 210 रन बनाए। टीम के लिए अर्णव सिंह पुंडीर (61) ने अर्धशतक जड़ा। अंजली राजपूत ने 38 और युवराज ने 16 रन का योगदान दिया। रोहित हाउस के मार्तंड पाल ने तीन और होमी सोलंकी ने 2 विकेट झटके। तीन बल्लेबाज रनआउट हुए। जवाब में रोहित हाउस ने 37.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। होमी सोलंकी ने 92 और वैष्णवी गुप्ता ने 67 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आरुष दुबे ने 20 और कप्तान श्रेया दीक्षित ने नाबाद 15 रन बनाए। बुमराह हाउस के अर्णव ने 2 विकेट झटके। तेजस सिंह और मान्या भाटी ने 1-1 सफलता मिली। होमी और वैष्णवी को संयुक्त प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




### अयांश के दोहरे प्रदर्शन से जीता बाबा हाउस

भोपाल, खेप्र। प्लेयर ऑफ द मैच अयांश गुर्जर के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत बाबा हाउस ने इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में विमलेश हाउस को तीन विकेट से शिकस्त दी। वार्ड 58 बाबा यादव हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 152 रन बनाए। कप्तान आरुष गुप्ता ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वार्ड 44 विमलेश ठाकुर हाउस के अक्षत यादव ने तीन और अयांश गुर्जर ने दो विकेट लिए। जवाब में विमलेश हाउस ने सात विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। कप्तान नावेद अग्रवाल ने 37, अक्षत द्विवेदी ने 31 और अयांश गुर्जर ने 23 बनाए।



## एक्रोबेट स्पोर्ट्स क्लब के तैराकों ने जीते 25 स्वर्ण सहित 91 पदक



**भोपाल, खेप्र।** एक्रोबेट स्पोर्ट्स क्लब पुरषोत्तम गौर स्विमिंग पुल के तैराकों ने जिला तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 स्वर्ण सहित 91 पदक जीते। इसमें 30 रजत और 36 कांस्य पदक शामिल हैं। शहर के प्रकाश तरण पुष्कर में आयोजित इस प्रतियोगिता में एक्रोबेट स्पोर्ट्स क्लब के 38 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें से 28 खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। यह सभी खिलाड़ी क्लब के मुख्य कोच जोगिंदर प्रसाद से तैराकी की बारीकियां सीख रहे हैं। एक्रोबेट स्पोर्ट्स क्लब पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर के संचालक डॉ. संतोष कटियार, प्रतिक कटियार, प्रबंधक बृजभान सिंह धाकड़, ट्रेनर उदित महलवार और क्रिकेट कोच जेपी तिवारी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## चेल्सी गर्ल्स और टाइटंस का विजयी आगाज



**भोपाल, खेप्र।** अटैक ऑन टाइटंस और चेल्सी गर्ल्स ने खेलो भोपाल समर कैंप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार आगाज किया। शहर के टीटी नगर स्टेडियम में बालिका वर्ग के पहले मैच में अटैक ऑन टाइटंस ने ब्लू डेविल को 1-0 से शिकस्त दी। टाइटंस की लक्ष्मी ने एकमात्र गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। अन्य मैच में चेल्सी गर्ल्स ने प्राइम स्ट्राइकर को 2-0 से हराया। चेल्सी गर्ल्स के लिए अक्षिता यादव ने दोनों गोल दागे। वहीं अंडर-10 बेबी लीग में सुपर टाइटंस ने द स्टार बॉयज को 2-1 से परास्त किया। सुपर टाइटंस के लिए भव्य और अहमद ने एक-एक गोल दागा। वहीं द स्टार बॉयज के लिए एकमात्र गोल शिवांश ने किया। सुपरस्टार फुटबॉल क्लब ने विवान सुपर स्ट्राइकर को 1-0 से हराया। सुपरस्टार के लिए रूद्र ने गोल दागा।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 3 को मैहर व 5 जून को सतना में

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

### चोरहटा फीडर की सप्लाई आज प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 30 मई को 132 केव्ही उपकेन्द्र अमरपाटन में 63 एमव्हीए बीबीएल एक्समर डिफ्रेशियल रिले को बदले जाने हेतु मेंटीनेंस का कार्य किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें 33 केव्ही सतना फीडर को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चोरहटा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

Dr. Juneja's
पेट सफा ®
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa
www.divisastore.com

# प्रधानमंत्री 31 मई को करेंगे सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण

## सतना को मिलेगी हवाई उड़ान की सुविधा, विकास को मिलेगी रफ्तार

### मैहर वाली मां शारदा समेत श्रीराम तीर्थ चित्रकूट के लिए तीर्थ यात्री ले सकेंगे फ्लाइट

जागरण, सतना

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों सतना और दतिया को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली सतना और दतिया में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रारंभ से ही प्रदेश के प्रमुख शहरों को हवाई सुविधा से जोड़ने में जुटे हुये हैं। सतना और दतिया शहर धार्मिक, औद्योगिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहां एयरपोर्ट्स की सुविधा आ जाने से तीर्थ यात्रियों को दतिया की मां पीतांबरा पीठ, सतना की मैहर वाली मां शारदा और श्रीराम के वनवास के साक्षी चित्रकूट धाम पहुंचने के लिए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस सुविधा से तीर्थ यात्रा सुगम हो जाएगी, साथ ही दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।




### सतना एयरपोर्ट से विन्ध्य को मिलेगी नई पहचान

विन्ध्य क्षेत्र की औद्योगिक राजधानी सतना में भी नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एयरपोर्ट पूर्व निर्मित हवाई पट्टी का पुनर्निर्माण कर आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने निर्माण कार्य को रिकॉर्ड समय में 31 अक्टूबर 2024 को पूर्ण कर लिया था और डीजीसीए द्वारा 20 दिसंबर 2024 को लाइसेंस जारी कर दिया गया। इस एयरपोर्ट पर 12 सौ मीटर लंबा रनवे, 750 वर्गमीटर में निर्मित टर्मिनल बिल्डिंग, और एक समय में दो एयरक्राफ्ट पार्किंग की व्यवस्था है। यह एयरपोर्ट अब 19 सीटर विमानों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरपोर्ट में सभी आधुनिक सुविधाएं, एटीसी टावर, फायर स्टेशन, वीआईपी लाउंज, दिव्यांग और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं, ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, एम्बुलेंस और सुरक्षा व्यवस्थाएं, छोटे स्वरूप में उपलब्ध कराई गई हैं। यह एयरपोर्ट सतना ही नहीं, बल्कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र के उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ बनाएगा।

### सतना एयरपोर्ट लोकार्पण की स्थानीय तैयारियों की समीक्षा

**जागरण सतना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों दतिया और सतना को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण अवसर पर सतना एयरपोर्ट में स्थानीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट एथारिटी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकार्पण समारोह के स्थानीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर एयरपोर्ट में की जा रही बैठक व्यवस्था, पंडाल, पेयजल, सुरक्षा कार्यक्रम में आने वाले जनमानस के आवागमन, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सतना एयरपोर्ट पर स्थानीय कार्यक्रम 31 मई को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सतना एयरपोर्ट के किये जा रहे वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को प्रातः 11 बजे से बडी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा।

## पेवर्स व नाली निर्माण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन



**जागरण, सतना।** नगर निगम सतना द्वारा नगर में किए जा रहे निरन्तर विकास कार्यों के अनुक्रम में आज दिनांक 29 मई को वार्ड क्रमांक 29 अंतर्गत अटल नगर में लागत राशि 11.71 लाख रुपए का नाली निर्माण कार्य एवं लागत राशि 21.5 लाख रुपए का सामुदायिक भवन बाउंड्री के अंदर फिलिंग व पेबर्स कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर योगेश ताम्रकार, महापौर नगर पालिक निगम सतना स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि, गोपी गेलानी, श्रीमती रानी बालकृष्ण शुक्ला, ओमप्रकाश पटेरिया, बीएल पाण्डेय, बालकृष्ण शुक्ला, आरपीसिंह कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी सहायक यंत्री, सुश्री सुहालिया अंसारी सहायक यंत्री नगर पालिक निगम सतना एवं बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्था सुधारने सीएसपी ने किया पैदल भ्रमण

**ज्वाईन करते ही दलबल के साथ निकले शहर भ्रमण पर**



**जागरण, सतना।** शहर की यातायात व्यवस्था पर फोकस करते हुये नवागत सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने गुरूवार की शाम शहर में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी एवं पुलिस बल भी मौजूद रहा। जानकारी के मुताबिक सीएसपी श्री चौहान ने सिटी कोतवाली चौक पन्नी लाल चौक, बिहारी चौक, जय स्तंभ चौक, में पैदल भ्रमण कर सड़क पर अनावश्यक खडे लोगो से पूछताछ की। दुकान दारो को समझाईस देते हुये कहा कि सामान सडक पर फैलाकर न रखे क्योंकि इससे आवागवन वाधित होता है।

**मॉ शारदा के दर्शन के पश्चात किया ज्वाईन :** सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने मैहर पहुचकर पहले मॉ शारदा का आर्शीवाद लिया इसके बाद सतना पहुचकर उन्होने सीएसपी का पदभार सम्हाला। उल्लेखनीय है कि श्री चौहान तेज तर्रार और निश्पक्ष कार्यशैली के लिए जाने जाते है।

## ढाबा संचालक को चोरी से डीजल पेट्रोल बेचने व खरीदने वाले पर अपराध दर्ज



**जागरण, सतना।** मालिक की अनुमति के बगैर डीजल पेट्रोल टैंकर से चोरी कर ढाबा संचालक को बेचने और खरीदने वाले के विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर झुकेही चौकी प्रभारी द्वारा की गई है।

**ये है मामला :** पुलिस ने बताया कि 28 मई को चौकी प्रभारी संतोष उलाडी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एनएच 30 पत्थरहा में स्थित बाबूजी ढाबा में अवैध डीजल बिक्री करने हेतु रखा है। एवं ढाबा से डीजल पेट्रोल का एक ट्रक एमपी 19 एचए 6787 से पेट्रोल निकाला जा रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने टैंकर चालक विनोद यादव को पाईप से डीजल निकालते पकड लिया। पूछताछ कर उसने बताया कि टैंकर को सहपुरा भिटोनी जबलपुर इंडियन आयल की डीपो से लोड कर धर्मेन्द्र सिंह के पेट्रोल पम्प में डीजल खाली करने के लिए मालिक को बताये बिना 30 लीटर डीजल चोरी कर ढाबा संचालक अमर सिहोरे को बेचा है। पुलिस ने ढाबा में चेकिंग की तो एक कमरो में रखे 5 ड्रामो में 770 लीटर डीजल जिसकी कीमत 71 हजार 610 रूपये बताई गई है। डीजल जप्त कर उसे सील बंद किया गया है। पुलिस ने अमर सिहोरे स्व. रामगोपाल सिहोरे उम्र 35 साल निवासी सभागंज थाना अमदरा जिला मैहर एवं विनोद यादव पिता गोरेलाल यादव उम्र 30 साल निवासी घुंचिहाई थाना कोलगवां के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

## सतना को मिली एक और ट्रेन, रेल मंत्री का सांसद ने जताया आभार



**सतना।** लंबे अर्से के बाद सतना को रेलवे की सौगात मिली है और एक नई गाड़ी रेलवे ने रीवा सतना को दी है जो रीवा से पूणे के लिए चलेगी। इस सौगात के लिए सतना सांसद गणेश सिंह ने रेल मंत्री का आभार जताया है। बता दें कि बीते दिनों केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर सांसद ने कई मांग सतना को लेकर रखी थी जिसमें वर्ल्ड क्लॉस सतना रेलवे स्टेशन के काम को गति देने तो कैमा माल गोदाम की शिफ्टिंग में गति लाने के साथ सतना से दो ट्रेन की मांग रखी थी। जिसमें रीवा.सतना से पुणे के लिए डायरेक्ट ट्रेन तो कई गाडियों का पुनरू ठहराव मांगा है जिसमें रीवा सतना वाया जबलपुर होकर पुणेतक के लिए रेलवे ने ट्रेन चलाने की मंजूरी दे दी हैं। सांसद ने केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि सतना को लेकर उनकी अन्य मांगों को भी जल्द मंजूरी दिलाई जाए।

## कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस ने 9 स्थाई एवं 14 गिरफ्तारी वारंट तामील किया



**जागरण, सतना।** अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु मैहर पुलिस ने नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जिसमें 9 स्थाई एवं 14 गिरफ्तार वारंट तामील किये गये। पुलिस ने 17 निगरानी बदमाश 22 गुंडा बदमाश एवम जेल से रिहा 06 अपराधियों को किया गया चैक भविष्य में अपराध एवम आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की दी समझाइश। 15 वर्ष से फरार स्थाई वॉरंटी विजय चौधरी गस्त के दौरान आया पुलिस की गिरफ्त में। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में 28 की 29 मई की दरम्यानी रात्रि जिला मैहर के समस्त थाना क्षेत्रों में नाईट कांबिंग गस्त का अयोजन किया गया था। कॉम्बिंग गस्त के दौरान जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी द्वारा अधिक से अधिक पुलिस बल के साथ लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों, वारंटियों की गिरफ्तारी, निगरानी गुंडा बदमाशों की चैकिंग, होटल ढाबा लॉज एवम जेल से रिहा अपराधियों की चैकिंग हेतु संपूर्ण जिले में कांबिंग गस्त की गई। कांबिंग गस्त के दौरान लंबे समय से फरार कुल 23 वारंट तामील कराए गए जिसमे 09 स्थाई एवम 14 गिरफ्तारी वॉरंट शामिल हैं। महिला से छेडछाड के वर्ष 2010 के प्रकरण का स्थाई वॉरंटी विजय चौधरी निवासी बंशीपुर, मैहर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गस्त के दौरान 17 निगरानी बदमाश, 22 गुंडा बदमाश एवम जेल से रिहा 06 अपराधियों को चैक किया गया एवं उन्हे भविष्य में अपराध एवम आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। होटल ढाबा एवम सार्वजानिक स्थानों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगों संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व उन्हे बिना काम के रात्रि में अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी गई।

### सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ

**सतना।** सतना और मैहर जिले के सभी विकासखण्डों में गुरूवार से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खरीफसीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत रखते हुये अभियान का संचालन 12 जून तक किया जायेगा।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
वेंटिलेटर एवं Bipap
24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गवर्नमेंट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com